रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹71800 10 ग्राम
₹92000 01 किलो
सेंसेक्स 81,748.57 -384.55
डॉलर 84.905 +0.096

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष कृष्णा पक्ष 02, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 17 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 312, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 दिल्ली में प्रदूषण से बढ़ती जा रही...



## मुख्यमंत्री ने महाकाल के दरबार में की विशेष पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित बाबा महाकाल के दरबार में विशेष पूजा-अर्चना की। साथ ही, समस्त झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की मंगल कामना की।

# जनजातीय होमस्टे में नए निर्माण के लिए प्रति इकाई पांच लाख रुपये की व्यवस्था

### पर्यटन मंत्री ने लोस में सांसद वीडी राम के प्रश्न का दिया जवाब

नवीन मेल डेस्क



**रांची/नई दिल्ली।** लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान सोमवार को सांसद विष्णु दयाल राम ने पर्यटन मंत्रालय से झारखंड में जनजातीय पर्यटन और एथनिक टूरिज्म को बढ़ावा देने से संबंधित मामले को पूछा। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने की प्राथमिक जवाबदेही राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों की है। केंद्र सरकार के जरिये स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजनाओं के तहत उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा, मैं यह जानना चाहता हूं कि 30.44 करोड़ रुपये की राशि झारखंड को स्वदेश दर्शन योजनाओं के तहत इको सर्किट विकसित करने के लिए आवंटित की गई थी, क्या वह राशि पूरी तरह से उपयोग में लाई गई। यदि पूरी तरह से उपयोग में नहीं लाई गई, तो क्या कदम उठाए गए या उठाए जा रहे हैं, ताकि इस तरह की राशि का पूर्ण उपयोग हो और कम उपयोग के क्या कारण हैं और क्या कठिनाइयां हैं। केंद्र सरकार के जरिए 1000 होमस्टे स्वदेश दर्शन योजना के तहत पर्यटन क्षमता वाले गांवों में विकसित करने की पहल की गई है। ऐसे प्रस्तावित 1000 होमस्टे में झारखंड राज्य के लिए कितने प्रस्तावित हैं और उसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है। यदि ऐसा नहीं किया गया है, तो उसके कारण क्या हैं?

उपरोक्त प्रश्नों का जवाब देते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि उनका मंत्रालय अपने निरंतर किए जा रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में संवर्धनात्मक कार्यक्रमों, मेलों और महोत्सवों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों की सहायता, प्रदर्शनियों में भागीदारी, बेबसाइटों, सोशल मीडिया आदि पर प्रचार सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से झारखंड राज्य में जनजातीय और एथनिक पर्यटन के साथ-साथ देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के हिस्से के रूप में पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय होमस्टे विकसित करने की पहल को भी मंजूरी दी है। इस पहल में नए निर्माण के लिए प्रति इकाई पांच लाख रुपये, नवीकरण के लिए तीन लाख रुपये और ग्राम समुदाय की आवश्यकताओं के लिए पांच लाख रुपये की सहायता सहित 1000 होमस्टे का विकास शामिल है।

### हेमंत की व्यक्तिगत पेशी से छूट मामले की सुनवाई 16 जनवरी को

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन की अवहेलना से जुड़े केस में झारखंड हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी गई राहत बरकरार रखी है। अदालत ने सोमवार को इस मामले में सुनवाई करते हुए रांची की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में उन्हें व्यक्तिगत तौर पर हाजिर होने से आगामी 16 जनवरी तक छूट बरकरार रखने का आदेश दिया। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की बेंच ने इस मामले में पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान ईडी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। सोमवार तक ईडी ने जवाब दाखिल नहीं किया। अदालत ने एजेंसी को इसके लिए एक और मौका देते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी तय की है।

### झामुमो के केंद्रीय महासचिव विजय सिंह का दुमका में निधन

**दुमका।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार सिंह का सोमवार की सुबह निजी अस्पताल न्यू केयर, कुम्हारपाड़ा में निधन हो गया। कुछ दिनों से वे बीमार चल रहे थे। सिंह अधिवक्ता संघ दुमका के पूर्व अध्यक्ष सहित कई पदों पर रहते हुए उल्लेखनीय कार्य किए थे। वे मृदु भाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। उनके निधन पर कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

### भाजपा ने लोकसभा सांसदों के लिए की व्हिप जारी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल को लेकर देश में चल रही सियासत के बीच भाजपा ने अपने लोकसभा सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है। माना जा रहा है कि लोकसभा में मंगलवार को 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल पेश हो सकता है।

## जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो सहित तीन हिरासत में

# जेएसएससी का घेराव करने पहुंचे छात्रों पर पुलिस ने की लाठीचार्ज

- पुलिस ने छात्रों को रोकने की कोशिश की, नहीं माने तो दौड़ा-दौड़ाकर मारा
- जेएसएससी में चल रहा चयनित अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन रोके जाने का अभियान चलाने वाले छात्र सोमवार को जेएसएससी कार्यालय के बाहर दिनभर प्रदर्शन करते रहे। इन छात्रों पर पुलिस ने लाठियां बरसाईं। घेराव करने के लिए झारखंड के विभिन्न जिलों से छात्र एकत्रित हुए थे। उनकी अगुवाई झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के नेता देवेंद्र नाथ महतो कर रहे थे। घेराव करने जा रहे छात्रों को पहले पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन नहीं मानने पर उनपर लाठीचार्ज किया गया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर मारा। मौके पर छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो, मधु रजक और मनोज कुमार महतो को हिरासत में ले लिया गया।

ज्ञात हो कि जेएलकेएम सहित कई छात्र समूहों ने जेएसएससी की ओर से ली गई सीजीएल परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए सोमवार को घेराव और प्रदर्शन की घोषणा की थी। छात्रों के ऐलान को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने जेएसएससी दफ्तर और उसके आसपास के इलाके को पहले से छावनी में तब्दील कर दिया था। सोमवार को दिन में करीब 01:30 बजे छात्रों के एक समूह ने नामकुम सदाबहार चौक पर इकट्ठा होकर जेएसएससी दफ्तर की तरफ बढ़ने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोका। जेएलकेएम नेता देवेंद्र महतो प्रदर्शनकारी छात्रों की अगुआई कर रहे थे। छात्रों को रोकने के लिए पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कई छात्रों को चोटें भी आई हैं।

हजारों की संख्या में छात्र पहुंचे और परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे थे।

शेष पेज 11 पर

### जेएसएससी ने किया 430 छात्रों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

**रांची।** जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षाफल के आधार पर शॉर्ट लिस्टेड अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू कर दी। 20 दिसंबर तक 2,145 अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट की जांच होगी और इसके बाद रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए चुने गए अभ्यर्थियों की लिस्ट जारी की जाएगी। जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार ने बताया कि 430 छात्रों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया गया है। आगे भी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन जारी रहेगा। झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों में लगभग दो हजार पदों पर नियुक्ति के लिए जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 21-22 सितंबर को राज्य में 823 केंद्रों पर आयोजित हुई थी। परीक्षा में 3,04,769 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा संपन्न होने के दूसरे दिन से ही अभ्यर्थियों ने पेपर लीक और प्रश्न पत्रों में पिछले वर्षों की रद्द परीक्षाओं के प्रश्न बड़ी संख्या में दोहराए जाने के आरोपों को लेकर हंगामा किया था।

### डीसी और एसएसपी ने की संयुक्त प्रेसवार्ता, कहा

## विधि व्यवस्था प्रभावित करने पर कार्रवाई होगी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सोमवार को नामकुम सदाबहार चौक के पास प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर प्रशासन ने लाठीचार्ज की। इसे लेकर रांची डीसी और एसएसपी ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि 16 दिसंबर से जेएसएससी-सीजीएल के सफल उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया जाना था। उन्हें सूचना मिली कि कुछ उम्मीदवारों को उनका डॉक्यूमेंट फाड़ने और जेएसएससी कार्यालय में प्रदर्शन होने वाला है। इसे लेकर एसडीओ ने परिसर में धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी की। सोमवार को जिस वक्त डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कार्य चल रहा था, तब नामकुम बाजार से सदाबहार चौक तक 200 की संख्या में प्रदर्शनकारी पहुंचे थे। इनका नेतृत्व देवेंद्र महतो कर रहे थे। वहां मौजूद दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी द्वारा समझाने के बाद भी सड़क जाम और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए आ रहे छात्रों को प्रभावित कर रहे थे। इसके बाद प्रशासन ने हल्का बल प्रयोग किया। साथ ही, देवेंद्र महतो और उनके दो साथी मधु रजक और मनोज महतो को हिरासत में लिया गया। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि बल प्रयोग से पहले प्रदर्शनकारियों से गिरफ्तारी देने के बारे में पूछा गया, लेकिन उन्होंने हंगामा किया। उन्होंने बताया, पूर्व में जेएसएससी कार्यालय में जो प्रदर्शन हुआ था, उसमें भी इन प्रदर्शनकारियों की संलिप्ता की छानबीन की जा रही है। उन्होंने कहा कि तथ्य और साक्ष्य अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि कोई भी हिंसक प्रदर्शन नहीं करें।

**आमने-सामने**

### शांतिपूर्ण समाधान निकालने के बजाए लाठियां बरसाई गईं : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को रांची में हुई लाठीचार्ज की कठोर भर्त्सना की। उन्होंने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का विरोध करने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय और निंदनीय है। राज्य सरकार लाठी-डंडे से लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध का समाधान निकालने के बजाय लाठी और हिंसा के सहारे दमन करने की यह कोशिश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की छात्रों, बेरोजगारों के प्रति संवेदनहीनता को उजागर करता है। कहा कि आज लाठी केवल छात्रों पर नहीं चली है, बल्कि सरकार से न्याय की उम्मीद पर भी प्रहार है।

### राकेश सिन्हा ने कहा झारखंड सरकार को है राज्य के युवाओं की चिंता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के बयान पर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने पलटवार करते हुए कहा, अपने 17 साल के शासन काल में भारतीय जनता पार्टी ने एक भी नियुक्ति नहीं दी। उन्होंने कहा कि आज भी जेपीएससी के छात्र फंसे हुए हैं। भाजपा को अधिकार नहीं है कि वह झारखंड सरकार पर ऊंगली उठाए, क्योंकि आज भी राज्य सरकार युवाओं को नौकरी देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों पर हुई लाठीचार्ज की घटना पर कहा, कानून व्यवस्था किसी को भी अपने हाथों में लेने का अधिकार नहीं देती है। यदि कानून व्यवस्था भंग होगी, तो प्रशासन अपनी कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा, झारखंड सरकार युवाओं के लिए चिंतित है, इसलिए उन्होंने जांच की मांग की है।

**इंडिया**

# समय की मांग है पकड़ौआ शादी के मूल कारणों की समीक्षा की



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बिहार के पकड़ौआ विवाह का खूनी चेहरा एक चेतावनी है कि विवाह जबरन नहीं सर्वसम्मति से हो तो सभी को ख़ुशी देता है ।पर क्या मजबूरी है कि बिटिया की शादी बंदूक़ के बूते कराई जाती है ?भारतीय संस्कृति ही नहीं सभी धर्म-संप्रदायों में विवाह को बहुत ही पवित्र संस्कार माना जाता है,वैदिक संस्कृति में भी स्वयंवर से लेकर अनेक प्रकार के विवाहों को मान्यता मिली हुई है जिसमें प्रेम विवाह की तरह गंदर्भ विवाह की भी चर्चा है और सबसे खुशी वाले पलों से सजे पारंपरिक विवाह में सामाजिक रीति रिवाज इस तरह समाहित होते हैं कि पूरा परिवार ही नहीं समाज तक उसमें सम्मिलित हो जाता है, कुछ रीति रिवाज तो ऐसे भावपूर्ण होते हैं जिन्हें देखने के लिए परिजन वर्षों से दिन गिनते हैं और अतिथि घंटों की प्रतीक्षा करते हैं पर बिहार के एक विशेष प्रकार के विवाह ने समाज ही नहीं बल्कि पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है और 17 फरवरी की घटना ने नीति निर्धारकों के साथ देश को झकझोर कर रख दिया है और एक बार फिर पकड़ौआ विवाह चर्चा में आ गया है । 1970-80 में तिलक दहेज और राजसी ठाटबाट वाली शादियों से असमर्थ लोगों ने इसे कुप्रथा पर जबरन रोक के नाम पर बेगूसराय जिले में बढ़ाया था। पकड़ौआ विवाह असल में वो होता है जिसमें शादी के लायक संपन्न या नौकरी वाले लड़के का अपहरण किया जाता है और फिर डरा-धमकाकर जबरन उसकी शादी करवा दी जाती है।नवंबर 2023 में पटना हाईकोर्ट ने पकड़ौआ विवाह के एक मामले को रद्द कर दिया था । जस्टिस पीबी बजंथरी और अरुण कुमार झा की पीठ ने कहा था कि विवाह का पारंपरिक हिंदू रूप 'सप्तपर्व' और 'दत होम' के अभाव में वैध नहीं होता है। यदि सप्तपदी' पूरी नहीं हुई है, तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी नहीं माना जाएगा। हाईकोर्ट के सामने दायर याचिका में याचिकाकर्ता एक सैन्यकर्मी ने कहा कि बंदूक की नोक पर बिना किसी धार्मिक या आध्यात्मिक अनुष्ठान के उसे लड़की की मांग में सिंदूर भरने के लिए मजबूर किया गया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने आदेश पर रोक लगा दी है। हाल की दुखद घटना में पकड़ौआ शादी के बाद डेढ़ साल से लड़की अपने मायके में ही रह रही थी। जब लड़के के बड़े भाई की शादी की खबर लड़की के परिवार को हुई तो वे अपनी बेटी को लेकर उसके ससुराल पहुंचे,उन्हें लगा कि शायद अब उनकी बेटी के ससुराल वाले उसे अपना लेंगे। लेकिन लड़के के घर वालों ने लड़की को अपने यहां रखने से साफ इनकार कर दिया और बहस के दौरान लड़के के पिता ने लड़की, उसके पिता और भाई को गोली मार दी। 1970 के दशक में इस प्रकार की शादी की शुरुआत हुई थी तब शादी के बाद सामाजिक दबाव से वर के परिजन को वधू ले जाने के लिए राजी कर लिया जाता था। सामाजिक दबाव का इस्तेमाल करने के कारण पकड़ौआ शादी की सफलता का प्रतिशत 90 से भी ज्यादा था। दौर बदला और पकड़ौआ शादी की सफलता का प्रतिशत बढ़ता दिखा तो 1980 की दशक के बाद पकड़ौआ शादी का रूप बदलने लगा। दोस्तों व शुभचिंतकों की सहायता से पकड़ौआ शादी करने की परंपरा का व्यावसायीकरण होने लगा। कई गिरोह ने वर उठाने का काम शुरू कर दिया। धड़ल्ले से विभिन्न अपराधी गुट चिन्हित लड़के को उठाते थे तथा उनकी शादी मारपीट कर दी जाती थी। वधू पक्ष द्वारा चिन्हित लड़के को अपराधी गिरोह तमंचे की नोक पर अपहरण कर लेते थे तथा चिन्हित जगह पर अपहृत वर को पहुंचा दिया जाता था। और घर में जब शादी की रस्म शुरू होती थी तब उसे पता चलता था कि रात उसकी शादी है। 1985 के दौर में धीरे-धीरे पकड़ौआ विवाह ने पूरी तरह से व्यावसायिक रूप ले चुका था। 5 से 10 हजार रुपए में लड़का उठाने का काम धड़ल्ले से होने लगा था।



1990-95 के दौरान वर उठाने का गिरोह चलाने वाले सरगनाओं ने भी अपने घर की लड़कियों की शादी अच्छे घर के लड़कों से कराने का काम शुरू कर दिया और यही वह समय था जब पकड़ौआ शादी के असफल होने का प्रतिशत एकाएक बढ़ने लगा। आज बेगूसराय हो जहां से यह विवाह शुरू हुआ था या फिर पटना,मोकामा, कटिहार, गया जैसे जिले हों अब पकड़ौआ विवाह के मामले कम हुए हैं। पकड़ौआ शादी के बाद कई ऐसे मामले सामने आए जिसमें लड़कियों को प्रताड़ित किए जाने की बात सामने आई। लोगों की धारणा बदली है। लोग गरीब घर में बेटी की शादी कर लेने को तैयार हैं लेकिन पकड़ौआ शादी करने को तैयार नहीं हैं। इस प्रथा पर कई तरह की फिल्में और टीवी सीरियल बन चुके हैं । स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक बिहार में 2020 में जबरन शादी कराने के 7,194, 2019 में 10,295, 2018 में 10,310 और 2017 में 8,927 मामले सामने आए। हालांकि, इसमें से अधिकांश मामले आपसी सहमति से निपटाए गए या प्रकाश में नहीं। आज के सभ्य समाज के लिए इसे कलंक ही माना जाएगा जिस पर अब सभी को सोचना चाहिए ।

### एनसीईआरटी और फ्लिपकार्ट के बीच हुआ समझौता

## एआई आज दुनिया में हर चीज को कर रहा प्रभावित : प्रधान



- एनसीईआरटी ने कक्षा 9-12 की पाठ्यपुस्तकों की कीमतों में 20 प्रतिशत कटौती की घोषणा की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को भारतीय शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शुरुआत पर कहा कि एआई आज दुनिया में हर चीज को प्रभावित कर रहा है। एनसीईआरटी को देश का सामूहिक शैक्षणिक भंडार बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से वीडियो और एनीमेशन के साथ बोलने वाली किताब की कल्पना की जा रही है, उसे पारंपरिक पुस्तक मुद्रण के साथ जोड़कर, एनसीईआरटी ऐसा करने के लिए सही मंच है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री आज राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) मुख्यालय में नए एनसीईआरटी ऑडिटोरियम के लिए भूमि पूजन के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एनसीईआरटी और ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर की भी अध्यक्षता की।


शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### सीआईपी और चाईल्ड फंड इंडिया के बीच एमओयू

**रांची।** भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत चाईल्ड फंड इंडिया और केंद्रीय मनोचिकित्सक संस्थान (सीआईपी), रांची के बीच सोमवार को एमओयू हुआ। इसके तहत झारखंड में बच्चों और किशोरों की देखभाल करने वालों और समुदाय के सदस्यों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और मनो सामाजिक समर्थन को मजबूत किया जाएगा। सीआइपी के निदेशक डॉ वीके चौधरी, चाईल्ड फंड इंडिया के कंट्री डायरेक्टर राजेश रंजन सिंह मौजूद थे।

### कृषि अर्थशास्त्री डॉ आरके मिश्र नहीं रहे



**रांची।** प्रसिद्ध कृषि अर्थशास्त्री एवं योजनाकार तथा बिरसा कृषि विवि के अवकाशप्राप्त निदेशक (योजना एवं विकास) डॉ राधाकांत मिश्र का सोमवार की शाम कृषि बिहार, अरसंडे, कांके स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। उनकी उम्र लगभग 92 वर्ष थी। बीएयू में उपनिदेशक और निदेशक (पीआईएम) के रूप में उन्होंने 1983 से 1993 तक कार्य किया। इसके पूर्व वह बिहार सरकार में योजना पदाधिकारी के रूप में पटना में कार्यरत थे।

### वैश्य मोर्चा के सदस्यों ने पीला झंड़ा लगाया

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की ओर से सोमवार को झंड़ा लगाओ अभियान की शुरूआत की गई। संगठन से जुड़े सदस्यों एवं समाज के लोगों ने अभियान के क्रम में अपने आवास व प्रतिष्ठान पर पीला झंड़ा लगाया। संगठन के अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि पीला झंड़ा वैश्यों का सुरक्षा कवच है। बताया कि यह अभियान 31 दिसम्बर तक चलेगा। कहा, जल्द ही संगठन के कार्यकताओं की बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। संगठन के मोहन साव, उपेन्द्र प्रसाद, अशोक गुप्ता, अनिल वैश्य समेत अन्य के नेतृत्व में राज्य के सभी जिलों में झंड़ा लगाया गया।

### दुग्ध उत्पादन में आ रही चुनौतियों से कराया अवगत

**रांची।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष डॉ मीनेश शाह रांची दौरे पर पहुंचे। उन्होंने झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ (जेएमएफ) के ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों की उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सराहना की। बैठक में दुग्ध उत्पादकों के प्रतिनिधिमंडल ने डॉ शाह को वर्तमान में दुग्ध उत्पादन में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया। डॉ शाह ने समस्याओं का संज्ञान लेते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने चुनौतियों से निपटने की भी सलाह दी, ताकि झारखंड का अपना ब्रांड मेधा हर घर तक पहुंच सके।

### सदस्यता अभियान के लिए महानगर भाजपा ने की बैठक

**रांची।** भाजपा रांची महानगर कार्यालय में संगठन महापर्व के अवसर पर सदस्यता अभियान के लिए सोमवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने की। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने भाजपा को जन जन से जुड़ी पार्टी बतायी। युवाओं, महिलाओं को पार्टी के मूल्यों को जानकारी होने, जुड़ने और मूल्यों को आत्मसात करने की बात कही। संगठन को और मजबूत बनाने पर उन्होंने जोर दिया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि पार्टी सबका साथ, सबका विकास चाहती है और ये तभी संभव है, जब अधिक से अधिक लोग पार्टी की विचारधारा से जुड़ें। बैठक में मुख्य रूप से मनोज सिंह, सत्यनारायण सिंह, बलराम सिंह, जीतेंद्र वर्मा, राजू सिंह, रोमित नारायण सिंह एवं अन्य मौजूद थे।

---

डोरंडा स्थित मछली पार्क व धुर्वा स्थित मत्स्य अनुसंधान केंद्र का कृषि मंत्री ने किया औचक निरीक्षण

# सरकारी तालाब की बंदोबस्ती में अब पंचायत के लोगों का होगा दावा : शिल्पी

- *अव्यवस्था देख हुई नाराज, 10 दिनों में आवश्यक सुधार लाने का निर्देश*
- *महिला स्वयं सहायता समूह को मछली पालन से जोड़ने का मंत्री ने दिया निर्देश*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार की शाम डोरंडा स्थित मत्स्य निदेशालय केंद्र मछली पार्क और धुर्वा स्थित मत्स्य अनुसंधान केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कुव्यवस्था को देख कर काफी नाराज हुई। उन्होंने कहा झारखंड में अब सरकारी तालाब की बंदोदस्ती का दायरा पंचायत स्तर तक ही सीमित रहेगा। पंचायत के अधीन पड़ने वाले सरकारी तालाब में अब उसी पंचायत के लोगों को बोली लगाने और उसके बाद मछली पालन का मौका मिलेगा। अब दूसरे जिले के लोग किसी पंचायत में सरकारी तालाब की बंदोबस्ती में भाग नहीं ले पाएंगे। बहुत जल्द इसको लेकर नियमावली बनाई जाएगी। मछली पार्क में फैली गंदगी, पॉलीथिन के इस्तेमाल, आगंतुकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 10 दिनों के अंदर इसमें सुधार लाने का निर्देश दिया है। औचक निरीक्षण के क्रम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने उपस्थिति पंजी की भी जांच की। काम के समय में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों को अपने कार्य संस्कृति में सुधार लाने का निर्देश भी दिया गया है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य भर में सरकारी तालाब का जिलावार आंकड़ा विभागीय अधिकारियों से मांगा है।

राज्य में 12 हजार 580 के करीब सरकारी तालाब है। जिसमें करीब 1 हजार सरकारी तालाब रांची में है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अब ऐसा नियम बनाए जिसमें पंचायत के अधीन पड़ने वाले सरकारी तालाब को उसी पंचायत के कॉपरेटिव सोसाइटी को दिया जा सके। तालाब की बंदोबस्ती में किसी दूसरे जिले को मौका नहीं मिलना चाहिए। ऐसा करने से स्थानीय स्तर पर लोगों को मछली पालन के साथ जोड़ कर उन्हें रोजगार मुहैया कराया जा सकता है। कॉपरेटिव सोसाइटी के लिए जरूरी 300 लोगों की अनिवार्यता में भी संशोधन करने का निर्देश मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिया है। मंत्री ने छोटे - छोटे कॉपरेटिव सोसाइटी बना कर गांव के लोगों को लाभ देने को कहा है। औचक निरीक्षण के क्रम में ये जानकारी मिली की इस साल 25 सौ लाख मछली जीरा छोड़े जाने का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य के एवज में 16 सौ 46 लाख जीरा का वितरण किया जा सका है। सबसे कम लोहरदगा में 60 लाख जीरा का वितरण हुआ है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इसको बढ़ाने के साथ- साथ जल्द रिपोर्ट देने को कहा है। मछली पालन में खरछढर से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूह को जोड़ने की भी तैयारी है। रांची और हजारीबाग जिला के महिला स्वयं सहायता समूह को सबसे पहले मछली पालन से जोड़ने का निर्देश दिया गया है।

---


## झारखंडी भाषाओं को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

गिरिडीह सांसद ने लोकसभा में शून्य काल में उठाई मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने सोमवार को संसद में झारखंड में बोली जाने वाली कुड़माली, कुडुख, मुंडारी, हो, खड़िया, खोरठा पंचपरगनिया व नागपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची व जनगणना कॉलम में शामिल करने की मांग की। उन्होंने यह मांग शून्य काल में की। उन्होंने सदन में कहा कि झारखंड राज्य में पांच जनजातीय व चार क्षेत्रीय भाषाएं जैसे संथाली, कुडुख, मुंडारी, हो, खड़िया, कुड़माली, खोरठा, पंचपरगनिया व नागपुरी लोगों द्वारा बोली जाती है। इसमें से सिर्फ संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची मे शामिल किया गया है जबकि आठ अन्य जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने पूछा कि किन कारणों से इन भाषाओं को छोड़ा गया है और भारतीय भाषा संस्थान का इस पर क्या शोध हुआ है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इन भाषाओं को कैसे बढ़ावा देने की योजना है।



*केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के शहीद नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।*

---

## पांच जिलों के प्रतिभागियों ने किया कला की कई विधाओं का प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार और नेहरू युवा केंद्र रांची के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप सहायक समाहर्ता आदित्य पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि परियोजना पदाधिकारी डॉ ऋतू राज, शिक्षाविद कमल बोस उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रमंडल के पांच जिला जिसमे रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा के जिला स्तर युवा उत्सव पर प्रथम विजेताओं, लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में लोहरदगा की राधिका कुमारी, कहानी लेखन में रांची की शिवम कुमार प्रजापति, विज्ञान मेला में सिमडेगा जिला की टीम, सामूहिक लोकगीत में रांची की निशा रानी समूह, एकल गीत में रांची के अजय महतो, कविता लेखन में गुमला की दीपिका कुमारी, एकल नृत्य में खूंटी के मनीष अलोक, समूह नृत्य खूंटी की संतज जोसफ कॉलेज और पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता गुमला से तुषार पांडे थे।

सभी प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को मेडल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया एवं सभी निर्णायक मंडली के सदस्यों को सम्मानित किया गया। प्रमंडल स्तरीय विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार, वीवाई एफ चेयरमैन गौरव अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक कौशल किशोर, पर्यटन विशेषज्ञ रौशन, जिला खेल समन्वयक आशीष बनर्जी, मुकेश समेत अन्य लोगों ने भूमिका निभाई।

## एनएसयूआई ने की सीनेट और सिंडिकेट सदस्यों के चयन की मांग

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलेश महतो को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई की राष्ट्रीय संयोजक आरुषी वंदना के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो को ज्ञापन सौंपा। वहीं मांग किया कि रांची यूनिवर्सिटी समेत राज्य के चार विश्वविद्यालयों में सीनेट और सिंडिकेट के सदस्यों का चयन किया जाये। विदित हो कि कई वर्षों से सीनेट और सिंडिकेट के सदस्यों का चयन नही हुआ है। महागठबंधन की सरकार होने के बाद एनएसयूआई के लोगों को उम्मीद है कि इस सरकार में उन्हें जगह मिलेगी और छात्रों के मुद्दों को उठा कर उसका निवारण करेंगे। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव ने कहा कि एनएसयूआई कांग्रेस पार्टी की रीढ़ है। हम पूरा प्रयास करेंगे की एनएसयूआई के लोगों को सीनेट व सिंडिकेट में जगह मिले। मौके पर राष्ट्रीय संयोजक आरुषी वंदना, प्रदेश अध्यक्ष विनय ओरांव, एव प्रदेश के तमाम पदाधिकारी गण मौजूद थे।

---

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150वें वर्ष उत्सव, बोले राज्यपाल

# मौसम विज्ञान विभाग की भविष्यवाणियों से प्राकृतिक आपदाओं में आयी है कमी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को रांची स्मार्ट सिटी सभागार में आयोजित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150वें वर्ष उत्सव में सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मियों को उनकी निरंतर समर्पण और सेवाओं के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इनके समर्पण और तकनीकी प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपनी सटीक भविष्यवाणियों और तकनीकी क्षमताओं से न केवल आपदाओं के प्रभाव को कम किया है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और राष्ट्रीय सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

राज्यपाल ने कहा कि मौसम विज्ञान विभाग और मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के प्रयासों ने राज्य में होने वाली गंभीर प्राकृतिक आपदाओं, जैसे वज्रपात, बाढ़, भारी वर्षा और शीतलहर के प्रभावों को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि मौसम विज्ञान केंद्र के प्रति जनमानस का विश्वास बढ़ा है, क्योंकि इसने पंचायत स्तर तक सटीक मौसम पूर्वानुमान और जानकारी उपलब्ध कराकर आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ किया है। राज्य में समय पर मौसम की चेतावनियां दी गईं, जिससे स्थानीय समुदायों और आपदा प्रबंधन दलों को प्रभावी सहायता मिल सकी।

राज्यपाल ने झारखंड की कृषि अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि मौसम की सटीक जानकारी कृषि क्षेत्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मौसम पूर्वानुमान से किसानों को फसल चयन, सिंचाई प्रबंधन और कीट नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता मिलती है। राज्यपाल ने यह भी बताया कि झारखंड को 'कृषि कर्मण पुरस्कार' प्राप्त हुआ है, जो राज्य की कृषि उत्कृष्टता को दशार्ता है और इसका श्रेय राज्य के किसानों के निरंतर प्रयासों को जाता है।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में देश में हुए उल्लेखनीय प्रगति के बारे में भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों से तकनीकी क्षमताओं को सशक्त किया गया है, जिसका सीधा लाभ मौसम विज्ञान और आपदा प्रबंधन क्षेत्रों को हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इन प्रयासों के माध्यम से समय पर मौसम जानकारी प्राप्त कर समाज को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचाया जा सकता है।

राज्यपाल ने मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मियों के निरंतर समर्पण और प्रयासों की सराहना की, जो निरंतर मौसम पूर्वानुमान प्रसारण में लगे रहते हैं। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि समय पर जानकारी और चेतावनियां संबंधित हितधारकों तक पहुंचें, ताकि आपदाओं का प्रभाव कम किया जा सके। राज्यपाल ने इस क्षेत्र में सभी हितधारकों से सहयोग और समन्वय बनाए रखने की अपील की, ताकि आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सके और समाज को बेहतर ढंग से आपदा प्रबंधन के लिए तैयार किया जा सके।

---

## न्यूज | बॉक्स

### एआईटीयूसी का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को एआईटीयूसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्यासागर गिरि एवं अन्य प्रतिनिधियों ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर श्री गिरि ने बताया कि झारखंड के कई ट्रेड यूनियनों को अविभाजित बिहार सरकार द्वारा रद्द कर दिया गया था, लेकिन पटना उच्च न्यायालय ने इस आदेश को अनुचित बताते हुए निरस्त कर दिया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से श्रम एवं नियोजन विभाग द्वारा इन ट्रेड यूनियनों को पुनः मान्यता प्रदान करने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

### पूर्व सैनिक महासम्मेलन के लिए राज्यपाल गंगवार आमंत्रित



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को कर्नल एआर सिन्हा (सेवानिवृत), अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, झारखंड के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल राजभवन में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने राज्यपाल को आगामी 11-12 जनवरी, 2025 को आयोजित होने वाले पूर्व सैनिक महासम्मेलन में आमंत्रित किया।

### डॉ दिव्या सिंह ने राज्यपाल से की भेंट



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को रिम्स के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ दिव्या सिंह ने राजभवन में भेंट की। वहीं राज्यपाल को अपनी स्वरचित पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने राज्यपाल को अवगत कराया कि रिम्स द्वारा किए जा रहे नियुक्ति प्रक्रिया में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है।

### राष्ट्रपति मुर्मु से मिली सीता सोरेन



**रांची। भाजपा** नेत्री सीता सोरेन सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलीं। सीता सोरेन ने ट्वीट कर जानकारी दी कि इस अवसर पर झारखंड की वर्तमान परिस्थितियों, राज्य के विकास से जुड़े प्राथमिक मुद्दों पर चर्चा हुई। सीता सोरेन ने कहा कि राष्ट्रपति का मार्गदर्शन एवं समर्थन, राज्य के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में प्रेरणादायक रहेगा।

### छात्रों पर पुलिस की बर्बर कार्रवाई निंदनीय : धर्मेंद्र तिवारी



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा में अनियमितताओं और पारदर्शिता की कमी के खिलाफ छात्रों का आंदोलन पूरी तरह से न्यायसंगत है। परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर जब छात्र आयोग कार्यालय की ओर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने जा रहे थे, तब पुलिस द्वारा की गई बर्बर कार्रवाई और लाठीचार्ज बेहद निंदनीय और अस्वीकार्य है। उक्त बातें धर्मेंद्र तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि इस घटना में कई छात्र घायल हो गए हैं, जो यह दर्शाता है कि प्रशासन युवाओं की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहा है। युवाओं का भविष्य दांव पर लगा हुआ है, और इसके लिए जिम्मेदार जेएसएससी को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज करके उनकी जायज मांगों को दबाया नहीं जा सकता। प्रशासन और सरकार को छात्रों के साथ संवेदनशीलता के साथ पेश आना चाहिए और उनकी मांगों को गंभीरता से सुनना चाहिए। जो भी छात्र इस कार्रवाई में घायल हुए हैं, उन्हें उचित इलाज और मुआवजा मिलना चाहिए।

### छात्रों पर लाठीचार्ज निंदनीय : आजसू



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के विरुद्ध घेराव करने पहुंचे छात्र अभ्यर्थियों पर पुलिस के द्वारा की गई लाठी चार्ज का आजसू ने निंदा की है। ओम वर्मा ने कहा कि आजसू शुरू से यह मांग रहा है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा सीजीएल परीक्षा सहित अब तक आयोजित हुए सभी परीक्षाओं का रिजल्ट का प्रकाशन फ्री एंड फेयर होनी चाहिए। लेकिन जिस हड़बड़ी में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग रिजल्ट का प्रकाशन कर रहा है उससे कहीं ना कहीं जाहिर होता है कि बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। सीजीएल परीक्षा को लेकर उच्च न्यायालय में सुनवाई चल रही है।

### विश्वविद्यालयों-कॉलेजों में अतिरिक्त अवकाश देने का अनुरोध

**रांची।** ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनोरिटी फ्रंट ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री और रांची उपायुक्त को पत्र सौंपा है। पत्र फ्रंट के महासचिव प्रवीण कच्छप और अध्यक्ष कुलभूषण डुंगडुग ने भेजा है। राज्यपाल को सौंपे पत्र में क्रिसमस को लेकर 25 दिसंबर के बाद 26-31 दिसंबर तक झारखंड के विश्वविद्यालयों-कॉलेजों में अतिरिक्त अवकाश देने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा है कि झारखंड में ईसाई समुदाय की आबादी पूरे राज्य में 13 फीसद है। काफी धूमधाम से क्रिसमस मनाया जाता है। राज्य में अधिकतर प्रतिष्ठित प्राइमरी से लेकर उच्चतर शिक्षण संस्थान ईसाई मिशनरियों के हैं। लेकिन, विश्वविद्यालय स्तर पर क्रिसमस की मात्र एक दिन छुट्टी दी गई है, जबकि विश्वविद्यालयों में कई ऐसे शिक्षक, कर्मी और छात्र है, जो दूर दराज से पढ़ने शहरों में आते हैं। फ्रंट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम से पत्र सौंप कर क्रिसमस की अतिरिक्त छुट्टियां देने की मांग की है। फ्रंट ने सौंपे गए ज्ञापन की प्रतिलिपि रांची विश्वविद्यालय, सिदो कान्हू विवि, निलांबर पितांबर विवि, विनोवा भावे विवि, कोल्हान विवि और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि प्रशासन को भेजी है। इसके अलावा रांची के उपायुक्त को भी पत्र लिखकर क्रिसमस के त्योहार को लेकर रांची शहर में साफ-सफाई कराने, सुरक्षा व्यवस्था व निर्बाध बिजली आपूर्ति भी सुनिश्चित करने की मांग की गई है। फ्रंट ने 24-25 दिसंबर के कार्यक्रम को लेकर रांची के प्रमुख चर्च कलीसियाओं की भी सूची सौंपी है।

# कड़ाके की ठंढ व कनकनी से परेशान हैं रांची के लोग

**1** चाईबासा जिले में उच्चतम तापमान **26.2** डिग्री सेल्सियस रहा।

**2** लोहरदगा जिले में न्यूनतम तापमान **4.6** डिग्री सेल्सियस रहा।

- 20-21 को बारिश की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में कड़ाके की ठंढ पड़ रही है। सुबह में कुहासे के साथ कनकनी बढ़ गई है। पलामू, गढ़वा, चतरा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गुमला समेत कई जिले शीतलहर की चपेट में हैं। कनकनी से लोगों का हाल बुरा है। राज्य के करीब नौ जिलों का पारा छह डिग्री से नीचे आ चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, 20 दिसंबर से आसमान में बादल छा सकते हैं। दो दिन तक हल्की बारिश की भी संभावना है। बंगाल की खाड़ी में अंडमान निकोबार के पास एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना है। ऐसे में राज्य के कई जिलों में बारिश की संभावना है।

वहीं पिछले 24 घंटें में राज्य का मौसम शुष्क रहा, कहीं -कहीं शीतलहर भी चली। राज्य के चाईबासा जिले में उच्चतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। लोहरदगा जिले में न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 21.05 रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 7.9 रहा। रांची और रांची के आसपास अगले कुछ दिन मौसम पूर्वानुमान के अनुसार सुबह के वक्त कोहरा व धुंध रहेगा जिसके बाद मौसम साफ नजर आयेगा।

बढती ठंढ में ऐसे रखें अपना ध्यान

बढती ठंढ के साथ आम जनमानस को कई तरह की सावधानियों का भी ख्याल रखना होगा। जिस पर डॉक्टर आफताब ने बताया ठंड के समय त्वचा काफी शुष्क हो जाती है। बदन में रूखापन भी आ जाता है जिसके लिए बॉडी मॉइस्चुराइजर का इस्तेमाल करें, वहीं गरम पानी का अधिक से अधिक सेवन करे। बुजुर्ग या बच्चे दोनों को सामान्य से अधिक देख रेख की जरुरत है। इसलिए खाने के साथ- साथ पानी पिने पर भी ध्यान देना जरुरी है। ठंढे खाने से बचना है। डॉक्टर ने कहा सूती के गर्म कपड़ों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना सही है।

# टोनटो में मेगा महिला स्वास्थ्य कैंप और दृष्टि सुरक्षा अभियान 21 को

- मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ और विशिष्ट अतिथि चाईबासा डीसी कुलदीप चौधरी होंगे

**नवीन मेल संवाददाता**


डॉ भारती

**रांची/टोनटो।** आईएमए झारखंड के वीमेन डॉक्टर्स विंग एवं चाईबासा वन प्रमंडल के संयुक्त तत्वधान में 21 दिसंबर को टोनटो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह 9 बजे से मेगा महिला स्वास्थ्य कैंप और दृष्टि सुरक्षा अभियान का शुभारंभ किया जायेगा। शिविर के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग और पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन का विशेष योगदान है। कोल्हान के दूर दराज के नक्सल प्रभावित इलाकों में पीवीटीजी (पार्टिकुलर वलनेरेबल ट्राइबल ग्रुप) पर केंद्रित आई कैंप और मेगा स्वास्थ्य मेगा महिला स्वास्थ्य अभियान कैंप लगाए जा रहे हैं । 1 जुलाई को गुआ में लगाया गया 15 जुलाई को गोइलकेरा में लगाया गया और अब 21 दिसंबर को टोनटो में लगाया जा रहा है

मोतियाबिंद से ग्रसित बच्चे और बूढ़े इस शिविर में आकर के एनएबीएस की क्वालिटी की सर्वोच्च मान्यता प्राप्त कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल में आंखों के मोतियाबिंद, नाखुना, कॉर्निया प्रत्यारोपण एवं आंखों के परदे की सर्जरी मुफ्त आयुष्मान भारत योजना मुफ्त करा सकते हैं। इस कैंप में जननांग संबंधी सूजन से ग्रसित महिलाओं का भी उपचार किया जाएगा। साथ में आयरन फोलिक एसिड और कैल्शियम की गोलियां भी मुफ्त बांटी जाएगी। पार्टिकुलर वुलनरेबल ट्राइबल ग्रुप के लिए मलेरिया, ट्यूबरक्लोसिस, सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग के लिए भी कैंप लगाए जाएंगे। मौके पर मरीजों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाएगा।

इस मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ, और विशिष्ट अतिथि होंगे चाईबासा डीसी कुलदीप चौधरी होंगे। वूमेन डॉक्टर विंग आईएमए झारखंड पूरे राज्य में 2014 से मेगा महिला स्वास्थ्य एवं दृष्टि सुरक्षा अभियान चला रही है। अभी तक राज्य के 15 बड़े सरकारी अस्पतालों में जननांग संबंधी सूजन की पहचान एवं सर्वाइकल प्री-कैंसर के इलाज के लिए डिजिटल वीडियो कोल्पोस्कोप एवं क्रायो मशीन लग चुकी है। वीमेन डॉक्टर्स विंग आईएमए झारखण्ड की चेयरपर्सन डॉ भारती कश्यप ने बताया कि संथाल परगना एवं पश्चिमी सिंहभूम के दूर दराज के क्षेत्रों में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने अपना फोकस किया है।

## न्यूज बॉक्स

### आदित्य पांडेय कांके के बीडीओ बने



**रांची।** आदित्य पांडेय (आईएएस), सहायक समाहर्ता रांची ने सोमवार को कांके प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद आदित्य पांडेय ने बोड़या पंचायत का औचक निरीक्षण किया। वहां उन्होंने अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना एवं मनरेगा योजना के बारे में जानकारी ली। साथ ही योजनाओं की एंट्री की पद्धति की समीक्षा किया। उन्होंने प्रखंड के सभी पदाधिकारी, कर्मियों से कहा कि सभी कार्यालय ससमय आएं और अपने दिए गए उत्तरदायित्व का का ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करें।

### पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट



**रांची।** रांची एसएसपी के निर्देशानुसार अफीम एवं अन्य नशीली पदार्थ की खेती करने के विरुद्ध जारी अभियान एवं विनष्टीकरण के क्रम में सोमवार को रांची पुलिस द्वारा दशमफॉल थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुर्गीडीह के आसपास के जंगली क्षेत्र में लगे अफीम के बीज लगभग 02 एकड़ खेत को ट्रैक्टर से जोत कर एवं पुलिस बल के मदद से विनष्ट किया गया। इसके अलावा बुंडू थाना अंतर्गत ऐदलहातू ग्राम क्षेत्र में लगभग 1 एकड़ में

### छात्राओं से छेड़खानी करने का आरोपी फिरोज भेजा गया जेल



**रांची।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कन्या पाठशाला की छात्राओं से छेड़खानी करने के आरोपी फिरोज अली को सोमवार को जेल भेजा गया। इससे पहले रविवार की देर शाम एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए फिरोज अली को लोअर बाजार इलाके से गिरफ्तार किया था। फिरोज अली हिंदपीढ़ी के नाला रोड के गली नंबर आठ का रहने वाला है। फिरोज अली के बारे में सूचना देने वाले को पुलिस ने इनाम देने की घोषणा की थी। लेकिन फिरोज से खुद ही सरेंडर कर दिया था। इस छेड़खानी मामले में सीएम हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया था। सीएम ने रांची पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सूचित करने का आदेश दिया था। सोमवार को सिटी एसपी कुमार मेहता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

### रेरा में शिकायत के लिए अब ऑनलाइन पोर्टल सेवा होगी जल्द शुरू

**रांची।** रेरा (रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण) में शिकायत के लिए ऑनलाइन पोर्टल सेवा जल्द शुरू होने वाली है। इसके होने के बाद शिकायत करने के लिए कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

वदित हो कि रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 भारत की संसद का एक अधिनियम है जो घर खरीदारों के हितों की रक्षा करने के लिए और अचल संपत्ति उद्योग में अच्छे निवेश को बढ़ावा देने के लिए बना है। बिल राज्यसभा द्वारा 10 मार्च 2016 को और लोकसभा में 15 मार्च 2016 को पारित कर दिया गया था। 92 में से 69 अधिसूचित वर्गों के साथ 1 मई 2016 से ये अधिनियम अस्तित्व में आया। केंद्र और राज्य सरकारें छह महीने की वैधानिक अवधि के भीतर अधिनियम के अन्तर्गत नियम सूचित करने के लिए उत्तरदायी हैं। इस अधिनियम को बिल्डरों, प्रमोटरों और रियल एस्टेट एजेंटों के खिलाफ शिकायतों में वृद्धि के अनुसार बनाया गया है। इन शिकायतों में मुख्य रूप से खरीददार के लिए घर कब्जे में देरी, समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद भी प्रमोटरों का गैरजिम्मेदाराना व्यवहार और कई तरह की समस्याएं हैं।

### आश्रम के लोगों के साथ क्लब ने मनाई खुशियां

**रांची।** छात्र क्लब मानव कल्याण मंच ने नगड़ी स्थित आदर्श ओल्ड एज होम में जीवन यापन कर रहे लोगों के साथ खुशियां मनाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के वरीय संरक्षक विजय पाठक ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख व्यवसाई सुनील कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेविका आशा किरण, नरेश झा, एएसएसपीएल के एमडी रोहित कुमार, छात्र क्लब पर्यावरण मंच के संरक्षक प्रीति कुमारी, बुद्धिजीवी मंच के संरक्षक पिया बर्मन, कला संस्कृति मंच के संरक्षक वीणा श्री मौजूद थे।

## ग्रीन राशन कार्डधारी के वितरण प्रतिशत में सुधार लाएं डीलर: डीएसओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीसी मंजूनाथ भजन्त्री के निर्दशानुसार सोमवार को समाहरणालय सभागार में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने सभी डीलर इंचार्ज (वार्ड संख्या 1 से 53) के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम योजना के तहत ग्रीन राशन कार्डधारी का माह जनवरी एवं नवंबर, दिसंबर 2024 का राशन वितरण में प्रतिशत में सुधार लाने का निर्देश दिया। मोनी कुमारी ने डीलर्स के साथ बैठक करते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग के सभी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित रूप से करने को कहा। बैठक में झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम योजना के तहत खाद्यान उठाव में और अधिक सुधार करने के लिए निर्देश दिया गया। ई- केवाईसी कार्डधारी का आधार कार्ड से 3 दिनों के अंदर ऑनलाइन सीडिंग कराने का निर्देश सम्बंधित डीलर इंचार्ज को दिया गया। ई-मोबाइल सीडिंग हर कार्डधारी का कराते हुए इसमें और सुधार लाने के निर्देश दिए गए। -चना दाल/नमक/चीनी/केरोसिन तेल वितरण कि समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द वितरण कराने का निर्देश दिया गया।सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना कि समीक्षा करते हुए इसका वितरण जल्द से जल्द कराने का निर्देश दिया गया।

## जिनका मन मजबूत है वह सच्चे मायने में शक्तिशाली हैं : बहन निर्मला

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, रांची केंद्र की ओर से सोमवार को झारखंड दिव्यांग समानता संरक्षण एवं सशक्तीकरण अभियान के तहत डोरंडा के निवारणपुर में क्षितिज मूक-बधिर विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी निर्मला बहन ने कहा कि दिव्यांग वो सब कुछ कर सकते हैं जो आमजन कर सकते हैं। भगवान उन्हें दिव्य शक्ति और दिव्य अंग देकर भेजते हैं। यदि इरादे पक्के हैं तो शरीरिक मानसिक कमजोरी भी आपको लक्ष्य तक पहुंचने से नहीं रोक सकती। जिनका मन मजबूत है वह सच्चे मायने में शक्तिशाली हैं। आप सभी का मन मजबूत है, इसलिए कभी भी जीवन की किसी भी परीक्षा में हार नहीं हो सकती। सफलता आप सभी का जन्मसिद्ध अधिकार है। माउंट आबू से आए बी के सूर्यमणि ने कहा कि वे अपने अभावों में भी स्वयं को कमजोर नहीं होने देते। वे अपना मार्ग स्वयं प्रशस्त करते हैं और दिव्यांगता को अपनी मजबूरी नहीं बनने देते हैं।

# बीएयू के विद्यार्थियों का स्टार्टअप प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के फॉरेस्ट्री कॉलेज के चार छात्र-छात्राओं की टीम ने- सांभ्रम 5.0, के अंतर्गत आयोजित स्टार्टअप प्रतियोगिता- प्रारंभ में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खाद्य और कृषि व्यवसाय सम्मेलन था, जिसे इंपीरियल स्कूल ऑफ एग्री-बिजनेस, नोएडा की ओर से आयोजित किया गया। टीम बिरसाइंस में शामिल- बीजू रॉय, सुमित कुमार, लक्ष्मी कुमारी और कल्पना कुमारी ने अपने अभिनव विचार और उत्कृष्ट प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में 84 टीमों में से 13 टीमों ने अंतिम चरण में भाग लिया। टीम के विचार को विशेष रूप से स्काईफाई सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ और संस्थापक राहुल लखमानी, ने सराहा। टीम को उत्कृष्टता प्रमाणपत्र और 15,000 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

## धनुर्मास महोत्सव में श्रीगोदा-रंगनाथ व्रत का हुआ शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पौषमास कृष्णपक्ष प्रतिपदा सोमवार को धनुर्मास महोत्सव के पहले दिन भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर के दूसरे स्वरूप श्रीरंगनाथ और लक्ष्मी स्वरूपा गोदाम्बा के रूप में पूजा- सुश्रूषा शुरू किया गया। यह क्रम पूरे एक महीने तक विधिवत चलेगा।

सोमवार सुबह 4.30 बजे भगवान श्रीमन्नारायण का विश्वरूप दर्शन और तिरूवाराधन के पश्चात दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, डाभयुक्तजल एवं गंगाजल से महाभिषेक कराया गया। इसके बाद अनुपमेय लोकेश भगवान रंगनाथ, सर्वसहा श्यामलांगी श्रीदेवी, सर्वाभरण भूषिता भूमिदेवी एवं गोदादेवी को वस्त्र और सद्भूषणों से सुसज्जित कर नेत्रों के सफल मनोरथ स्वरूप श्रृंगार रस सागर श्रीभगवान दंपति का सुगंधित फूल राशियों से भव्य सजावट हुआ। भगवान श्रीनिवास को आज पहले दिन का 'मार्गलि' नामक नवीन वस्त्र धारण कराया गया। इसके बाद सुश्राव्य वेद ध्वनियों के साथ नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से बारी -बारी महाआरती की गयी। पोंगल - धनियां पत्ता, टमाटर और पालक की चटनी, खीर, फल तथा मेवा का बालभोग निवेदन हुआ।

## वीमेंस कॉलेज की छात्राओं ने दान के लिए वस्त्र संग्रह किए

**रांची।** रांची वीमेंस कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से पुराने कपड़ों का संग्रह किया जा रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से ये कपड़े कई महीनों से जमा किए जा रहे हैं। इसमें बच्चों, महिलाओं व वर्ग के अनुसार जमा कपड़े छात्राओं ने अलग-अलग कर व्यवस्थित ढंग से पैकेट में रखा है। इन्हें जरूरतमंदों के बीच बांटा जाएगा। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ सीमा प्रसाद और डॉ सविता केसरी सहयोग दे रही हैं। सुमन कुमारी, स्मृति, मुस्कान, अनुप्रिया, कृतिका, सानवी, सुप्रिया, वैष्णवी, साक्षी, शिखा, तनु, निधि, अनीता, निकिता, विनिता, निकिता, नित्या, महक, श्रुति व अन्य छात्राओं का योगदान है।

## नीतिवादी ही शोषण रहित समाज की स्थापना कर सकते हैं: आचार्य प्रियतोषानंद

**रांची।** आनंदमार्ग के आचार्य प्रियतोषानंद अवधूत ने कहा कि व्यक्ति के नैतिक चरित्र की पवित्रता भेदभाव रहित और सुगठित सामाजिक व्यवस्था आज समय की मांग है। सिर्फ मानसिक रूप से सबल और दोषरहित नैतिक चरित्र के लोगों को ही समाजार्थिक प्रबंधन और राजनैतिक शासन की जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए। ऐसे नीतिवादी ही शोषण रहित समाज की स्थापना कर सकते हैं। आचार्य प्रियतोषानंद सोमवार को रातू रोड के हेसल में आनंद मार्ग आश्रम में सोमवार को दिल्ली सेक्टर के प्राउटिष्ट यूनिवर्सल के सदस्यों के पांच दिनी उपयोगिता प्रशिक्षण शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि नीतिवादी लोग ही प्रउत को अमल में ला सकते हैं। नीतिवादी कौन हैं, नैतिक वह हैं जिनकी कथनी, करनी और विचारों में समानता है।

## जाकिर हुसैन के निधन पर कवि व मारवाड़ी सम्मेलन ने शोक व्यक्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विश्व विख्यात सुप्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के आकस्मिक निधन पर कवि सम्मेलन आयोजन समिति एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया है। वहीं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शोक व्यक्त करते हुए कहा है। संगीत नाटक अकादमी, ग्रैमी, पद्म श्री, पद्म भूषण व पद्म विभूषण जैसे अनेक पुरस्कारों से सम्मानित, सुप्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन कला एवं संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत को ही उम्र भर जिया, तथा उन्होंने भारत ही नहीं पूरे विश्व को भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रति आकृष्ट किया। उनके निधन के साथ ही एक युग का अवसान हुआ है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, सचिव अनिल अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, पवन पोद्दार, पवन शर्मा, मनोज चौधरी, प्रमोद अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, कौशल राजगढ़िया, सनी टिबडेवाल, विशाल पाड़िया, आदि शामिल है।

# होल्डिंग टैक्स निर्धारण के लिए पारस अस्पताल परिसर की हुई मापी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पारस अस्पताल में स्वकर निर्धारण के लिए नोटिस निर्गत किया गया था। इस निमित्त कर संग्रहकर्ता द्वारा कई बार संपर्क स्थापित कर स्व कर निर्धारण हेतु अनुरोध किया गया था। परन्तु अस्पताल प्रबंधन के द्वारा इसपर कोई रुचि नहीं दिखाई गई थी। इस क्रम में निगम की टीम मापी करने के लिए अस्पताल परिसर पहुंची। मौके पर अस्पताल प्रबंधन ने दो दिनों के अंदर सेल्फ असेसमेंट करते हुए कर का भुगतान करने की बात कही। सहायक प्रशासक द्वारा उन्हें 18 दिसंबर तक हर हाल में सभी बकाए राशि का भुगतान करने का सख्त निर्देश दिया और निर्देश की अवहेलना करने पर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम-2011 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करने की बात कही। मौके पर नगर प्रबंधक, कर संग्रहकर्ता, मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आज / कल




पिठोरिया के लिए चिंतित हुई कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

# किसानों की सब्जियों का नहीं हो नुकसान

**खास खबर**

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** दिसंबर, जनवरी के महीने में शून्य से नीचे तक के तापमान का सामना करने वाले कांके प्रखंड के पिठोरिया गांव झारखंड के समृद्ध गांवो में से एक है। यहां से सब्जी दूसरे राज्यों को भेजी जाती हैं। इस गांव से 30 से 35 ट्रकों में प्रतिदिन सब्जी का निर्यात राज्य के जिलों एवं दूसरे राज्यों में किया जाता है। यहां सुबह पांच बजे किसान सब्जी लेकर आते हैं और सुबह के आठ बजे तक 1,000 रुपए से 20,000 रुपए तक की आय करते हैं।


पिठोरिया गांव में सुबह 5 बजे से लग जाता है सब्जी बाजार

पिठोरिया बाजार बुनियादी सुविधाओं से है वंचित

मनोज मिश्रा रांची। जिले के सबसे कम तापमान वाले कांके क्षेत्र में सुबह 5 बजे से बाजार लग जाता है। इस संबंध में क्षेत्र के जाने माने किसान नकुल महतो बताते हैं कि यहां के किसान सुबह 5 बजे अपने फसल को लेकर पिठोरिया बाजार में ले आते हैं। वहीं अपने फसल को बेचकर 8 बजे तक प्रतिदिन 1,000 रुपए से 2500 रुपए कमा कर घर चले जाते हैं। विदित हो कि पिठोरिया बाजार बड़ा स जी मंडी है। यहां से 30 से 45 ट्रके प्रतिदिन स जी (पतागोभी, मटर, फूलगोभी, शिमला मिर्च, मिर्च, चुकंदर, ब्रोकली आदि) लेकर रामगढ़, भुरकुंडा, बोकारो, धनबाद, पुरुलिया, खूंटी, रांची जाती है। इस गांव के किसानों की आमदनी अच्छी है, पक्के मकान है। यहां के किसान देश दुनिया में अपनी ख्याति प्राप्त कर चुके हैं।

मौसम की मार झेल रहे हैं पिठोरिया के किसान, बिचौलिए हो रहे मालामाल

शून्य से एक डिग्री तक के ठंड का सामना करने वाला कांके प्रखंड के पिठोरिया गांव में किसानों के फसलों को मौसमी मार झेलना पड़ रहा है। विदित हो कि धनकटनी पिछले 25 दिन से चल रही है। किसान अपने घरों में उतना धान सुरक्षित जमा नहीं रख सकते। ऐसे में बिचौलिए इसका फायदा उठा कर मालामाल हो रहे हैं। ठंड के कारण सब्जी में झुलसा रोग हो जाता है। इसमें सब्जी के पत्तों में धब्बे आते हैं। इससे बचने के लिए किसानों को विशेषज्ञों के सलाह से फफुंदी नाशक दवा का प्रयोग करना चाहिए। दिलेश्वर साहू स्थानीय किसान बताते हैं कि दिसंबर और जनवरी में जब तापमान शून्य से एक डिग्री के बीच होता है तो टमाटर का मूल्य एक रुपए प्रतिकिलो तक गिर जाता है। कभी कभी किसान रोष में अपना फसल रोड पर ही फेंक कर चले जाते हैं।

दिलेश्वर साहू

1940 में बैलगाड़ी से सब्जी रांची और ट्रेन से कोलकाता भेजा जाता था

दूसरे प्रदेशों में सब्जी भेजने वाला पिठोरिया बाजार बुनियादी सुविधाओं से वंचित

वहां लगने वाले बाजार परिसर में बने शेड के प्लास्टर टूटकर गिर रहे हैं। बावजूद इसके लोग शेड के नीचे बाजार लगा रहे हैं, वहीं शेड की कमी के कारण किसान सड़कों पर भी बाजार लगाते हैं। पिठोरिया सब्जी बाजार में पीने के पानी के लिए लगा जलमीनार में पानी कई वर्षों से नहीं है। शौचालय पूरा बना भी नहीं और जर्जर हो गया। इतने बड़े बाजार में शौचालय की अव्यवस्था है। वर्षों पहले बने कोल्ड स्टोरेज कभी शुरू हुआ ही नहीं और कबाड़ का ढेर बन गया। खिड़कियां टूटी है, सामान गायब हैं। बड़ा जेनरेटर रखा है, वह भी बुरी हालत में।

नकुल महतो

बावजूद इसके यहां के बाजार बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। शेड, फर्श टूटे हैं, पीने के पानी, लाइट, शौचालय आदि की व्यवस्था नहीं है। इतने बड़े सब्जी बाजार कोल्ड स्टोरेज की दुर्गति है।

इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में पिठोरिया बाजार बुनियादी सुविधाओं से वंचित खबर प्रकाशित की गई थी। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने झारखंड कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से सवाल पूछे। इस दौरान उन्होंने पिठोरिया के लिए चिंता व्यक्त की। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने त्वरित कारवाई करते हुए पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि तीन दिन के अंदर पिठोरिया गांव के बाजार और सब्जी के उत्पादन में मौसम के पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा रिपोर्ट पेश करें। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों के फसलों का नुकसान न हो इसके लिए मैं खुद पिठोरिया जाकर वहां के हालात से रूबरू होउंगी।

# रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड में डीपीएस का शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** अपनी आसाधारण गणितीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए डीपीएस के विद्यार्थियों ने रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के पांच विद्यार्थियों, नमन मोदी (कक्षा-12), रुद्रांश रंजन (कक्षा-9), पायल (कक्षा-1), पार्थ शरण (कक्षा-1) और आदित्य प्रताप (कक्षा-11) ने अपने गणितीय कौशल और समर्पण का प्रदर्शन करते हुए इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल किया है। यह छात्र इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आईएनएमओ) 2024 में अपनी गणितीय प्रतिभा दिखाने के लिए चयनित हो चुके है। इसी के साथ ही, विद्यालय के नौ छात्रों ने आरएमओ कट-ऑफ अंक हासिल किए, जो प्रतिभा को निखारने में विद्यालय के लगातार प्रयासों को दर्शाता है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके झा ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, यह उल्लेखनीय उपलब्धि हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि वे आगामी इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आईएनएमओ) 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना जारी रखेंगे और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## एक नजर

### जय माता दी ग्रुप का रक्तदान शिविर 22 को

**खलारी।** जय माता दी ग्रुप खलारी द्वारा रक्तदान महादान टीम खलारी के सहयोग से आगामी 22 दिसंबर को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए जय माता दी ग्रुप के दीपक प्रसाद ने बताया कि रक्तदान शिविर केडी शिवपुरी स्थित सामुदायिक भवन में लगेगा। रक्त संग्रह का कार्य रिम्स ब्लड बैंक, रांची के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने खलारी के अधिक से अधिक लोगों को शिविर में आकर रक्तदान करने का आग्रह किया है।

### आईटी जॉब फेयर का आयोजन करेगा चैंबर

**रांची।** झारखंड चैंबर की आईटी उप समिति ने सोमवार को चैंबर भवन में बैठक की। उपसमिति ने पूरे साल की कार्य योजनाओं पर चर्चा की। बताया गया कि आगामी माह में ट्रेड फेयर के तत्वावधान में आईटी जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा, ताकि राज्य के युवाओं और व्यावसायियों को लाभ प्राप्त हो सके। आईटी उप समिति के चेयरमैन मनोज मिश्रा एवं अल्तमश आलम ने साइबर ठगी पर चिंता जताई। संयुक्त रूप से कहा कि जल्द ही साइबर क्राइम पर एक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें संबंधित विभागीय पदाधिकारियों एवं विशेषज्ञों को बुलाकर लोगों को इससे बचने के उपाय बताए जाएंगे। इसके साथ ही चेयरमैन ने साल भर होने वाले कार्यक्रम में एफजेसीसीआई मेम्बरशिप डे, टैली, मार्ग, बिजी सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग वर्कशॉप डे, सोशल मीडिया डे आयोजित कराने की भी बात कही। यह भी कहा गया कि आईटी पॉलिसी जिससे राज्य के लोग एवं आईटी कंपनियां लाभान्वित नहीं हो पा रहीं हैं, इससे सम्बंधित मंत्रालय एवं विभाग को ज्ञापन देकर त्वरित कार्रवाई की मांग की जाएगी।

### शिशु पंजी सर्वे में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों पर होगी कार्रवाई

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने समग्र शिक्षा की आगामी वार्षिक कार्य योजना एवं बजट निर्माण के लिए पूरी तैयारी कर ली है। स्कूलों में आउट ऑफ स्कूल, ड्राप आउट बच्चों को चिन्हित करने और शिशु पंजी के अनुश्रवण के लिए सोमवार को राज्यस्तरीय टीम का गठन किया गया। इस टीम में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पदाधिकारियों के अलावा 13 स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को एक दिवसीय बैठक कर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। शिशु पंजी सर्वे में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई होगी। टीम द्वारा दो चरणों में राज्य के सभी जिलों के विद्यालयों का अनुश्रवण किया जाएगा। पहले चरण में 19 और 20 दिसंबर को अनुश्रवण किया जाएगा।

धान क्रय के लिए सिल्ली लैम्पस का हुआ उद्घाटन

# सहकारिता अधिकारी ने विधायक से धान क्रय को लेकर की चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
सिल्ली लैम्पस का सत्र 24-25 सिल्ली विधायक अमित महतो ने धान क्रय के लिए फीता काट कर उद्घाटन किया। सहकारिता अधिकारी ने विधायक को धान क्रय से संबंधित महत्वपूर्ण बातों की चर्चा की। वहीं बताया गया कि सिल्ली धान क्रय केंद्र के अलावा रामपुर क्रय केंद्र चालु किया जाएगा। बाद में दो केंद्र दोबाडु और टुटकी को भी खोलने का प्रस्ताव है। धान क्रय का समर्थन मूल्य 2300 प्रति क्विंटल प्लस 100 सरकार के तरफ से बोनस मिलाकर 2400 रुपए प्रति क्विंटल होगा। किसानों के लिए धान क्रय पंजीकरण रोजाना चालु है। पंजीकरण में आधार कार्ड, वोटर कार्ड, बैक पासबुक, मुखिया द्वारा सत्यापित वंशावली के साथ जमीन का रसीद के प्रतिलिपि, मोबाइल नंबर चालु हालत वाला दे। किसानों से आग्रह है कि आप लैम्पस में आकर धान बेचने। विधायक ने गोदाम का निरीक्षण किया और अपडेट करने को कहा। लैम्पस के बाहर जनता के सभी तरह की समस्या से अवगत हुए। उन्होंने ने कहा कि किसी भी समस्या के लिए आवेदन जरूर दें उस पर कार्रवाई होगी। इसके अलावा लैम्पस के सूचना दी कि धान एक बोरा 40.500 किलो होनी चाहिए। कंकड़, मिट्टी, और भीगा नहीं होनी चाहिए।

# डायन के नाम पर हत्या रोकने के लिए सरकार कार्ययोजना बनाए: हाईकोर्ट




**कोर्ट ने सरकार से यह बताने को कहा- इस तरह के मामले में अब तक क्या-क्या कार्रवाई की गयी है। कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डायन के नाम पर हो रही हत्याओं पर रोक और महिलाओं की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार की ओर से उठाए गए कदम की जानकारी हाईकोर्ट ने मांगी है। सोमवार को स्वतः संज्ञान लिए मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने कहा कि सरकार को इस गंभीर मामले से निपटने के लिए पूरी कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए। कोर्ट ने सरकार से यह बताने को कहा इस तरह के मामले में अब तक क्या-क्या कार्रवाई की गयी है। कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया है। समय पर चार्ज शीट दाखिल की जाती है या नहीं। राज्य सरकार को इन बिंदुओं पर विस्तृत शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश अदालत ने सोमवार को दिया। मामले की अगली सुनवाई फरवरी में होगी। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से इस मामले में विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया। अदालत को बताया गया कि वर्ष 2021 में गुमला में एक ही परिवार के पांच लोगों की टांगी से काट कर हत्या कर दी गयी थी। इस परिवार में एक आठ साल की बच्ची थी। पुनर्वास के मद में अक्तूबर 2024 तक राशि का भुगतान सरकार की ओर से कर दिया गया है। पहले पीड़ित बच्ची को मुआवजा के रूप में प्रति माह 2000 रुपए दिए जा रहे थे, अब यह राशि बढ़ाकर 4000 रुपये कर दी गई है। सरकार की ओर से बताया गया कि पहले महिला हेल्पलाइन नंबर 181 सिर्फ एक मोबाइल नेटवर्क से लगता था, अन्य मोबाइल नेटवर्क से लगाने से दूसरे राज्य में नंबर लग जाता था। इसे अब ठीक कर लिया गया है, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 अब सभी मोबाइल नेटवर्क से काम कर रहा है। पीड़ित महिलाएं अपनी परेशानी या शिकायत हेल्पलाइन नंबर 181 पर सभी मोबाइल नेटवर्क का इस्तेमाल कर बता सकती हैं।

### सड़क दुर्घटना में दंपति व दो सगे भाई सहित छह घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर करांजी पुल के समीप सोमवार की अपराह्न लगभग दो बजे दो बाइकों के टक्कर में दंपति,दो सगे भाई व दो बच्चे जख्मी हो गए। घायलों में बेड़ो चनगनी टिकरा टोली गांव निवासी 40 वर्षीय बजरंग राम पत्नी 35 वर्षीय शीला देवी 9 वर्षीय शिवम कुमार व 6 वर्षीय शिवांश कुमार और बेड़ो मनखा मुंडा निवासी 20 वर्षीय आशीर्वाद सनातन खेस व अनुग्रह खेस पिता अनिल कुमार खेस है। सभी घायलों को इलाज के लिए अनिल कुमार खेस व ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया गया। बेडो. के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर कुसुमलता की देखरेख में इलाज किया गया। चनगनी टिकरा के रहने वाले घायल बजरंग राम ने बताया कि वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ हेसागुडू से अपने घर आ रहा था। इसी बीच करांजी पुल के पास अचानक सड़क पर कुत्ता के आ जाने से उससे टकरा कर उसकी बाइक आगे जा रही बाइक सवार को टक्कर मार दिया।

लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निगम की टीम ने किया निरीक्षण

# लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान के लिए सहायक प्रशासक को दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सोमवार को नगर आयुक्त के निर्देश पर रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक चन्द्रदीप कुमार ने अपनी टीम के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत निर्मित लाइट हाउस प्रोजेक्ट का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, लाइट हाउस परिसर में रहने वाले निवासियों ने सहायक प्रशासक को विभिन्न प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया। इन समस्याओं का सहायक प्रशासक ने व्यक्तिगत रूप से जायजा लिया। वहां के निवासियों के बीच बेहतर समन्वय और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए, सहायक प्रशासक ने एक सप्ताह के भीतर रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) गठित करने का निर्देश दिया। इस कार्य के लिए जिला सहकारी कार्यालय से एक पदाधिकारी को भी मौके पर बुलाया गया था। सहाक प्रशासक ने कहा कि यहां के लोग जो समस्याओं से जूझ रहे हैं इसके समधान के लिए शीघ्र कदम उठाएं।

#### निर्माणाधीन ड्रेनेज सिस्टम का भी निरीक्षण किया

सहायक प्रशासक ने निमार्णाधीन ड्रेनेज सिस्टम का भी निरीक्षण कर अभियंत्रण शाखा के अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे ड्रेनेज कार्य को शीघ्र पूरा करें। साथ ही बिजली, पानी और लिफ्ट जैसी अन्य समस्याओं के समाधान के लिए, सहायक प्रशासक ने परियोजना से जुड़ी एजेंसी के प्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहराया। एजेंसी को इन समस्याओं का निवारण करने के लिए एक महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है। साथ ही संबंधित वार्ड सुपरवाइजर को कूड़े का नियमित उठाव और नालियों की सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सहायक प्रशासक ने कहा कि सभी समस्याओं का जल्द समाधान होना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर नगर प्रबंधक, सीएलटीसी, निगम के कनीय अभियंता एवं ढटअ शाखा के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### महाकवि घासीराम महली की जयंती को लेकर बैठक



**चान्हो।** महाकवि घासीराम महली जयंती सह मेला मनाने हेतु प्रखण्ड के करकट में एक बैठक रखी गयी। जिसमें आगामी 17 जनवरी 2025 को जयंती सह मेला धूमधाम से मनाने हेतु निर्णय लिया गया हैं। इस बैठक का नेतृत्व महाकवि घासीराम स्मारक समिति के अध्यक्ष मकेश्वर महली ने किया। बैठक में देश के विभिन्न क्षेत्रों में नागपुरी भाषा साहित्य प्रेमियों के बीच महाकवि घासीराम का प्रचार-प्रसार, आमंत्रण पत्र, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि पर चर्चा, मेहमानों, अतिथियों का स्वागत, सहयोग राशि समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई।बैठक में त्रिपुरारी तिवारी,भोला महली, मनोज महली, देवेंद महली, अरविंद धान, रमेश राम महली, रविशंकर महली समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### दीनी माय व टुसू स्थापना पर हुई पूजा -अर्चना



**मुरी।** सिल्ली प्रखंड के कलुवाडीह गांव में दीनी माय एवं टुसू स्थापना पर पूजा अर्चना किया गया। गांव के खेतों से नई खरीफ फसल धान का पूजा अर्चना कर विराजमान किया गया। गांव में ही आरती के साथ पूजा अर्चना किया गया। साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। लोक गीत के साथ साथ दीनी माय की जयकार लगाया गया। सोमवार को अगहन मास के अंतिम दिन में टुसू स्थापना किया गया। ज्ञात हो कि मंगलवार से से पौष माह शुरू होने वाला है। इसी माह में टुसू पर्व भी है। गांव के लोगों ने बताया कि पूर्णतः प्राकृतिक एवं कृषि फसल पर आधारित पर्व है। जून के महीने में खेतों में बीज डाला गया, उसी के फसल को पूरे सम्मान के साथ घर-घर में विराजा गया। इसमें गांव के सभी ग्रामीण महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए।


### खलारी के खाली घरों से चोरी करने वाला गिरफ्तार

**खलारी।** खलारी थानाक्षेत्र में खाली घरों में चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाक्षेत्र के सुभाषनगर कालोनी में हुए एक गृहभेदन की घटना में घर के मालिक दीपक कुमार राय के आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने बताया कि अनुसंघान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर इस घटना में संलिप्त मुख्य अभियुक्त विनोद मुंडा को सुभाषनगर स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। विनोद मुंडा ने अपराध स्वीकार कर लिया। उसके निशानदेही पर उसके घर तलाशी लेने पर चोरी गए सामान जेवरात, एलईडी टीवी, टुलू पंप, इंडक्शन चूल्हा, तीन ट्राली बैग आदि बरामद कर जब्त किया गया। इस चोरी में विनोद मुंडा के साथ दो अन्य सहयोगी भी थे।

लापुंग प्रखंड में शुरू हुई एसए वन की परीक्षा

# विभाग की ओर से हार्ड कॉपी में प्रश्न पत्र नहीं मिला

*विभागीय निर्देशानुसार शिक्षक -शिक्षिकाओं ने गुरुजी एप से प्रश्न पत्र डाउनलोड किया। बाद में उसे प्रिंट करा कर स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच वितरित किया गया*



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के सभी आठ संकुल अन्तर्गत सभी विद्यालयों में पहली से सातवीं कक्षा की एसए वन की परीक्षा का सोमवार को शुभारंभ किया गया। परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में अंग्रेजी की परीक्षा आयोजित की गई। वहीं द्वितीय पाली में छठी एवं सातवीं कक्षा में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई। पहली बार विभाग द्वारा एसए वन की परीक्षा में प्रश्न पत्र की हार्ड कॉपी उपलब्ध नहीं कराया गया। विभागीय निर्देशानुसार शिक्षक शिक्षिकाओं ने गुरुजी एप से क्वेश्चन डाउनलोड किया बाद में उसे प्रिंट करा कर स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच वितरित किया गया। कहीं-कहीं तो प्रिंटिंग की व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण शिक्षक शिक्षिकाओं ने ब्लैक बोर्ड में ही क्वेश्चन लिखकर छात्र-छात्राओं का परीक्षा लिया। कहीं पर ऐसा भी देखा गया कि दो बच्चों के बीच एक प्रश्न पत्र का वितरण किया गया। हालांकि पहले दिन की परीक्षा कदाचार रहित शांतिपूर्ण तरीके आयोजित कर ली गई। लापुंग प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में विद्यालय के प्रधान शिक्षक सह डीडीओ शिव प्रसाद महतो, सहायक शिक्षक जीवेश्वर साय, रीता देवी, विपुल लकड़ा राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में प्रकाश उरांव, उत्तम कुमार मंडल, सूरज प्रसाद सिंह, कालीचरण चौधरी, मो समीउल्लाह हक, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी.में प्रधान शिक्षक सलीम सहाय तिग्गा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लतरातु में ऋषि तेज कुमार केरकेट्टा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बलांदु में अरसेन होरो,उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सेमला कुसुम टोली में रुपेश कुमार पाठक सहित विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं ने एस ए वन की परीक्षा में सराहनीय भूमिका निभाई। वहीं दूसरी ओर आरसी प्राथमिक विद्यालय कुरकुरिया, आरसी प्राथमिक विद्यालय मुरूप, आरसी प्राथमिक विद्यालय सेमला, एसपीजी प्राथमिक विद्यालय डुरु, आरसी मध्य विद्यालय महुगांव, सेंट मेरीज बालिका मध्य विद्यालय एवं निर्मला उच्च विद्यालय में भी शांति पूर्ण तरीके से एस ए वन की परीक्षा आयोजित की गई।

### वन उत्पादकता संस्थान में वनरक्षियों का प्रशिक्षण शिविर शुरू

**रांची।** नगड़ी के लालगुटवा स्थित वन उत्पादकता संस्थान में 16 से 20 दिसंबर तक झारखंड राज्य वन विभाग के वनरक्षियों का प्रेरक प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया। प्रशिक्षण में झारखंड वन विभाग के उप वन संरक्षक, विजय शंकर दूबे के नेतृत्व में 115 वनरक्षी प्रशिक्षण शिविर के लिए पंजीकृत हुए। इससे पहले संस्थान के निदेशक सह मुख्य अतिथि डॉ अमित पांडेय और अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण शुरू किया गया। मौके पर प्रशिक्षण में संस्थान के समूह अनुसंधान सन्वयक, डॉ योगेश्वर मिश्र द्वारा सभी अतिथियों का परिचय कराया गया। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को जलवायु संरक्षण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि सह वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक, डॉ अमित पांडेय ने वनरक्षियों द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय काम करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कोर्स को-ऑर्डिनेटर, रूबी सुसाना कुजूर ने वनरक्षियों को संस्थान द्वारा चलाए जा रहे शोध-कार्यों से अवगत कराया।

डीएवी हेहल के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर दिखाया दमखम

# 30 स्वर्ण,14 रजत और 8 कांस्य पदक जीता



*एरोबिक्स में बालक अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण और अंडर-19 वर्ग में रजत पदक जीते। कराटे प्रतियोगिता में सूरियब यश ने अंडर -19 वर्ग में कांस्य पदक अर्जित किया*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/नई दिल्ली**
डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति,नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित दो से आठ दिसंबर 'डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स' की राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के खिलाड़ियों ने कुल 30 स्वर्ण,14 रजत और 8 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया।बालिका वर्ग के अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रियांशी ने ₹मैन ऑफ द मैच₹ का खिताब अपने नाम किया।खो-खो अंडर-19 में टीम ने स्वर्ण पदक जीता। शूटिंग प्रतियोगिता में बालिका वर्ग (अंडर-14, 17, 19) में स्वर्ण पदक और बालक वर्ग (अंडर-17, 19) में रजत पदक हासिल किए। एरोबिक्स में बालक अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण और अंडर-19 वर्ग में रजत पदक जीते। कराटे प्रतियोगिता में सूरियब यश ने अंडर -19 वर्ग में कांस्य पदक अर्जित किया। विद्यालय के खिलाड़ियों की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस.के. मिश्र ने कहा कि ₹हमारे खिलाड़ी खेलों के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डीएवी का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। उनकी यह मेहनत और उपलब्धि प्रशंसनीय है। प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास जारी रखने की सलाह देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की कामना की। इसके साथ ही प्राचार्य ने खेल शिक्षकों संजय मण्डल,एस एम अजीम, प्रोलय करमाकर, अमर तिवारी एवं अन्य शिक्षकों, खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को भी बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# एनके महाप्रबंधक के तबादले से परियोजना विस्तारीकरण में होगी परेशानी : बिगन भोगता

*सीसीएल प्रबंधन के रवैया को देखते हुए भोगता ने कहा कि यदि 15 दिनों के अंदर रैयतों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो एनके एरिया में बड़ा आंदोलन किया जाएगा*

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एनके एरिया महाप्रबंधक सुजीत कुमार का तबादला कुछ स्वार्थी नेताओं ने साजिश के तहत कराया है। भोगता ने कहा कि महाप्रबंधक सुजीत कुमार का एनके एरिया में एक साल भी नहीं हुआ है। उन्होंने अपने कार्यकाल में एनके एरिया के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक नया आयाम देने काम किया है। जिस तरह से महाप्रबंधक ने विस्थापितों एवं ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित कर केडीएच परियोजना, रोहिणी परियोजना, एवं पुरनाडीह परियोजना के विस्तारीकरण में अपना योगदान दिया वह सराहनीय है। उत्पादन लक्ष्य पूरा करने के लिए मात्र साऐ.तीन महीना बचा है। ऐसे समय में तबादला होना अनेक प्रकार के सवाल खड़ा कर रहा है। बिगन सिंह ने कहा कि महाप्रबंधक सुजीत कुमार के द्वारा केडीएच, रोहिणी एवं पुरनाडीह परियोजना के रैयतों को आश्वासन दिया गया था कि 10 दिनों के अंदर अंचल अधिकारी टंडवा एवं अंचल अधिकारी खलारी के साथ मिलकर सभी रैयतों के लंबित नौकरी, मुआवजा से संबंधित समस्या का निष्पादन किया जाएगा। ऐसे में तबादला होने से यहां के रैयतों का भविष्य फिर से अंधकार हो जाएगा। वर्षों से यहां के रैयत छले जा रहे हैं। सीसीएल प्रबंधन के रवैया को देखते हुए भोगता ने कहा कि यदि 15 दिनों के अंदर रैयतों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो एनके एरिया में बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी।


**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय- उप कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण), उन्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग**

सामयिक सूचना अंक–05/ वर्ष 2024–25

**आलू फसल में लगने वाले रोग एवं कीट की जानकारी तथा रोकथाम हेतु ध्यान देने योग्य बातें**

प्रिय किसान बंधुओं,
रबी फसलों में आलू की खेती बहुत बड़े पैमाने पर हजारीबाग जिले में होती हैं। आलू की फसल की बुआई से लेकर उत्पादन, खुदाई तथा भंडारण तक समय समय पर अनेक प्रकार के रोगों एवं कीटों का प्राकोप होता हैं। अगर सही समय पर इसका नियंत्रण नहीं हुआ तो ये अत्याधिक नुकशान पहुँचा सकते है। अतः इन कीटों एवं व्याधियों का नियंत्रण ससमय अति आवश्यक है।

आलू के प्रमुख रोग एवं इनका नियंत्रण

1. अगेती अंगमारी रोग :– फसल बोने के 3–4 हफ्तें बाद लक्षण पौधों की निचली पत्तियों पर छोट– छोटे, कोणीये अकार के धब्बों के रूप में दिखाई देते हैं। नम मौसम में धब्बें अपास में मिल जाते हैं, भूरे व काले रंग में बड़े क्षेत्र में फैल जाते है। अत्याधिक प्रकोप होने पर पत्तियाँ सिकुड़ जाती है। पौधे के तनों पर भूरे काले निशान बन जाते है। रोग का असर आलू के कंदो पर भी पड़ता है। नतीजतन कंद आकार में छोटे रह जाते है।

प्रबंधनः–
- यह एक मृदाजनित रोग है, मिट्टी उपचार करना अति आवश्यक हैं।
- फसल में लक्षण दिखाई देते ही मैंकोजेब या रीडोमिल गोल्ड 400–500 ग्राम प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें आवश्यकता होनें पर प्रत्येक 15 दिनों के बाद दुबारा छिड़काव करें।

2. पछेती अंगमारी रोग :– यह एक विनाशकारी रोग है, इसका प्रकोप दिसंबर महीने की अंतिम सप्ताहों से लेकर जनवरी में प्रायः देखा गया हैं। पत्तियों की निचली सतहों पर सफेद रंग के गोले बन जाते है। जो बाद में भूरे व काले हो जाते है। आर्द्रता इस रोग को बढ़ाने में मदद करती है। रोग की उग्र अवस्था में पूरा पौधा गिर जाता है तथा आलू के कंद आकार में छोटें रह जाते हैं।

प्रबंधनः–
- यह एक बीजजनित रोग हैं। बीज उपचार अति आवश्यक हैं।
- हमेशा रोगमुक्त बीज का प्रयोग करें।
- फसल में लक्षण दिखाई देते ही मैंकोजेब या रीडोमिल गोल्ड या कर्जेन्ट एम 8, 400–500 ग्राम प्रति एकड़ की दर या मेलोडी डुओ 120 ग्राम प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। आवश्यकता होने पर 15 दिनों के बाद दुबारा छिड़काव करें।

3. जीवाणु उकठा रोगः– यह रोग जीवाणु से फैलता है। रोग ग्रसित पौधे हरें रूप में ही मुरझा जाते है। प्रभावित पौधों की जड़ो को काटकर काँच के ग्लास में साफ पानी में रखने से जीवाणु रीसाव स्पष्ट देखा जा सकता है।

प्रबंधनः–
- यह रोग मृदाजनित है, एस्ट्राप्टोसाइक्लिन 20 ग्राम 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ की दर से मिट्ट्टी में छिड़काव करे।

4. पोटाटों लीफ रोल वायरस – यह रोग विषाणुओं के द्वारा फैलता हैं। इस रोग के प्रकोप से पत्तियाँ ऊपर की ओर किनारे से मुड़ जाते है। पौधा का विकास रूक जाता है, बौने हो जाते है। इस रोग को फैलाने में लाही कीट सहायक हैं, लाही पत्तियों से रस चूराते है और विषाणुओं को फैलाते है।

प्रबंधनः–
- पीला चिपचीपा ट्रैप 12 प्रति एकड़ की दर से लगाए।।
- इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस0 एल 3 मि0ली0 प्रति 10 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

आलू के प्रमुख कीट एवं इनका नियंत्रण

1. तंबाकू पिल्लू: स्पोडोप्टेरा लिटुरा :– प्रारंभिक अवस्था में पिल्लू समूह में रहते हैं और पत्तियों को खुरचते हैं, वयस्क होने पर पिल्लू फैल जाते हैं और पत्तियों को पूरी तरह से खाते हैं जिसके परिणामस्वरूप पौधों की वृद्धि रूक जाती है।

प्रबंधः
- प्रारंभिक अवस्था के पिल्लू के हाथ से उठाऐ और उन्हें मार दें।
- नर पतंगों को आकर्षित करने के लिए फेरोमोन फंदा 15 प्रति हेक्टयर की दर से लगाएँ।
- जहर चाराः चावल की भूसी 5 किलोग्राम+क्लोरपायरीफॉस 20 EC 125 मिली+ 3 लीटर पानी मिलाकर 24 घंटे रखने के बाद शाम के समय खेत के चारों ओर रखें। (प्रति हेक्टेयर के लिए)
- ब्यूवेरिया बैसियान या मेटाराईजियम जैव–कीटनाशकों का 4 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।
- इंडोक्साकार्ब 14.50% एस0 सी0 400–500 मिली या स्पनिटोरीयम 11.70% एस0 सी0 375–450/ प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।
  1. लाही :– लाही रस चूसने वाले कीट है, जिससे पत्तियाँ टेढ़ी–मेंढ़ी हो जाती है। ये विषाणुओं को भी फैलाते है जैसे पोटाटों लीफ रोल वायरस ।
  2. सफेद मक्खी :– सफेद मक्खी पत्तियों से रस चूसते है, जिससे पत्तियाँ सिकुड़ जाते है। ये विषाणुओं को भी फैलाते है जैसे आलू पीला शिरा वायरस । इनका समय पर नियंत्रण करना अति आवश्यक हैं।

नियंत्रणः–
- पीला चिपचिपीं ट्रैप 12 प्रति एकड़ की दर से लगाएँ।
- कीट दिखाई देते ही इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस0 एल0 3 मि0 ली0 प्रति 10 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- नीम निर्मित कीटनाशी जैसे नीम सीड करनल एक्सट्रैक्ट 5% का छिड़काव करें अथवा नीम के तेल का छिड़काव 2 मि0 ली0 प्रति लीटर पानी की दर से करें।

सहायक कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण)
उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग

PR 342166 Agriculture (24-25)_D

## एक नजर

### सिद्धू कान्हू मैदान में कल होगा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़।** नगरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण के लिए झारखण्ड पुलिस की अनूठी पहल के तहत 18 दिसंबर को समय- 11:00 बजे से सिद्धू कान्हू मैदान रामगढ़ में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें रामगढ़ जिला के आम नागरिक उपस्थित होकर अपना शिकायत दर्ज करवाते हैं, जिसका निष्पादन त्वरित गति से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान ही किया जाएगा। ऐसे मामले में जिनका निष्पादन कार्यक्रम के दौरान नहीं किया जा सकेगा, उन्हें एक निर्धारित समय बताया जाएगा। उस निर्धारित समय अवधि के अन्दर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही रामगढ़ पुलिस द्वारा निर्गत मोबाईल नं0-9162388444 एवं ईमेल आइडी पर रामगढ़ जिले की आम जनता अपनी शिकायतों / समस्याओं को साझा कर सकतें हैं।

### विजय दिवस पर शहीद सैनिकों को किया गया नमन

**हजारीबाग ।** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड हजारीबाग जिला इकाई द्वारा 1971 के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को शहीद स्मारक (सर्किट हाउस) हजारीबाग में संगठन के सदस्यो ने उपस्थित होकर शहीद जवानों को फूल मालाओं से श्रद्धांजलि दिया गया साथ ही उनके बलिदानों को याद किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित 1971 के योद्धा ह. कैप्टन अखौरी गोविंद सहाय को सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि आज विजय दिवस हम लोग मना रहे हैं, इसके लिए हजारों जवानों ने सर्वोच्च बलिदान देकर देश की हिफाजत की। आज ही के दिन पाकिस्तान के 93 हजार सैनिक भारतीय सैनिकों के सामने त्मसमर्पण किया था, इसी वजह से आज हम लोगों को विजय दिवस मनाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

### स्कूल के निदेशक ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण

**बरकट्ठा।** गंगपाचो स्थित सीबीएसई से +2 तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल ने गरीब व निःसहायों के बीच कंबल का वितरण किया। इस निमित विद्यालय निदेशक आई.पी भारती ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा से गरीबों की बांटकर सेवा के लिए प्रयासरत है। साथ ही विद्यालय पहंचने में असमर्थ लोगों को उनके गांव व पंचायत जाकर कंबल वितरण किया गया है। कंबल लेने के उपरांत सभी वृद्ध व गरीब लोग काफी प्रसन्न नजर आए। निदेशक ने अभिभावकों व शिक्षकों से भी अपील किया कि वे लोग अपने क्षेत्र के कम से कम एक गरीब व्यक्ति की मदद अवश्य करें। उन्होंने कहा कि समाज के बुद्धिजीवियों को आगे आकर सभी लोगों में मानवता का पाठ पढ़ाने की आवश्यकता है।

---

राजस्व संबंधित कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

# सभी मामलों को निर्धारित अवधि के दौरान निष्पादित करें : चंदन कुमार

*दाखिल खारिज संबंधित कार्यों में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर मैनेजर आईटी को संबंधित अंचल कार्यालय के साथ संपर्क कर समस्या हल करने का निर्देश दिया*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, परिवहन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गई उपलब्धि की जानकारी ली। वहीं, उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित जिला व अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर तीव्र गति से मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मैनेजर आईटी वेदांत कुमार द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अंचलवार विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सेवा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दाखिल खारिज संबंधित सभी मामलों को निर्धारित अवधि के दौरान निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने दाखिल खारिज संबंधित कार्यों में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर मैनेजर आईटी को संबंधित अंचल कार्यालय के साथ संपर्क कर समस्या हल करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने लंबित दाखिल खारिज मामलों को एक सप्ताह में अभियान मोड में कार्य कर निष्पादित करने का निर्देश दिया। परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आमजनों को उपलब्ध कराई जा रही भूमि संबंधित दस्तावेजों में सुधार सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने पोर्टल पर आए आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

---

# स्कूल में मनाया गया विजय दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना के द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान बच्चों को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सैनिकों के ऐतिहासिक विजय की गौरव गाथा सुनाया गया। कार्यक्रम में आचार्य बच्चूलाल तिवारी भरतीय सैनिकों की वीरता, शौर्य एवं पराक्रम का उल्लेख करते हुए बतलाया कि किस प्रकार हमारे वीर सैनिकों ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तानी सैनिकों को घुटने टेकने को मजबूर कर दिया था लगभग 93 हजार पाकिस्तानी सैनिक हमारे भारतीय सैनिकों के समक्ष आत्मसमर्पण किए थे। प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना ने कहा कि 16 दिसंबर की तिथि हमारे इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षर में अंकित है और रहेगा। विजय दिवस पर अपने देश के सैनिकों की अदम्य वीरता एवं त्याग से प्रेरणा लेकर अपनी मातृभूमि की सेवा करने एवं सैनिकों का सम्मान करने की उन्होंने सीख दी। बच्चों ने भी भाषण एवं देशभक्ति गीतों तथा कविता के माध्यम से वीर सैनिकों के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। इसमें हर्ष कुमार, रामदुलारी,अराध्या, वैष्णवी, परिणीति, आंचल, दिव्या, निवेदिता, अनुष्का, अराध्या, इशिका, प्रियंका, रीत, ओम, मंजीत, अंकित, प्रीतम, मधुरेश गुप्ता की प्रमुख भूमिका रही। मंच संचालन बहन वर्षा कुमारी एवं आदित्य पाठक ने किया।

---

## न्यूज बॉक्स

### प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी हुए रवाना



**रामगढ़।** 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में 13 दिसंबर 2024 को जिला स्तरीय युवा महोत्सव के विजयी खिलाड़ियों को 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक प्रमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए सोमवार को जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेंब्रम ने अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ के परिसर से रवाना किया। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है की प्रमंडल स्तर पर विजयी प्रतिभागियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित युवा महोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। इस महोत्सव से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ेगा और आगे चलकर राज्य और देश का नाम रौशन करेगा। झारखंड में खेल प्रतिभागियों की कमी नहीं है।

### सूरजकुंड धाम में सोहराय सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर बैठक



**बरकट्ठा।** प्रखंड के प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड में सोहराय सम्मेलन समारोह को लेकर भारत जकात मांझी परगना महल की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता सुनील कुमार मुर्मू और संचालन मनोज मुर्मू ने किया। बैठक में आदिवासी समाज के सदस्यों ने सोहराय सम्मेलन समारोह को लेकर चर्चा की। प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा ने कहा कि सोहराय पर्व आदिवासी संथाल का बहुत बड़ा त्योहार है और हमलोग अपना संस्कृति विधि विधान से मनाते है। सोहराय पर्व फसल कटाई के बाद मनाया जाने वाला त्योहार है। यह त्योहार, मवेशियों के सम्मान में मनाया जाता है इसे पशु उत्सव भी कहते हैं। इस त्यौहार में झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, और बिहार में भी मनाया जाता है। सोहराय पर्व संथाल जनजाति का मुख्य त्यौहार है। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा,सचिव मनोज मुर्मू ,युवा समाज सेवी सुनील कुमार मुर्मू, मोहन बास्के, सहदेव मरांडी, विनोद बेसरा, तुलसी मुर्मू, मोतीलाल टुडू, मोतीलाल मुर्मू, शिवराम टुडू, तालो मांझी, मंझलू मुर्मू समेत आदिवासी समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

### विजय दिवस पर याद किए गए जांबाज शहीद, दी गई श्रद्धांजलि




**बरही।** विजय दिवस के अवसर पर भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर ने वंदना सभा के दौरान देश के वीर सैनिकों को याद में श्रद्धांजलि सह नमन सभा का आयोजन किया. जिसकी शुरूआत देश के वीर शहीदों को याद करते हुए भारत माता की चित्र पर पुष्पांजलि के साथ की गई. इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय सीमा सुरक्षा बल तथा आसाम राइफल में सेवा दे सत्र 2016-17 के पूर्ववर्ती छात्र क्रमशः भैया प्रिंस कुमार सिंह व आशुतोष कुमार सिंह उपस्थित रहे. प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने विजय दिवस की जानकारी देते हुए बताया कि 16 दिसंबर 1971 को भारत ने पाकिस्तान को परास्त किया था. जिसके बाद पूर्वी पाकिस्तान ऊर्फ बांग्लादेश का उदय हुआ. प्रधानाचार्य ने विद्यालय के दोनो पूर्ववर्ती छात्रों को शुभकनाए देते हुए हौसला अफजाई किया. वरिष्ठ आचार्य संजीव सिंह ने कहा कि हम भारतीयों के लिए आज का दिवस गौरव का तथा भारतीय सेना का पराक्रम और शौर्य को याद करने का दिन है. इस अवसर पर सप्तम (ब) की बहन आद्या प्रियदर्शी, कोमल कुमारी, सृष्टि कुमारी ने अपनी विचार रखे. अष्टम ब की बहनों ने सामा चकेव नृत्य प्रस्तुत कर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिय. मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य और दीदी उपस्थित थे.

---

प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन

# भारतीय संगीत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई : राकेश गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का सोमवार सुबह 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। दिग्गज संगीतकार पिछले दो सप्ताह से सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल के आईसीयू में दिल संबंधित बीमारियों का ट्रीटमेंट करवा रहे थे। समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। म्यूजिक इंडस्ट्री के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीर पोस्ट कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त किया। इस मौके पर समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने कहा कि महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन को शास्त्रीय संगीत की दुनिया में उनके अतुलनीय योगदान के लिए सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने भारतीय संगीत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई और तबले की मधुर ध्वनियों से संगीतप्रेमियों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि उनकी कला न केवल संगीत का एक उत्कृष्ट उदाहरण थी, बल्कि उन्होंने अपने अनुशासन, समर्पण और प्रतिभा से एक पूरी पीढ़ी को प्रेरित किया। उनका जीवन संगीत की साधना और संस्कृति के प्रति गहरे आदर का प्रतीक है। हम उनकी विदाई को न केवल संगीत जगत की क्षति मानते हैं, बल्कि यह एक ऐसा नुकसान है जिसे भर पाना असंभव है। उस्ताद जाकिर हुसैन की विरासत अनंत काल तक जीवित रहेगी।

---

उप विकास आयुक्त ने की तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक

# लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार सोमवार को उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीडीसी ने विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल विभाग,लघु सिंचाई, विद्युत विभाग,भवन निर्माण जैसे अन्य तकनीकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने सभी तकनीकी विभाग के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा क्रियान्वित योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना, नवसृजित प्रखंड सह अंचल कार्यालय निर्माण कार्य की प्रगति, डीएमएफटी,पीएम अभीम, 15 वें वित्त, जिला अनाबद्ध,व पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। डीएमएफटी मद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि 30 नवंबर 2024 तक विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से 1037 योजनाओं को स्वीकृत करते हुए कार्य आबंटित किए गए है जिसमें 505 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है। उप विकास आयुक्त ने इन सभी कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया तथा जो कार्य अपूर्ण है उनपर आवश्यक गति लाकर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि अगर किसी योजना में जमीनी विवाद आते है उनकी सूचना देने को कहा।

---

सचिव नकुल शर्मा ने भैया- बहनों को किया संबोधित, कहा

# आप संकल्प लेकर आगे बढ़ते रहे तभी भारत विश्व गुरु बनेगा



*पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास कराकर भैया बहनों का सर्वांगीण विकास करना विद्या भारती का लक्ष्य है*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में नकुल शर्मा, प्रदेश सहसचिव, विद्या विकास समिति, झारखंड ने वंदना सभा में भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा- भारतीय संस्कृति के अनुरूप संस्कार युक्त शिक्षा एवं योग आधारित शिक्षा आप सभी प्राप्त कर रहे हैं' आप सभी भैया -बहन को विद्यालय में विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों के अनुसार शिक्षा दी जाती है। आप सभी पूरे मनोयोग से विद्यालय में शैक्षिक एवं सह शैक्षिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आप सभी पूरे मनोयोग से पढ़ाई करें। भारतीय संस्कृति के अनुरूप शिक्षा प्राप्त कर आप भारत माता की सेवा करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ते रहे तभी भारत विश्व गुरु बनेगा। मालूम हो कि प्रदेश सहसचिव नकुल शर्मा ने विद्यालय का अवलोकन किया। मौके पर प्रदेश सहसचिव ने आचार्य बैठक में कहा- बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे पहले शारीरिक विकास आवश्यक है। इसके साथ मानसिक बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास कराकर भैया बहनों का सर्वांगीण विकास करना विद्या भारती का लक्ष्य है। आप सभी आचार्य - दीदी अपने ज्ञान को अद्यतन रखते हुए भैया- बहनों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, आचार्य अनिल कुमार विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहन एवं आचार्य - दीदी उपस्थित थे।

---

जिप सदस्य ने जरूरतमंदों के बीच किया सैकड़ों कंबल का वितरण

# मानव सेवा ही सबसे बडा धर्म : सीके पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र में बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए दक्षिणी जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया और समाजसेवी चंद्रकांत पाण्डेय के द्वारा सैकड़ों वृद्ध, असहाय जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ठंढ बढ़ रही है वैसे में गरीबों का बचना मुश्किल हो जायेगा। सबसे ज्यादा जो लोग बाहर के रिक्शा चालक या मजदूरी करने वाले बाहर फुटपाथ पर सोते हैं उनके लिए बहुत कठिन का काम है। वैसे लोगों को सेवा करना बहुत ही जरूरी है। कुछ लोग तो बोरा और टाट ओढ़कर सो जाते हैं जो ठंढ का शिकार हो जाते हैं और इलाज नहीं कराने के कारण उनकी मृत्यु भी हो जाती है। मौके पर सीके पाण्डेय ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और मैं हमेशा लोगों की सेवा करता रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। उन्होंने लोगों को ठंड से बचने की सलाह देते हुए कंबल का उपयोग करने की बात कही। मौके पर पूर्व उपमुखिया सुरेश कुमार पाण्डेय, रामजी हंसदा,शिवम कुमार,मनोज मुर्मू समेत आदि महिला-पुरूष उपस्थित थे।

---

सीएटीसी कैंप में एनसीसी कैडेट्स का प्रशिक्षण समारोह संपन्न

# विजेता कैडेट्स को मेडल व ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित



*एनसीसी कैडेट्स ने देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद -विवाद, भाषण एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में चल रहे 10 दिवसीय सीएटीसी कैंप में 22, झारखंड एनसीसी बटालियन हजारीबाग ग्रुप के अंतर्गत समापन समारोह संपन्न हुआ। इस कैंप में 8 दिसंबर से 17 दिसंबर 2024 तक एनसीसी सिनियर, जूनियर लड़का एवं लड़की कैडेट्स को शारीरिक मजबूती,भौतिक सहन- शक्ति, एकता और अनुशासन पर जोर देते हुए कमांडिंग आफिसर लेफ्टीनेंट कर्नल एंटोनी सेलवन ने कहा की एनसीसी कैडेट्स को ड्रील, ड्रेस का पहनना, फायरिंग हथियारों की जानकारी, मैप का पढ़ना, शारीरिक विकास, व्यक्तिगत विकास एवं आध्यात्मिक विकास का पाठ पढ़ाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह एवं सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। एनसीसी कैडेट्स ने देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद -विवाद, भाषण एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कैंप में सूबेदार मेजर जगदीश चंद्र, ट्रेनिंग जेसीओ नायब सूबेदार सुरेंद्र चंदेल एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ अमन वर्मा, सीटीओ दीपक सारण, पूनम प्रभा एवं सभी पी आई स्टाफ की मुख्य भूमिका रही। एनसीसी के सभी पदाधिकारियों ने राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि एवं कुलसचिव प्रो (डॉ)निर्मल कुमार मंडल को दियस और धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

---

विधायक के प्रयास से प्रवासी मजदूर का शव पैतृक गांव लाया गया

# शव पहुंचते ही लोगों की आंखें हुई नम



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** विधायक अमित कुमार यादव के प्रयास से प्रवासी मजदूर का शव पैतृक गांव लाया गया। वहीं शव पहुंचते ही उपस्थित ग्रामीणों की आंखें नम हो गई। बताया जाता है कि ग्राम किमनिया पंचायत गंगपाचो थाना बरकट्ठा निवासी 19 वर्षीय सुरज कुमार यादव, पिता स्व नारायण यादव मुंबई में एक होटल में कार्य करता था। शनिवार को होटल में मसाला पीसने के दौरान ग्राइंडर मशीन में हाथ फंस गया। जिसके कारण सूरज की मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही विधायक अमित कुमार यादव होटल मालिक से बात कर मुआवजा की मांग की।वही विधायक ने निजी खर्च से रांची एयरपोर्ट से पैतृक गांव मृतक को भेजा। इस कार्य के लिए झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय सचिव बिनोद प्रसाद ने शव लाने हेतु मदद की। इस दौरान कैलाश यादव, होरील मंडल, अजय सिंह, लक्ष्मण यादव, मनी यादव, प्रकाश मंडल, कैलाश मंडल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

---

वार्षिक साप्ताहिक खेल महोत्सव का मशाल जलाकर किया आगाज

# कर्म करो, फल की चिंता मत करो : एसडीपीओ

*बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी पुरस्कृत होंगे, साथ ही इंटर स्कूल व इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता के लिए भी चयनित किया जायेगा*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** देवचंदा मोड़ स्थित सीबीएसई अधिकृत श्रीद्स इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार से साप्ताहिक वार्षिक खेल महोत्सव का शुरूआत हुआ. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने दीप व खेल मशाल प्रज्ज्वलित कर किया. मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी रंजीत चंद्रवंशी, प्राचार्य रोहित सिंह, उप प्राचार्य विकास सिंह आदि ने मुख्यातिथि को अंगवस्त्र, भागवत गीता का किताब व पौधे देकर स्वागत किया. प्राचार्य श्री सिंह के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सप्ताह दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के इंडोर और आउटडोर स्पोर्ट्स आयोजित किए जायेंगे. जिसमें बेहतर प्रदर्शित करने वाले खिलाड़ी पुरस्कृत तो होंगे ही उन्हे इंटर स्कूल व इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता के लिए भी चयनित किया जायेगा. प्रबंधन समिति के अधिकारी श्री चंद्रवंशी ने बताया कि श्रीद्स स्कूल ने काफी कम समय में सफलता की कई पायदान चढ़े हैं. खेल के क्षेत्र में इस विद्यालय के कई विद्यार्थी जिला व राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभाएं दिखाकर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है. उन्होंने बताया कि बच्चो को चहुंमुखी विकसित करने के लिए विद्यालय प्रबंधन लगातार प्रयासरत है. मुख्यातिथि एसडीपीओ श्री बिमल ने विद्यालय व प्रबंधन की तारीफ करते हुए बच्चो का हौसला अफजाई किया. उन्होंने गीता सार कर्म करो फल की चिंता नही करो जैसे उपदेश की चर्चा करते हुए बच्चो को खेल और पढ़ाई को पूरी निष्ठा पूर्वक करने की बात कही. उन्होंने कहा की मेहनत करने वाले कभी असफल नहीं होते है. विद्यार्थियों को अपने नियमित दिनचर्या में पढ़ाई के साथ खेल को भी शामिल करनी चाहिए. खेल भी कैरियर का एक अभिन्न अंग है. अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियो को वार्षिक खेल महोत्सव का बधाई देते आगमी नववर्ष की शुभकामनाएं दिया.

## स्पेशल ड्राइव के दूसरे दिन भी चला सघन वाहन चेकिंग अभियान

### 74 वाहनों से वसूला 1 लाख 23 हजार का जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा** । जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर डीसी अजय कुमार सिंह एवं एसपी सौरभ कुमार के निर्देश पर स्पेशल ड्राइव चलते हुए परिवहन विभाग ने दूसरे दिन भी सघन रूप से वाहन जांच अभियान चलाया। दूसरे दिन यह अभियान जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचेडेगा एवं सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रिंस चौक में किया गया।अभियान के दौरान दो पहिया,तीन पहिया एवं अन्य प्रकार के वाहनों के दस्तावेजों की सघनता पूर्वक जांच की गई। जांच के दौरान जिन वाहनों के दस्तावेज अधूरे पाए गए एवं जिन चालकों के पास चालक अनुज्ञप्ति पत्र( ड्राइविंग लाइसेंस) नहीं था,उनसे जुर्माना वसूला गया।दूसरे दिन कुल 88 वाहनों की जांच की गई। जिनमें 74 वाहनों से 1 लाख 23 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पेशल ड्राइव के तहत अचानक चले इस वाहन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया लोग अपने वाहनों को इधर-उधर लेकर भागते दिखे। इधर जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बाखला ने सभी वाहन चालकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सभी वाहन चालक वाहन चलाने के दौरान सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें अन्यथा जांच के दौरान पकड़े जाने पर उनपर जुर्माना किया जाएगा। उन्होंने सभी वाहन चालकों को अपने-अपने वाहनों के दस्तावेज जल्द से जल्द दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों से विशेष आग्रह करते हुए कहा है कि सभी दो पहिया वाहन चालक वाहन चलाने के दौरान हेलमेट का उपयोग जरूर करें।वाहन जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बाखला,मोटरयान निरीक्षक प्रकाश रंजन,सदर सीओ इम्तियाज अहमद,सदर थाना प्रभारी दिनेश कुमार प्रजापति एवं जिला पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### उपायुक्त ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति के साथ किया बैठक

# ठोस और तरल कचरा अवशिष्ट पदार्थों का प्रबंधन करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**





उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आहूत की गई।बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 अंतर्गत विभिन्न कंपोनेंट पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई एवम वितीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्य प्राप्ति हेतु जिला जेल एवम स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। राज्य समन्वयक श्रेया त्रिपाठी के द्वारा जिले के प्रगति के बारे पीपीटी के माध्यम से प्रगति प्रस्तुत किया गया ।इस दौरान ठोस व तरल कचरे को कैसे अलग करें और इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कैसे निपटाया जाए के मुदे पर चर्चा हुई एवम उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला जल वम स्वच्छता समिति सिमड़ेगा के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के दूसरे चरण का प्रमुख उद्देश्य गांवों को खुले शौच मुक्त की स्थिति को बनाए रखना और ठोस व तरल कचरा प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई के स्तर में सुधार लाकर उन्हें ओडीएफ प्लस गांव और स्वच्छता, ठोस व तरल कचरा प्रबंधन युक्त बनाना है। उन्होंने अबुआ आवास योजना के लाभुकों को शौचालय योजना आच्छादित करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने ओडीएफ प्लस के सात घटकों यथा-खुले में शौच मुक्त के स्थायित्व को बनाए रखना, ठोस कचरा प्रबंधन, तरल कचरा प्रबंधन, गोबर-धन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, सुरक्षित माहवारी प्रबंधन एवं मलीय कचरा प्रबंधन से जुड़े जिला अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी ली तथा दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सभी निमार्ण कार्य की वेरिफिकेशन करने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने फेज-2 से जुड़े कार्यों को 15वें वित्त आयोग पंचायती राज, मनरेगा ग्रामीण विकास एवं जिला परिषद विभाग को योजना का क्रियान्वयन अभिसरण माध्यम के पूर्ण करने का निर्देश दिया। तथा संबंधित विभाग के अधिकारी को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने व जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक में उपायुक्त ने ठोस एवं तरल कचरा अवशिष्ट पदार्थों का प्रबंधन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग किसी भी हाल में किसी भी स्तर पर न हो, इसे सुनिश्चित कराने पर जोर दिया।

## कचरा डंपिंग यार्ड को हटाने की मांग अगर नहीं हटाया गया तो आंदोलन करने को बाध्या हो जायेंगे : ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शहरी क्षेत्र के गुलजार गली - बाजार टोली रोड में घनी आबादी के बीच बनाए गए कचरा डंपिंग यार्ड को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बाजार टोली में बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन द्वारा तत्काल कचरा डंपिंग यार्ड को हटाने की कार्रवाई नहीं की जाती है तो वे लोग सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को बाध्या हो जायेंगे। मांगों से संबंधित आवेदन भी जिले के उपायुक्त, एसडीओ, नगर परिषद एवं स्थानीय विधायक को सौंप कर तत्काल कचरा डंपिंग यार्ड को घनी आबादी के बीच से हटाने की मांग की गयी है. विरोध के बाद भी यार्ड को नहीं हटाने से लोग गुस्से में शरीर क्षेत्र में घनी आबादी के बीच कचरा डंपिंग यार्ड बनाए जाने का लोगो ने कई बार विरोध किया है।इसके बावजूद प्रशासन के के द्वारा इसे हटाने की दिशा में कार्रवसाई नहीं की जा रही है. घनी आबादी में डंपिंग यार्ड बनाए जाने से लोगो को सांस की बीमारी हो रही है. सांस लेने में लोगो को दुर्गंध के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।कचरा डंपिंग यार्ड के बगल में स्टेडियम है,जहां पर सुबह में लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए आते है लोगो को जोगिंग करने के दौरान दुर्गंधयुक्त हवा का सामना करना पड़ता है।

## जनता का प्यार, समर्थन और आशीर्वाद ही हमारी ताकत : विधायक भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पाकरटांड़ प्रखंड में सोमवार को विधायक भूषण बाड़ा ने आभार यात्रा सह विजय जुलूस निकाल कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। आभार यात्रा सह विजय जुलूस सिकरियाटांड़ होते हुए विधायक के पैतृक गांव सोगड़ा पेठियारटोली पहुंची। जहां उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। इसके बाद आभार यात्रा पाकरटांड़ प्रखंड मुख्यालय किया। मौके पर जगह जगह ग्रामीणों ने विधायक को फुल माला पहना कर स्वागत किया। वहीं समर्थकों ने अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। विधायक ने भी जनता के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनता का प्यार, समर्थन और आर्शीवाद ही उनकी ताकत है। जिनके दम पर ही विधानसभा चुनाव में जीत मिली है। विधानसभा चुनाव में जनता ने जो समर्थन और प्यार दिया है वह सराहनीय है। अब क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। विधायक नहीं बेटा बनकर लोगों की सेवा की जाएगी। गांवों का विकास किया जाएगा। ग्रामीण शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में पहल तेज करेंगे।



### पिछले पांच साल में भूषण बाड़ा ने खिंची है विकास की लंबी लकीर: जोसिमा खाखा

मौके पर पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा ने पिछले पांच साल में विकास की लंबी लकिरें खिंची है। इसका परिणाम यह हुआ कि जनता ने एक बार पुनः भूषण बाड़ा को जीताने का काम किया। यह जीत जनता के प्यानर, समर्थन और कार्यकर्ताओं के मेहनत का परिणाम है। आने वाले दिनों में विधायक भूषण बाड़ा के नेतृत्व में विकास की गति तेज होगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा ,प्रमुख रजत लकड़ा,समीर किंडो सहित प्रखंड कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारी, महिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित



**ठेठईटांगर।** थाना मुख्यालय मे बीते दिन हुए बारिश के बाद अप्रत्याशित रूप से ठंड में बढ़ोतरी हुई है, लोग दिन-रात गर्म कपड़े पहनने की जरूरत महसूस कर रहे हैं। गरीब असहाय वृद्ध जो हर वर्ष इस आस में रहते हैं कि कब सरकारी योजना के तहत सरकार द्वारा कंबल वितरण होने से राहत महसूस करेंगे । अभी तक सरकार द्वारा ना तो कंबल वितरण और ना ही कहीं पर अलाव की व्यवस्था की गई है जिससे लोगों को ठंड से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चौक चौराहो आवास वह सार्वजनिक स्थलों पर लोग ठंड से बचने के लिए अलाव की उम्मीद लगाए रहते हैं लेकिन ना तो सरकार के द्वारा नहीं प्रखंड प्रशासन के द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार चौक में एक जगह प्रशासन की ओर से 500 का लकड़ी जलावन के लिए अनुदान दिया गया है।

## आदिवासी मुलवासी रैयतों की जमीन बचाने में सरकार और प्रशासन विफल : नील जस्टिन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा के पूर्व जीप सदस्य नील जस्टिन बेक ने सोमवार को कहा कि सिमडेगा जिला प्रशासन की मिली भगत से आदिवासी मुलवासी रैयतों की ज़मीन फर्जी कागजात दिखा कर गैर आदिवासियों को बेचवा रही है।उन्होंने कहा आदिवासियों मुलवासियों के ज़मीन के रक्षा के लिए बने सीएनटी एक्ट का उलंघन हो रहा है। प्रशासन को आवेदन देने से भी आदिवासी मुलवासियों रैयतों के हित में काम अधिकारी नही कर रहे है।उन्होंने कहा सिमडेगा अंचल के खिजरी मौजा के खाता नंबर 152, एवं कई पहनाई ज़मीन पर फर्जी कागजात के बल पर आदिवासी मुलवासी रैयत की ज़मीन पर कब्ज़ा किया गया है।आदिवासी मुलवासी हितैषी सरकार और प्रतिनिधि हैं आँख मुंदकर कितने ही आवेदन एसडीओ एवं डीसी को मामले की जाँच और रैयत के अधिकार रक्षा के लिए दिये गये।किन्तु किसी भी अधिकारी द्वारा निष्पक्ष करवाई नहीं की जा रही है जो कि आदिवासियों मुलवासियों के प्रति सरकार और जिला प्रशासन की उदासीनता और मिली भगत से लूट खसोट और भ्रस्टाचार को बढ़ावा दे रहें हैं ,जबकि उनका कर्तव्य है कि आदिवासियों के कानून और उनके ज़मीन की रक्षा करें।उन्होंने कहा ज़मीन दलाली के लिए फर्जी कागजात जारी करने वाले और गैर कानूनी ढंग से रजिस्ट्री एवं कार्यालय में दो -पांच की गैर कानूनी कार्यों में लिप्त अधिकारीयों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आदिवासी रैयत आंदोलन और लड़ाई के लिए बाध्य हैं।बहुत जल्द आदिवासी मुलवासी संगठन और रैयत सड़कों पर प्रशासन और सरकार के खिलाफ मुखर आंदोलन तेज करेगी जिसके जिम्मेवार जिला प्रशासन और सरकार होगी।

## कायाकल्प की टीम ने सिमडेगा सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर अस्पताल को ग्रेड देने के लिए कायाकल्प की दो सदस्यीय टीम सोमवार को निरीक्षण करने पहुंची। टीम ने अस्पताल के वार्डों में घूमकर मरीजों को मिलने वाली यहां की सुविधाओं की जानकारी ली।जानकारी के अनुसार टीम सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान मैनेजर अलका कुल्लु के साथ पूरे अस्पताल का भ्रमण किया। भ्रमण के समय ड्रेसिंग कक्ष में मौजूद समस्त उपकरण व साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। ड्रेसर कक्ष के बाद उन्होंने इंजेक्शन कक्ष, डॉक्टर डयूटी कक्ष, ब्लड बैंक, मेडिकल वार्ड, सर्जिकल वार्ड, डायलेसिसम रूम, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, पोषण पुनर्वास केंद्र, मेटरनिटी वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, प्रसूति कक्ष का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नवजात शिशु गहन इकाई कक्ष की




तारीफ की।

टीम द्वारा सुबह से लेकर दोपहर तक किए गए निरीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट तैयार कर शासन को सौंपेगी। सिविल सर्जन ने बताया कि टीम ने अस्पताल परिसर का जायजा लिया है। जिसमें कई विषयों को लेकर तारीफ की है।

## बानो थाना में कल जनशिकायत कार्यक्रम का आयोजन

**बानो।** अंचल के बानो थाना, महाबुआँग एवं गिरदा ओपी तथा कोलेबिरा थाना में 18 दिसंबर को जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। क्षेत्र के सभी आम जनता कार्यक्रम में शामिल होकर अपने पुलिस सम्बन्धी शिकायत जन समाधान कार्यक्रम में दर्ज करवा सकते है। जानकारी बानो थाना प्रभारी विकास कुमार बताया कि बानो थाना परिसर में आयोजित होने वाले उक्त जन शिकायत कार्यक्रम शिविर में आकर लोग पुलिस संबंधित शिकायत दर्ज कर सकते हैं जहां पर प्राथमिकता के आधार पर उनकी समस्याओं को दूर करने का कार्य किया जाएगा गौरतलब का राज्य के पुलिस महानिदेशक के निर्देश में पूरे राज्य भर में पुलिस की ओर से जान शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि जनता और पुलिस के बीच संबंध मजबूत हो सके।

### विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने बांसजोर के ग्रामीण क्षेत्रों में आभार यात्रा निकाला

## जनता से किये गये हर एक वादों को पूरा करेगी गठबंधन सरकार :विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बांसजोर।** विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने सोमवार को बांसजोर प्रखंड के तरगा, उरते, बांसजोर होते हुये कोम्बाकेरा पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में आभार यात्रा निकाल कर उन्होंने जनता के प्रति आभार जताया। विधायक ने कहा कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में गत पांच वर्षों में विकास की गंगा बही है ,विधानसभा में विकास कार्य में किसी प्रकार की कमी नहीं रहेगी। जनता ने हमारी सेवा भावना को देखते हुए दोबारा से विधायक बनाकर क्षेत्र का प्रतिधित्व तथा सेवा करने का जो मौका हमको दोबारा से दिया है उसमें किसी प्रकार की कसर नहीं छोड़ूंगा। हमारी जनता ने जिले को भाजपा व झापा मुक्त बनाने में अहम योगदान दिया है। जिसके लिए कांग्रेस कमेटी सदैव ऋणी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह जीत कोलेबिरा विधानसभा के विकास की जीत



है। इस जीत का पुरा श्रेय क्षेत्र की जनता एवं कार्यकर्ताओं के मेहनत का परिणाम है। यह विजय केवल मेरी नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता के विश्वास और एकता की है। जनता के भरोसे को मजबूत करना और क्षेत्र के हर कोने में विकास, प्रगति और समृद्धि लाना मेरा प्रमुख उद्देश्य रहेगा। विधायक ने कहा कि ऊंच-नीच, गरीबी-अमीरी के भेदभाव से ऊपर उठकर जनता की सेवा करेंगे। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में जो काम अधूरे रह गए हैं, उन्हें पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।अंतिम में श्री कोंगाड़ी ने अपने और समस्त इंडिया गठबंधन कार्यकर्त्ता की ओर से सबों को धन्यवाद दिया।आभार यात्रा के दौरान मौजूद जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रवेक्षक संजय हेरेंज, प्रखंड प्रभारी अमित डुंगडुंग,प्रखंड अध्यक्ष बर्थलोमी तिर्की,रवि साहू,अजय सिंह आदि सैंकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गांधी मेला को लेकर 52.57 लाख में नगर परिषद में हुआ डाक बंदोबस्ती

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर सिमडेगा में 26 जनवरी के मौके र गांधी मैदान में लगने वाले ऐतिहासिक गांधी मेला को लेकर नगर परिषद सिमडेगा द्वारा सोमवार को डाक बंदोबस्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। मौके पर नगर परिषद की प्रसाशक समीर बोदरा एवं सिटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह एव प्रवीण इंदवार मुख्य रूप से मौजूद रहे। जहां पर डाक बंदोबस्ती के लिए पांच संवेदकों ने हिस्सा लिया जिसमें मो मंसूर आलम, सत्यनारायण प्रसाद, कुशाग्र कुमार, मो साकिर एवं एक अन्य शामिल थे। नगर परिषद द्वारा आयोजित डाक बंदोबस्ती में 5240550 से बोली शुरू हुई। जो लगातार बढ़ते हुए कुल 9 चक्र तक चलता रहा जिस पर उच्चतम डाक वक्त के रूप में सत्यनारायण प्रसाद ने 52 लाख 57000 की उच्च बोली लगाकर गांधी मेला की डाक को अपने नाम किया। जानकारी देते हुए प्रशंसक




समीर बोदरा ने बताया कि डाक वक्त के द्वारा लगाए गए बोली की डाक राशि 24 घंटे के अंदर नगर परिषद कार्यालय में जमा करनी है। जिसके बाद इकरारनामा के पश्चात उन्हें 26 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक लगने वाले ऐतिहासिक गांधी मेला में वसूली करने के लिए अधिकृत किया जाएगा। गौरतलब हो वर्ष 2018 में 1950000 में डाक बंदोबस्ती प्रक्रिया हुई थी जो 2022 में बढ़कर 45 लाख 57 हजार पहुँच गई थी। 2023 परिषद द्वारा 15 फ़ीसदी बढ़ाते हुए बोली शुरू कराई गई थी जहां पर 72 लाख 2000 की उच्च बोली के साथ डाक बंदोबस्ती प्रक्रिया संपन्न हुई थी।इस बार बेस रेट के तहत 5257000 में प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

## न्यूज बॉक्स

### मुंबई के हृदय रोग चिकित्सक सिमडेगा सदर अस्पताल में किया निशुल्क इलाज



**सिमडेगा।** कार्डियो थोरेसिक सर्जन डॉक्टर जेम्स थॉमस डीवाई पाटील यूनिवर्सिटी ,नवी मुंबई हृदय रोग चिकित्सक ने सोमवार को सिमडेगा सदर अस्पताल में जिले के मरीजों को निशुल्क इलाज किया। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान ने कहा सदर अस्पताल में दिन प्रतिदिन मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ्ढ करने का काम की जा रही है ताकि यहां पर आने वाले मरीजों को सभी प्रकार की समुचित इलाज में लाभ मिल सके और इसी कड़ी में मुंबई से प्रसिद्ध डॉक्टर के द्वारा यहां पर हृदय रोग से संबंधित मरीजों का उपचार किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि आने वाले दिनों में अन्य सभी प्रकार की बीमारियों के लिए अलग-अलग जगह से वरिष्ठ चिकित्सकों को सिमडेगा सदर अस्पताल में बुलाया जाएगा ताकि सिमडेगा जैसे आदिवासी बहुल जिला के लोगों को सिमडेगा सदर अस्पताल में राजधानी स्तर की चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जा सके। इस दौरान डॉक्टर जेम्स थॉमस के द्वारा सदर अस्पताल में दर्जनों मरीज का बारी-बारी से हृदय रोग संबंधित इलाज किया। मौके पर डॉक्टर जेम्स थॉमस ने कहा कि सिमडेगा जैसे सुदूर भारतीय क्षेत्र में जहां पर लोगों को उपचार के लिए राजधानी रांची या फिर उड़ीसा जाना पड़ता है ऐसी जगह पर इस प्रकार का सुविधा देना मेरे लिए भी सौभाग्य की बात है और इसीलिए मेरी ओर से सदर अस्पताल सिमडेगा निशुल्क लोगों का उपचार किया गया।

### जलडेगा और परबा लैंपस में आज से शुरू होगी किसानों से धान की खरीददारी



**जलडेगा।** सोमवार को जलडेगा प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में लैम्पस अध्यक्ष, सचिव एवं प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी के अलावा कृषक मित्रों एवं जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक का आयोजन कर मंगलवार से जलडेगा एवं परबा लैम्पस में किसानों से धान खरीददारी का शुभारम्भ करने पर चर्चा हुई। बीडीओ ने बताया कि इस वर्ष किसानों से क्रय किये जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपया प्रति क्विंटल की दर एवं बोनस 100 रुपया प्रति क्विटल की दर से भुगतान किया जाना है। बैठक में बीडीओ एवं सीओ द्वारा कृषक मित्रों के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों का निबंधन बढ़ाने का निर्देश दिया गया। जलडेगा में निबंधित किसानो की संख्या अपेक्षाकृत काफी कम है। उन्होंने पंचायत स्तर पर कैंप कर किसानों का निबंधन करने को कहा निर्देश दिया गया। निबंधन हेतु आवश्यक दस्तावेज में किसान का आधार कार्ड, बैंक खाता, चालू मोबाइल नंबर, पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ, जमीन का रसीद, वंशावली इत्यादि के साथ किसान अपना आवेदन जमा करेंगे। जिसके बाद त्वरित रूप से उनका निबंधन किया जाएगा। बीडीओ ने बताया कि प्रति क्विंटल प्रति एकड़ 16 क्विंटल किसानों से धान का क्रय किया जाएगा।

### जूनियर महिला हॉकी एशिया चैंपियनशिप में सिमडेगा की बेटियों ने किया कमाल



**सिमडेगा।** महिला जूनियर एशिया कप हॉकी 2024 का खिताब पर भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार खिताब पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच में टीम इंडिया ने चीन को पटखनी दी। शूटआउट में भारत ने चीन को 3-2 से मात दी। टीम में सिमडेगा की दो बेटियां ब्यूटी डुंगडुंग और रजनी केरकेट्टा शामिल है ।ब्यूटी डुंगडुंग जिला के करंगागुड़ी की रहने वाली है जब कि रजनी केरकेट्टा पैकपारा की रहने वाली है। दोनो ही खिलाड़ियों और पूरी टीम को हॉकी सिमडेगा एवम जिला खेलकूद विभाग की ओर से बहुत बहुत बधाई दी गयी साथ ही घर वापसी पर दोनो ही खिलाड़ियों का शानदार स्वागत किया गया।हॉकी संघ के अध्यक्ष ने कहा भारतीय हॉकी टीम लगातार फाइनल में विजेता हो रही है और हर विजेता टीम में सिमडेगा के खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व रहा है जो जिला के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### धान मिसाई मशीन में हाथ घुसने से किसान हुआ गंभीर रूप से घायल



**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत तामड़ा पंचायत के कमतरा गांव में सोमवार को धान मिसाइ के दौरान मशीन में हाथ जाने से राजू बरवा नामक किसान का हाथ पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया । किसी तरह परिवार वालों ने खींचकर उसे बचाया और तुरंत निजी वाहन के माध्यम से इलाज के लिए उसे सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचाया । इधर सिमडेगा सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सक ने रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजू बरवा के खलिहान में ट्रैक्टर की थ्रेसिंग मशीन से धान की मिसाई चल रही थी, इसी दौरान शराब के नशे में राजू बरवा पहुंचा और धान मिसाई में सहयोग करने की बात कही । जिस पर पत्नी एवं अन्य साथियों के द्वारा उसे मना किया गया ,लेकिन जबरन वह धन मिसाई का कार्य करने लगा और इसी दौरान नशे में होने की वजह से उसका हाथ मशीन के अंदर चला गया और दाहिना हाथ पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इधर बताया जा रहा है की मशीन में जाने की वजह से उसकी दाहिने हाथ की अंगुली पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

## एक नजर

### कोयला लदे छह वाहन पकड़े गये एक को भेजा गया जेल

**गिरिडीह।** निमियाघाट थाना पुलिस ने गत रविवार को गुरुटांड़ के पास अवैध कोयला लदे छह वाहनों को जब्त किया गया। कोयला के मामले में बोकारो जिले के पेंकनारायणपुर थाना क्षेत्र के जुड़ामना ग्राम निवासी दयाल महतो पिता जग्गू महतो को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। वहीं बताया कि अवैध कोयला तस्करी के मामले में पकड़े गए सभी छह वाहनों के मालिकों, चालकों तथा संलिप्त कोयला तस्करों के विरुद्ध कांड संख्या 96 /2024 दर्ज किया गया है। बताया गया कि वाहनों में करीब 100 टन अवैध कोयला लोड था।

### धनवार में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन 2400 रुपए प्रति क्विंटल दर तय

**बरही।** धनवार पंचायत का धान अधिप्राप्ति केंद्र शुभारंभ हो गया. जिसका उद्घाटन स्थानीय मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, अजय कुमार कुशवाहा, प्रकाश साव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया. पैक्स अध्यक्ष सह मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 2024-25 के लिए धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ हो गया है. जिसके तहत किसानों से 2400 रुपए प्रति क्विंटल धान क्रय किए जायेंगे. जिसमे न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपए और बोनस के रूप में 100 रुपए प्रति क्विंटल की निर्धारित किए गए हैं. इच्छुक किसान खुले बाजार या बिचौलियों को न देकर अपने नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही विक्रय करें. इस अवसर पर प्रकाश साव, रवि कुमार, महेंद्र प्रसाद, मनोज केसरी, विकास कुमार, अशोक कुमार, राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजन प्रसाद, रामसहाय यादव, सुनीता देवी आदि सहित कई किसान मौजूद थे.

चिंतनखारी गांव में एक बार फिर हाथियों के झुंड ने मचाया आतंक

# खलिहान में रखे फसलों को किया नष्ट किसानों ने वन विभाग से मुआवजे की लगाई गुहार

*ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को गांव से दूर भगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की*



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरिडीह**

बिरनी प्रखंड के शाखाबारा पंचायत अंतर्गत चिंतनखारी गांव में एक बार फिर हाथियों के झुंड ने आतंक मचाया। बीती रात हाथियों ने किसानों के खलिहान में रखी फसल को भारी नुकसान पहुंचाया। स्थानीय किसानों ने बताया कि हाथियों का झुंड खेतों और खलिहानों में घुसकर धान और अन्य फसलों को बर्बाद कर गया। इस घटना से किसानों में दहशत का माहौल है, क्योंकि यह क्षेत्र पहले भी हाथियों के उत्पात से प्रभावित रहा है। किसानों ने वन विभाग से जल्द से जल्द राहत और उचित मुआवजे की मांग की है। वहीं, ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को गांव से दूर भगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। हाथियों के झुंड ने चिंतनखारी गांव में जिन किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है, उनमें मेहेंद्र यादव, विकास यादव, रामचंद्र यादव, सहदेव यादव, रामकृष्ण यादव, बाबूलाल यादव, जनार्दन यादव, टुपलाल यादव, अजीत यादव, बचंदेव यादव, और जयदेव यादव शामिल हैं। हाथियों ने इन किसानों के खलिहानों में रखी धान और अन्य फसलों को बर्बाद कर दिया, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने वन विभाग से मुआवजे और हाथियों को नियंत्रित करने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उनकी आजीविका पर गंभीर संकट आ सकता है। घटना की सूचना पाकर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव चिंतनखारी गांव पहुंचे और प्रभावित किसानों से मुलाकात की।

अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई

# चालक की मौत, चार लोग घायल



**डुमरी।** निमियांघाट थाना क्षेत्र के रांगामाटी एनएच-19 के समीप सोमवार की अहले सुबह एक चार चक्का वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई।इस घटना में जहां चालक की वाहन में ही दब कर मौत हो गई वहीं चार लोग घायल हो गये। सभी घायलों का डुमरी रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए दो को धनबाद रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सभी शादी समारोह में शामिल होकर वापस चार पहिया वाहन से वापस अपने घर ईचाक हजारीबाग लौट रहे थे।पुलिस वाहन एवं शव को जब्त कर थाना ले गयी।साथ ही कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया।बताया जाता है कि ईचाक निवासी योगेन्द्र शर्मा (30), सिकंदर कुमार (30), शिंकु कुमार (32), गणेश कुमार (30) एवं मनीष कुमार (20) चार पहिया वाहन से तोपचांची से ईचाक जा रहे थे कि उक्त स्थान पर यह घटना घटी।घटना में चालक योगेन्द्र शर्मा की मौत हो गई जबकि अन्य सभी घायल हो गये।सभी घायलों का प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सिकंदर और शिंकू को रेफर कर दिया गया।

# तीन युवकों ने सीआईएसएफ में सफलता प्राप्त किया



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के तीन युवाओं ने सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इनमें पेशम पंचायत निवासी विजय मुंडा के पुत्र चंदन मुंडा और बगंराकला पंचायत के बाराटांड़ निवासी इसराइल मियां के पुत्र मोहम्मद मासूम अंसारी और बृंदा गांव निवासी राजकुमार दास शामिल हैं। उनकी इस उपलब्धि से बिरनी प्रखंड में हर्ष का माहौल है, और तीनों युवाओं को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। इस सफलता ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे बिरनी क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

## दो मैच जीत कर विष्णुगढ़ की टीम ने बनाई फाइनल में जगह



**विष्णुगढ़।** प्लस टू उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ मे दो दिवसीय क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन एंबिशन पब्लिक स्कूल के संचालक विवेक कुमार और मिरर आफ दी सोसायटी शिक्षण संस्थान के निदेशक अमन कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस टुर्नामेंट में कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। शुरूआत में खेलने उतरी एम्बिशन की टीम ने कुल 6 ओवर में 55 रन बनाया जिसका पीछा करने उतरी विष्णुगढ़ की टीम ने चार ओवर में ही टारगेट को पूरा कर लिया और मैच जीत लिया। उसके बाद एमटीएस और भेलवारा की टीम को खेलाया गया। जिसमें भेलवारा की टीम को हरा कर एमटीएस की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। इसके बाद फिर से एम्बिशन टीम का मैच कसेरा मुहल्ला की टीम से हुआ। जिसमें एम्बिशन टीम ने जीत दर्ज की। उसके बाद खेलने उतरी भेलवारा टीम का मुकाबला विष्णुगढ़ टीम के साथ हुआ। जिसमें बिष्णुगढ़ की टीम ने भेलवारा की टीम को हराकर फिर से मैच जीत लिया। मौके पर उपस्थित समाजसेवी पूरण साहू ने कहा की इस तरह के आयोजन से बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिलता है और इन बच्चों को चुनौतियों का सामना करने का अनुभव मिलता है, जिससे ये बच्चे बहुत कुछ सीख सकते हैं।

विशेष कैंप आयोजित कर की गई समस्याओं का समाधान

# ग्रामीणों के बीच परिसंपत्ति का हुआ वितरण



*शिविर में लाभुक का आवेदन जमा कराया गया। मौके पर प्रमुख, मुखिया सहित अन्य पदाधिकारियों भी मौजूद थे*

**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय / गिरिडीह**

गांडेय प्रखंड के दासडीह पंचायत के देवनडीह गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवनडीह में सोमवार को विशेष कैंप का आयोजन कर ग्रामीणों को राज्य और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक, पंचायत की मुखिया निर्मला कुमारी, बीडीओ निशांत अंजुम, सीओ मो हुसैन बीपीओ मनीषा टुडू ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा , मईया सम्मान योजना, मनरेगा, आपूर्ति, अबुआ आवास, बाल विकास परियोजना, आधार, स्वास्थ्य, कृषि, विभाग, 15 वीं वित्त, शिक्षा सहित अन्य विभाग के स्टाल लगाए गए थे। शिविर में लाभुक अपना आवेदन जमा कर रहें हैं। इस मौके पर प्रमुख, मुखिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्टाल में भ्रमण करके कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही विभाग में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। कार्यक्रम में ग्रामीणों के बीच कृषि विभाग की और से बीज, मनरेगा जांब कार्ड, स्कूली बच्चों के बीच बैग सहित अन्य परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस विषय में प्रमुख ने कहा कि गांडेय विधायक को सूचना मिली थी कि दासडीह गांव में कुछ ग्रामीण राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह रहे हैं इसी बात को लेकर विधायक की पहल और गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है। शिविर में दिलीप मंडल,मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र मंडल, उप मुखिया कन्हाई साव, अभिषेक सिन्हा, मो. इरफान, नुमाय दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# गयपहाड़ी पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधायक ने किया शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गयपहाड़ी पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ हुआ. मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव एवं मुखिया कलावती देवी ने धान क्रय केंद्र का उदघाटन किया. मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष शिव कुमार मौजूद थे. विधायक अमित यादव ने कहा की क्रय केंद्र खुलने से किसानों को 24 सौ रुपये क्विंटल धान का मूल्य मिलेगा. धान क्रय केंद्र के खुल जाने से अब किसानों को उत्पादित धान गांव में ही बेचने की सहूलियत होगी. शिव कुमार ने बताया कि धान बेचने के 48 घंटे में किसानों को 50 प्रतिशत की राशि मिलेगी. साथ ही आधा राशि एक से दो माह के अंदर भुगतान कर दिया जाएगा.


## कार्यालय : उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, रामगढ़

Email : dsramgarhjh@gmail.in

विज्ञापन सं०– 02/2024 रामगढ़/दिनांक– 16/12/2024

–: नियुक्ति सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सदर अस्पताल, रामगढ़ के डायलिसिस सेवा हेतु नेफ्रोलॉजिस्ट एवं **ROP (Retinopathy in Premature babies)** स्क्रीनिंग के लिए जिसमें लाभुक SNCU के भर्ती सभी बच्चें एंव Premature babies होंगे। उक्त हेतु नेफ्रोलॉजिस्ट एवं रेटिना स्पेशियलिस्ट की आवश्यकता है। जिसके लिए साक्षात्कार के माध्यम से विज्ञापन आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | संस्थान | पदनाम | कुल पद | समेकित पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सदर अस्पताल, रामगढ़ | नेफ्रोलॉजिस्ट | 01 | 385.00 रू० प्रति डायलिसिस एवं 300.00 रू० प्रति मरीज (OPD) |
| 02 | सदर अस्पताल, रामगढ़ | रेटिना स्पेशियलिस्ट | 02 | 300.00 रू० प्रति मरीज (OPD) |

शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य वांछनियताएँ–

1. Nephrologist पद के लिए मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से MBBS+MD (Nephrology)
2. Retina Specialist पद के लिए मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से MBBS+MS (Eye) fellowship in Retinopathy.

अनुभव– 1. कम से कम 02 वर्ष संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव।

**Walk in Interview**

1. Date of Walk in Interview :- 23/12/2024 2. Venue :- Civil Surgeon Office Ramgarh
3. Time :- 11:30 A.M.

सामान्य जानकारी एवं निर्देश–


1. भर्ती के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदण्ड/तथ्य को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
2. अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि को शैक्षणित योग्यता एवं अनुभव प्रमाण–पत्र की मूल प्रति (01 सेट स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति/01 पासपोर्ट साईज फोटो) के साथ लानी होगी।
3. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
4. उम्मीदवार को सूचित किया जाता है कि नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

विज्ञापन की जानकारी एवं दिशानिर्देश रामगढ़ जिले की वेबसाईट **"http://ramgarh.nic.in"** से डाउनलोड की जा सकती है।

PR.NO.342165 Health Med Edu and Family Welfare(24-25):D

उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, रामगढ़


# विधायक ने पारटांड में विद्यालय उन्नयन कार्य का किया शिलान्यास



**हजारीबाग के डीएमएफटी मद से 28 लाख रुपए की लागत से संवेदक हरि ओम कंस्ट्रक्शन के द्वारा विकास कार्य किया जाना है**

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के कल्हाबाद पारटांड स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पारटांड के उन्नयन के लिए विविध निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक अमित कुमार यादव ने पूजा अर्चना और नारियल फोड़कर किया। विदित हो ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल हजारीबाग के डीएमएफटी मद से 28 लाख रुपए की लागत से संवेदक हरी ओम कंस्ट्रक्शन के द्वारा विकास कार्य किया जाना है। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। हर अधुरे कार्य को पूरा किया जाएगा। जनता की विश्वास को कभी टुटने नहीं दुंगा। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया कलावती देवी, भाजपा बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, छोटेलाल मेहता, अनिल कुमार आजाद, लालमणि प्रसाद, राजकुमार दास समेत आदि लोग उपस्थित थे।

प्रखंड कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन

# 50 यूनिट से अधिक रक्त का हुआ संग्रह



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक के द्वारा आज प्रखंड परिसर कार्यालय में बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में कई पंचायत प्रतिनिधि जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कर्मियों ने अपने-अपने बहुमूल्य रक्त को दान किया। वहीं इस शिविर में 50 से अधिक यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। इस बाबत बीडीओ गणेश रजक ने बताया कि जिले में थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्त की कमी लगातार हो रही है। रक्त की कमी होने के कारण थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, ताकि हमारे द्वारा दिए गए ब्लड से किसी जरूरतमंद बच्चों की जान बच सके। वंही महेशलुंडी पंचायत के मुखिया शिवनाथ साव ने कहा कि हम सबो का कर्तव्य बनता है कि थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों बच्चों को समय पर रक्त मिल सके इसलिए हमें रक्तदान करना काफी जरूरी है। उन्होंने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे जब भी जरूरत पड़े तो लोगों की मदद करने के लिए रक्तदान करें।

# तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल में भाग लेने के लिए गिरिडीह की टीम आज होगी चतरा रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

चतरा कॉलेज चतरा में 18 दिसंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय विनोबा भावे युवा महोत्सव ( झूमर) में भाग लेने के लिए गिरिडीह कॉलेज की टीम आज गिरिडीह से चतरा के लिए रवाना होगी. गिरिडीह कॉलेज की टीम ने पिछली बार युवा महोत्सव झूमर में भाग लेकर 11 पदक जीतकर कॉलेज का नाम विश्वविद्यालय में रौशन किया था. वहीं इस बार गिरिडीह कॉलेज की टीम पिछले वर्ष से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयारी करते हुए युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए रवाना हो रही है. महोत्सव में भाग लेने के पूर्व आज गिरिडीह कॉलेज में प्रतिभागियों ने अपने प्रतिभा का हुनर कॉलेज के प्रिंसिपल के साथ-साथ तमाम प्रोफेसरों और कर्मचारियों को दिखाया. साथ ही अंतिम रिहर्सल भी किया. इस मौके पर गिरिडीह कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी गिरिडीह कॉलेज की टीम युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए चतरा जा रही है. उन्होंने बताया कि इस बार गिरिडीह कॉलेज की टीम ने काफी बेहतर और एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुति युवा महोत्सव में देने के लिए तैयारी की है. बताया कि इस बार गिरिडीह कॉलेज की टीम पिछली बार से और शानदार प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय में अपना नाम रोशन करेगी.

## वित्तीय समावेशन और सूक्ष्म वित्त विषय पर सेमिनार 20 दिसंबर को

**बरही।** आगामी 20 दिसंबर को रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में वित्तीय समावेशन और सूक्ष्म वित्त पर आधारित एक अति महत्पूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया है. सेमिनार महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से आयोजित की जा रही है. उक्त जानकारी वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ ब्रह्मदेव मोदी ने दी. उन्होंने बताया कि सेमिनार पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे से प्रारंभ होगा, जिसमे बतौर मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बिमल किशोर शामिल होंगे. विभागाध्यक्ष डॉ मोदी ने उक्त सेमिनार में अधिकाधिक विद्यार्थियों से भाग लेने की अपील किया है. उन्होंने बताया कि सेमिनार के माध्यम से पैसा बचत करने के तरीके और उसके विभिन्न समावेशन को बताया जायेगा.


## कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

–:आम सूचना:–

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

अरूण कुमार बनर्जी
↓
रूपलेखा बनर्जी (पत्नी)
↓
मौली बनर्जी (पुत्री)

अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग।

PR 342159 District(24-25)D



## जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची

पुनःनामांकन के संबंध में आवश्यक सूचना

निदेशानुसार झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची जिला के प्रभावी बल के सभी नये एवं पुराने महिला/पुरूष गृह रक्षक, चाहे वे सीधे नामांकित हो अथवा अनुकम्पा के आधार पर, सभी गृह रक्षकों का पुनःनामांकन की कार्यवाई तालिका में अंकित तिथि को की जानी है।

उल्लेखनीय है कि झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय राँची के विभिन्न आदेश / निदेश के आलोक में गृह रक्षकों के, प्रखण्डवार रिक्ति, मुख्यालय, राँची द्वारा निदेशित विहित प्रपत्र के अनुरूप पंजी का संधारण एवं गृह रक्षकों के भौतिक सत्यापन हेतु पुनःनामांकन किया जाना अनिवार्य है। पुनःनामांकान समिति द्वारा शहरी/ग्रामीण सभी गृह रक्षकों की पुनःनामांकन की तिथि निम्न प्रकार निर्धारित की गई है :–

| क्र0 | गृह रक्षक (शहरी) | पुनःनामांकन की तिथि | पुनः नामांकन स्थल– जिला समादेष्टा कार्यालय, धुर्वा | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–2467 से 3015 तक | 07.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 2. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3016 से 3220 तक | 08.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 3. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3224 से 3352 तक | 09.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 4. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3353 से 3476 तक | 10.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 5. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3478 से 3600 तक | 11.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 6. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3600 से 3713 तक | 13.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 7. | शहरी महिला सैन्य सं0–783 से 1022 तक | 15.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 8. | शहरी महिला सैन्य सं0–1023 से 1145 तक | 16.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 9. | शहरी महिला सैन्य सं0–1146 से 1245 तक | 17.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 10. | शहरी महिला सैन्य सं0–1246 से 1284 तक | 18.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| | गामीण महिला एवं पुरूष गृह रक्षकों का प्रखण्डवार सूची :– | | | |
| 1. | ईटकी, बेड़ो एवं बुढ़मू प्रखण्ड | 20.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 2. | अनगड़ा एवं चान्हों प्रखण्ड | 21.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 3. | काँके एवं ओरमांझी प्रखण्ड | 22.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 4. | तमाड़, नामकोम एवं रातु प्रखण्ड | 24.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 5. | बुण्डु, राहे, सिल्ली एवं सोनाहातु प्रखण्ड | 25.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 6. | माण्डर प्रखण्ड | 27.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 7. | लापुंग प्रखण्ड | 28.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |

उपर्युक्त तालिका में अंकित सभी ग्रामीण एवं शहरी, महिला व पुरूष गृह रक्षक, जो विभिन्न कार्यालयों, आवासीय कार्यालयों, मंत्रालय, विधि–व्यवस्था डियुटी, निदेशालय, सचिवालय, संस्थानों आदि में कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त एवं निजी कारण से घर पर बैठे सभी गृह रक्षक, पुनःनामांकन समिति द्वारा निर्धारित तिथि को ससमय निम्नांकित दस्तावेज के साथ भौतिक रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। यदि आप निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित नहीं होने पर आप पुनःनामांकन प्रक्रिया से वंचित रह जायेगें और आपको प्रभावित बल की सूची से बाहर कर दिया जायेगा, अर्थात् पुनःनामांकन (बॉण्ड) नहीं भरने की स्थिति में आप गृह रक्षक नहीं माने जायेगें साथ ही आपके आवेदन पर पुनः विचार नहीं किया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें :–

1. 02 (दो) न्यू पासपोर्ट साईज कलर फोटो (वर्दी सहित)।
2. गृह रक्षक होने का प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
3. शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, जिसमें जन्म–तिथि अंकित हो, की छायाप्रति।
4. आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र (वोटर कार्ड) की छायाप्रति।
5. आवासीय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
6. पिछले दो कैलेण्डर वर्ष, अर्थात् वर्ष–2023 एवं 2024 में किये गये डियुटी की कमान की अलग–अलग छायाप्रति।

नोटः–सभी गृह रक्षकों को निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त सभी दस्तावेजों के सत्यापन हेतु मूल प्रमाण–पत्र निर्धारित तिथि को साथ में लायेगें। साथ ही निर्धारित तिथि को जिन–जिन गृह रक्षकों का पुनःनामांकन किया जाना है, केवल वही गृह रक्षक पूर्ण वर्दी में कार्यालय में उपस्थित होगें, अनावश्यक रूप से कोई भी गृह रक्षक कार्यालय में प्रवेश नहीं करेगें। पूर्ण वर्दी में उपस्थित नहीं होने पर आपके पुनःनामांकन पर कोई पुनः विचार नहीं किया जायेगा।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,राँची

PR 342082 Police(24-25).D

> गुरु और शिष्य के बीच की मित्रता शाश्वत होती है। जब कोई शिष्य गुरु के प्रशिक्षण को स्वीकार करता है तो वहाँ केवल पूर्ण आत्मसमर्पण होता है, किसी भी प्रकार की विवशता नहीं होती। - श्री श्री परमहंस योगानन्द, 'मानव की निरन्तर खोज'

संपादकीय

## प्रभावशाली नहीं बन पाई गांव की सरकार

लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्राथमिक और सबसे बुनियादी इकाई कही जाने वाली ग्राम सभाओं का अस्तित्व धीरे-धीरे क्षरित होता जा रहा है। पंचायती राज व्यवस्था के इस प्राथमिक निकाय के लिए पांच वर्ष में एक बार चुनाव होते हैं, जिसमें ग्राम प्रधान और उसके सदस्य चुने जाते हैं। लेकिन ग्राम सभाओं का ढांचा पूरी तरह प्रभावशाली नहीं है। किसी परियोजना अथवा गांव के विकास के लिए ग्राम सभा के सदस्यों की बैठक की औपचारिकता निभाई जाती है। ग्राम पंचायत सचिवालयों/भवनों का निर्माण तो करा दिया गया है, लेकिन उनके दरवाजे खुलते नहीं, न ही वहां ग्राम विकास अथवा ग्रामवासियों की किसी समस्या पर विमर्श संभव है। कई ग्राम सभाओं में निर्मित ऐसी इमारतों का ग्राम प्रधान की मनमर्जी से दुरुपयोग हो रहा है। कहीं कहीं वे ताश और जुआ खेलने के अड्डों अथवा निठल्लों की बैठक के केंद्रों में तब्दील हो चुके हैं। ग्राम सभाओं का कार्य गांव के विकास और उसके वाशिंदों के कल्याण के साथ उनकी सुविधाओं को बढ़ाना और समस्याओं को हल करना है। उनका यह भी दायित्व है कि वे गांव के लोगों के आपसी विवादों का निपटारा सुलह-समझौते के आधार पर करें, जिससे ऐसे मामले पुलिस और अदालतों तक न पहुंचे और गांव का वातावरण सुखद बना रहे। लेकिन गांवों में आपसी विवाद इस कदर बढ़ गए हैं, जिनका समाधान न तो तहसील के राजस्व अनुभाग से संभव है और न ही कोई पुलिस या न्यायालय उनका निपटारा कराने में सक्षम हैं। अनेक ग्राम सभाएं नितांत निष्क्रिय और अकर्मण्य हो चुकी हैं। ग्राम लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्राथमिक और सबसे बुनियादी इकाई कही जाने वाली ग्राम सभाओं का अस्तित्व धीरे-धीरे क्षरित होता जा रहा है। पंचायती राज व्यवस्था के इस प्राथमिक निकाय के लिए पांच वर्ष में एक बार चुनाव होते हैं, जिसमें ग्राम प्रधान और उसके सदस्य चुने जाते हैं। लेकिन ग्राम सभाओं का ढांचा पूरी तरह चरमरा गया है। किसी परियोजना अथवा गांव के विकास के लिए ग्राम सभा के सदस्यों की कोई बैठक नहीं बुलाई जाती। ग्राम पंचायत सचिवालयों/भवनों का निर्माण तो करा दिया गया है, लेकिन उनके दरवाजे खुलते नहीं, न ही वहां ग्राम विकास अथवा ग्रामवासियों की किसी समस्या पर विमर्श संभव है। कई ग्राम सभाओं में निर्मित ऐसी इमारतों का ग्राम प्रधान की मनमर्जी से दुरुपयोग हो रहा है। वे ताश और जुआ खेलने के अड्डों अथवा निठल्लों की बैठक के केंद्रों में तब्दील हो चुके हैं। ग्राम सभाओं का कार्य गांव के विकास और उसके वाशिंदों के कल्याण के साथ उनकी सुविधाओं को बढ़ाना और समस्याओं को हल करना है। उनका यह भी दायित्व है कि वे गांव के लोगों के आपसी विवादों का निपटारा सुलह-समझौते के आधार पर करें, जिससे ऐसे मामले पुलिस और अदालतों तक न पहुंचे और गांव का वातावरण सुखद बना रहे। लेकिन गांवों में आपसी विवाद इस कदर बढ़ गए हैं, जिनका समाधान न तो तहसील के राजस्व अनुभाग से संभव है और न ही कोई पुलिस या न्यायालय उनका निपटारा कराने में सक्षम हैं। ग्राम सभाएं नितांत निष्क्रिय और अकर्मण्य हो चुकी हैं। ग्राम सभाओं पर उन सरकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन और उनकी निगरानी की भी जिम्मेदारी है, जिन्हें ग्रामवासियों की उन्नति के लिए बनाया गया है। ग्राम सभा का प्राथमिक प्रबंध ग्राम प्रधान और सरकारी सेवक कहे जाने वाले सचिव के नियंत्रण में होता है। यही कारण है कि ग्राम सभाओं की उन्नति और विकास के लिए आवंटित होने वाली सरकारी धनराशि को खर्च करने में ये दोनों संलग्न रहते हैं।

## यात्रा वृतांत : मधुवन शिविर की मधुर स्मृति



आलोक तुलस्यान
रांची।

24 मई 2024 की अहले सुबह रानीखेत एक्सप्रेस से हम काठगोदाम स्टेशन पहुंचे। खूबसूरत, साफ-सुथरा छोटा सा स्टेशन। कुली भाई सहृदय और संतोषी भी मिले । बाहर टैक्सी तैयार खड़ी है हमारे लिए। सामान टैक्सी में रखकर, बैठने से पहले हम चारों मैं, पुष्पा, रमेश और विनोद, काठगोदाम स्टेशन के साथ फोटो लेते हैं। काठ यानी लकड़ी का वृहद् व्यापार होता रहा होगा सो इस स्थान का नाम पड़ा - काठगोदाम, ऐसा अनुमान हम लगाते हैं। हमारी टैक्सी पहाड़ी मार्ग पर सरपट थी। आधे घंटे की यात्रा के बाद एक सुन्दर स्पॉट पर चाय के लिए रुकते हैं। पहाड़, मौसम और गर्मागर्म चाय बहुत मनभावन है। पुनः पहाड़ियों की ऊंचाई, घाटियों की गहराई, और प्रतिपल नूतन प्रकृति से चित्त को प्रफुल्लित करते हुए लगभग ढाई घंटे की यात्रा कर हम पहुंचे मधुबन। हिमालय की कुमायूं श्रृंखला में एक सुरम्य गांव, 5000 फीट की ऊंचाई पर। मुख्य सड़क से ऊपर अलग निजी रास्ता है मधुवन के लिए। ड्राइवर जानता है, और ऊपर तक पहुंचाता है। अब यहां से भी थोड़ा ऊपर जाना है, गाड़ी नहीं जा सकती। सहायक का नंबर है, उन्हें फोन करते हैं। सहृदयता से उत्तर मिलता है सामान वहीं छोड़कर आप सब ऊपर आ जाएं; आपका सामान ऊपर पहुंचा देंगे। हम सब धीरे-धीरे चढ़ाई चढ़ते हैं, मंत्रमुग्ध छटा पसरी है। हम पहुंचे तबतक अमर सिंह जी सामान ला देते हैं। ऊपर के दृश्य का मनमोहक नजारा है। हिमालय-कुमाऊं की पर्वत श्रृंखला, चटकीले रंगों की, असंख्य फूलों की शुभ्र घाटी। मझौले कद के वृक्षों का उपवन - आडू, प्लम, नाशपाती, अखरोट, और भी सुवासित मधुवन । ऊपर विराट, सामने सघन और नीचे घुप-खोह - अंतहीन कारीगरी। घुमावदार रास्तों से ही ऊंचाई पर चढ़ा जाता है। समयबद्ध व्यवस्था है। शीघ्रता से कमरे में पहुंचते हैं। साफ-स्वच्छ सामान्य कमरा। चौकी पर पतले गद्दे, सफेद चादर। दीवार पर श्री अरविंद श्री मां की तस्वीर। कमरे के साथ बालकनी - विस्तृत वन छटा। मौन, विशुद्ध शांति। लंगूरों या बंदरों की छप-छप के अलावा कोई ध्वनि नहीं। सोलर सिस्टम की सुविधा है। पानी ठंढा-गर्म मिलाकर काम चलता है। कोई भी रूम सर्विस नहीं है। शीघ्रता से तैयार होकर डाइनिंग स्पेस पहुंचना है। संतुलित समयबद्ध दिनचर्या का पालन करना अनिवार्य है।




उपयोग के बर्तनों पर क्रमांक अंकित है। और हर एक साधक को एक अलग संख्या आबंटित कर दी जाती है। उपयोग के उपरांत अपने बर्तन को स्वयं साफ कर यथास्थान यथावत रखना है। पर्वत श्रृंखला की ओर मुखरित खाने का टेबल अत्यंत आकर्षक है यहां पर। अनुमान से बहुत अधिक मनोरम, मनभावन। 'श्री अरविन्द का का काव्यलोक' केन्द्रीय विषय है इस शिविर का। डॉ. चरण सिंह जी केदारखंडी (जोशीमठ) एवं डॉ. ऋतम उपाध्याय (रतलाम) मुख्य समन्वयक तथा व्याख्याता हैं। श्री केदारखंडी जी मूलतः भारतीय अध्यात्म और विचार परंपरा के गहरे अध्येता और विचारक हैं। आप कई पुस्तकों के लेखक हैं तथा विभिन्न विषयों पर 500 से अधिक शोधपूर्ण आलेख के रचयिता हैं। डॉ. केदारखंडी जी का मैं प्रशंसक रहा हूं तथा कई अवसरों पर वातार्लाप का अवसर भी मिला है; परन्तु व्यक्तिगत रूप से मिलना नहीं हुआ था । इस शिविर में उनसे मिलना साथ रहने का भी एक आकर्षण मुझमें रहा है। डॉ. ऋतम उपाध्याय जी से भी वातार्लाप हुआ है पर मिलना शिविर में ही हुआ। आप बहुत ही उच्च कोटि की पेंटिंग्स करती हैं। 24 मई 2024 से 30 मई 2024 एक सप्ताह के इस शिविर में हम सब चालीस लोग हैं। महर्षि श्री अरविन्द के काव्यलोक से जिन कविताओं पर चर्चा हुई व व्याख्यान हुए, वे कविताएं हैं :-निमंत्रण, अग्निवधू, कौन, मौन सबकुछ है, समर्पण, स्वर्णिम प्रकाश, कृष्णा, रूपांतरण, जीवन, देवता का श्रम। श्री अरविन्द की स्वीकारोक्ति है, मैं सबसे पहले कवि हूं। उनकी प्रथम कविता प्रकाश 1883 में छपी थी। प्रकाश से प्रारम्भ काव्य-यात्रा सवित्री से पूर्ण हुई प्रकाश से परम प्रकाश की यात्रा।ललित कलाओं में वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला, संगीत और काव्य पांच कलाओं को माना जाता है । कलाओं में सर्वोच्च है काव्य और काव्य किसका, अतिमानस के अवतार और पूर्ण योग के प्रणेता श्री अरविन्द का।यह दुनिया अपने अज्ञान के प्रेम-पाश में है। और जो भी अंधकार में है वह अंधा है। धरती पर वहीं प्रकाश है जो हिस्सा सूर्य के समक्ष है। अपनी-अपनी गृहस्थी में हमें अति मानसिक चेतना का विस्तार करना चाहिए। हमें कठोर स्वयं के लिए तथा उदार अन्य के लिए रहना होगा, हर तरह की संकीर्णता व क्षुद्रता से दूर रहकर जो चेतना की ऊंचाई चढ़ेगा वहीं जिंदगी की सच्चाई रचेगा। तृप्ति और तृष्णा में अंतर समझना होगा। कलंकित हास्य से हमें बचना होगा। किसी के विषाद अथवा पीड़ा से उत्पन्न हास्य कलंकित हास्य होता है।भगवान की भक्ति को हमें लपलपाती लौ से पुकारते रहना होगा। परमात्मा की पुकार में तंगदिल न रहें हम। ट्रेवलिंग एजेंसी वाला निमंत्रण न हो। असहमति भी प्रेम और नाजुकता से हो। फूल को घर ले आना है, बिना तोड़े। नम्र बनकर लेना होगा।मधुवन के इस शिविर में मेरे स्व की स्थिति ऐसी बनी जैसे एक बालक खिलौने में धनुष की इच्छा करे और उसे इन्द्रधनुष मिल जाए। जैसे एक जिज्ञासु कमल की कल्पना करे और उसे ब्रह्मकमल मिल जाए। याने आगे और आगे की समझ न हो, दृष्टि न हो पर अनुभूति हो जाए। आत्मसंतुष्टि से लांघने का सुअवसर। अपने अंदर के ईश्वर की आवाज को सुनने का सुअवसर।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

देश की बात

## आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ा संविधान पर चर्चा का सत्र



ललित गर्ग

सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा संजीदा बहस की जगह हंगामे का केंद्र बनती जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस की जगह शोर शराबा, हंगामा और सदन का स्थगित होना ही आम होता जा रहा है। यही बात लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस की चर्चा के दौरान देखने को मिली। संविधान निर्माण के 75वें वर्ष पर हुई यह चर्चा भी छिछालेदार, आरोप-प्रत्यारोप एवं उच्छृंखलता का माध्यम बनी, जबकि संविधान पर इस चर्चा से जनता को एवं देश को सही दिशा मिलनी चाहिए थी, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी जानी चाहिए थी। संविधान जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक बहस न होना लोकतंत्र को कमजोर करने एवं लोकतंत्र रूपी उजालों पर कालिख पोतना ही है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम करके आकाश पर पैबंद लगाने एवं सछिद्र नाव पर सवार होकर संविधान रूपी सागर की यात्रा करने का ही संकेत देकर देश की जनता को निराश ही किया है। भले ही अपने तर्कों एवं तथ्यों से पक्ष एवं विपक्ष ने अतीत के प्रसंगों और विषयों को अधिक रेखांकित किया गया हो। निश्चित ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट करने वाली यह बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने वाली रही, लेकिन इस बहस में आरक्षण, सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी को शामिल करना विपक्ष की बुद्धि का दिवालियापन ही कहा जा सकता है। इनमें से अनेक प्रसंग और विषय ऐसे थे, जिन पर पहले भी किसी न किसी बहाने संसद के भीतर या बाहर चर्चा होती रही है। यह पहले से दिख रहा था कि विपक्ष संविधान पर चर्चा के बहाने यह बताने की कोशिश करेगा कि संविधान खतरे में है। लेकिन यह समझाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास कोई मजबूत तर्क नहीं थे, वे यह स्पष्ट करने में विफल रहे कि आखिर संविधान को खतरा कैसे है? कांग्रेस संविधान पर चर्चा करते समय यह भी भूल गई कि वह यदि मोदी सरकार के एक दशक के कार्यकाल की गलतियां गिनायेगी तो उसे भी अपने चार दशकों के कार्यकाल की गलतियों हिसाब देना होगा। संविधान पर चर्चा के दौरान जैसे विपक्ष ने सत्तापक्ष पर आरोपों की झड़ी लगाई वैसे ही सत्तापक्ष ने भी विपक्ष पर आरोपों की बौछार की। लेकिन यह सब करते हुए पक्ष एवं विपक्ष ने संविधान की विशेषताओं को उजागर करने की सकारात्मकता की बजाय विध्वंसात्मक नीति का ही सहारा लिया। जहां विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आज की बात

## चले गए तबले के फनकार उस्ताद जाकिर हुसैन



डॉ श्रीगोपाल नारसन

मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन का 73 साल की उम्र में अमेरिका के एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया है। जाकिर हुसैन के दिल का अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में उपचार चल रहा था। वही इस गंभीर बीमारी के कारण उनकी मौत हो गई। मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन को हृदय संबंधी समस्याओं के बाद अमेरिकी शहर सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उस्ताद अल्ला रक्खा कुरैशी जो कि अपने जमाने के मशहूर तबला वादक थे, ने तबले के यही बोलधाति धागे नधा तिरकिट धाति धागे धिना गिना, ताति ताके नता तिरकि धाति धागे धिना गिनाअपने डेढ़ दिन के बेटे जाकिर हुसैन के कान में कहे थे,उन्होंने कहा था कि मैं तबले की ही इबादत करता रहा हूं, यही एक बंदगी मैं जानता हूं और यही मेरा आशीर्वाद भी है जाकिर हुसैन के लिए। उस्ताद अल्ला रक्खा कुरैशी का यह बेटा तबले के उस्ताद के नाम से मशहूर हुआ। शायद पैदाइशी के समय कान में जो मंत्र रूपी ताल फूंकी गई, वही उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान बन गई। सन 1990 के दशक में दूरदर्शन पर अमर गीत मिले सुर मेरा तुम्हारा और दूसरा एक चाय का विज्ञापन बहुत मशहूर रहा, जिसमे यमुना नदी का किनारा, ताजमहल का बैकग्राउंड और मुहब्बत की निशानी के सामने बैठा एक नौजवान, जिसकी उंगलियां तो तबलों पर थिरकती ही थीं, बाल भी उसी गति से हवा से बातें करते हुए, क्या ही गजब लहराते थे, ये विज्ञापन भले ही चाय का रहा हो, लेकिन उस्ताद जाकिर हुसैन साहब इसके जरिए हर घर में मशहूर हो गए थे। तबले की थाप से भारतीय शास्त्रीय संगीत को पूरी दुनिया में एक नई पहचान दिलाने वाले उस्ताद जाकिर हुसैन का नाम हर संगीत प्रेमी के दिल में बसा है। 9 मार्च सन 1951 को मुंबई में जन्मे जाकिर हुसैन ने संगीत की दुनिया में अपनी अनोखी छाप छोड़ी। बचपन से ही वे अपने पिता के साथ तबले की साधना में जुट गए थे। जाकिर हुसैन ने सेंट माइकल्स हाई स्कूल मुंबई से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सेंट जेवियर कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था। वे पढ़ाई के साथ-साथ संगीत साधना में भी लगे रहे।जाकिर हुसैन ने अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ वॉशिंगटन में भी पढ़ाई की। यहां वे संगीत और विश्व सांस्कृतिक धरोहर के आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बने।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना



बोधि वृक्ष

मित्रता ईश्वर के प्रेम का शुद्धतम रूप है, क्योंकि यह हृदय के स्वतन्त्र चयन से उत्पन्न होती है और पारिवारिक सहज-वृत्ति के द्वारा हम पर थोपी नहीं जाती है। आदर्श मित्र कभी जुदा नहीं होते; कुछ भी उनके भ्रातृवत सम्बन्धों को पृथक नहीं कर सकता।



श्री श्री परमहंस योगानंद

प्रतिदिन प्रातःकाल और विशेषकर रात्रि में एक साथ बैठ कर ध्यान करें।...एक छोटा-सा पारिवारिक पूजा स्थल बनाएँ जहाँ पर पति-पत्नी, और बच्चे, ईश्वर के प्रति गहन भक्ति अर्पित करने एवं अपनी आत्माओं को हमेशा के लिए नित्य-आनन्द पूर्ण ब्रह्माण्डीय चेतना... में मिलाने के लिए एकत्र हो सकें। जितना अधिक आप एक साथ बैठ कर ध्यान करेंगे, उतना ही अधिक गहरा आपका एक दूसरे के लिए प्रेम पनपेगा। मित्रता ईश्वर का आह्वान है जो आत्मा को इसे सभी अन्य आत्माओं तथा ईश्वर से पृथक करने वाली अहं-चेतना के विभाजनों को नष्ट करने के लिए आदेश देता है। मित्रता ईश्वर के प्रेम का शुद्धतम रूप है, क्योंकि यह हृदय के स्वतन्त्र चयन से उत्पन्न होती है और पारिवारिक सहज-वृत्ति के द्वारा हम पर थोपी नहीं जाती है। आदर्श मित्र कभी जुदा नहीं होते; कुछ भी उनके भ्रातृवत सम्बन्धों को पृथक नहीं कर सकता। मित्रता का खजाना आपकी सबसे समृद्ध सम्पदा है, क्योंकि यह इस जीवन से परे भी आपके साथ जाती है। आपने जो सभी सच्चे मित्र बनाए हैं उन्हें आप परमात्मा के घर में पुनः मिलेंगे, क्योंकि सच्चा प्रेम कभी नष्ट नहीं होता। जब दो हृदयों में अथवा अनेक हृदयों के समूह में आध्यात्मिक सम्बन्ध से पूर्ण मित्रता विद्यमान होती है, तो ऐसी मित्रता प्रत्येक व्यक्ति को पूर्ण बना देती है। आपके हृदय में एक ऐसा चुम्बक है जो सच्चे मित्रों को आकर्षित करेगा।

(क्रमशः)

### फेसबुक वॉल से




### X से




### आज का दोहा

लगे तुम्हारे बाग में, बिना बौर के आम।।
बतलाओ कैसे हुआ, यह अनहोना काम।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

आपकी बात

## भारतीय शेयर मार्केट पुनः अपने आधारभूत कारकों पर चलने को तैयार



शशांक भारद्वाज

भारतीय शेयर मार्केट में पिछले सप्ताह के अंतिम व्यापारिक सत्र शुक्रवार को जैसी पुनर्वापसी देखी गई,वैसी संभवतः कभी नहीं देखी गई होगी क्योंकि यह कोई कारण विशेष के कारण नहीं आयी थी। घटनाक्रम विशेष में इस प्रकार की चाल देखी गई है परंतु शुक्रवार को तो कोई विशेष घटनाक्रम भी नहीं हुआ। ऐसे में यदि अगले सप्ताह निफ्टी 25000 के ऊपर व्यापार करने लगती है तो फिर अधिकांशों को आश्चर्यचकित कर भारतीय शेयर मार्केट धीरे धीरे बहुत अच्छी तेजी दिखा सकते हैं। शुक्रवार को निचले स्तरों से एक बड़ी तेजी में एक अच्छी बात यह भी रही कि उस दिन विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भी क्रय किया।नकद संभाग में उन्होंने 2335 करोड़ रूपए के शेयर खरीदे तो स्टॉक फ्यूचर में 7759 करोड़ रुपए की खरीद की। अतः शुक्रवार की तेजी मात्र सटोरियों की खरीदारी की तेजी नहीं थी। निफ्टी ने निचले स्तर से 588 अंकों की वृद्धि दिखाई। नवंबर में भी म्यूचुअल फंड की एसआईपी में मासिक निवेश 25300 करोड़ रुपए पर बना हुआ है। भारत में म्यूचुअल फंड एसआईपी के खाते 10.23 करोड़ हैं। भविष्य में यह 30 करोड़ के आसपास होने चाहिए ताकि प्रतिमाह 1 लाख करोड़ से ऊपर का एसआईपी का निवेश आए।यह मार्केट के स्थायित्व के लिए आवश्यक है क्योंकि मार्केट का विस्तार हो रहा है,विस्तार हुआ भी है, आकार बड़ा हो गया है। ऐसे में घरेलू निवेशकों का म्यूचुअल फंड तथा शेयरों में सीधे निवेश का आकर बड़ा होने से बड़ी बिकवाली आने पर भी किसी बड़ी गिरावट से रक्षा हो पाएगी। भारतीय शेयर मार्केट का पूंजीकरण जीडीपी का 150 प्रतिशत है जो अधिक ही है।इसको ऊंची वृद्धि दर से ही न्यायोचित बनाया जा सकता है। छोटे घरेलू निवेशकों का आत्मविश्वास तथा क्रय पुनः मार्केट में बढ़ता दिख रहा है। आरबीआई में नए गवर्नर संजय मल्होत्रा आये हैं।भारत में भी ब्याज दरों में कटौती प्रारंभ हो सकती है।इसकी आवश्यकता भी है। ईसीबी ने लगातार चार बार ब्याज दरों में कटौती की है। सीरिया में उथल पुथल के से तो कच्चे तेल का मूल्य नहीं बढ़ा था परंतु सऊदी अरब द्वारा 100 डॉलर प्रति बैरल के भाव ले जाने की बात आयी है जिससे सप्ताहांत में यह 74.49 डॉलर प्रति बैरल हो गया। यद्यपि मात्र सऊदी अरब के चाहने से यह 100 डॉलर प्रति बैरल नहीं हो जायेगा। नवंबर में एफआईआई ने अभी तक नकद संभाग में 11706



करोड़ का क्रय किया, साथ ही डीआईआई ने 4672 करोड़ का क्रय किया।अर्थात दोनों का सम्मिलित क्रय 16378 करोड़ रुपए हुआ तथा इतनी राशि के शेयर खुदरा हाथों से इन शक्तिशाली हाथों में गए। यह अच्छा संकेत है। नवंबर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3.5 लाख रही जो किसी एक महीने में सर्वाधिक है। भारत की सर्वोच्च 100 कंपनियों का मार्केट पूंजीकरण पिछले पांच वर्षों में 138 लाख करोड़ रुपए बढ़ा है अर्थात इतनी बड़ी राशि की संपत्ति का सृजन हुआ है ।इसका एक बड़ा भाग जन सामान्य के मध्य भी सृजित,वितरित हुआ है। परंतु फिर भी भारत में प्रति व्यक्ति आय निचले स्तरों पर ही है।

इसमें वृद्धि के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास,उपाय किए जाने चाहिए। डाउ में पिछले सप्ताह लाभ ले लेने की प्रवृत्ति दिखी ,नीचे आया परंतु नैस्डेक अच्छा रहा। भारतीय शेयर मार्केट पुनः अपने आधारभूत कारकों पर चलने को तैयार हो रहें हैं। अभी बहुत अधिक शेयर विशेष में निवेश करना ही उचित लग रहा है। रिलायंस तथा कुछ अन्य ब्लू चिप कंपनिया जो अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही थी,उनमें अब परिवर्तन के संकेत आये हैं। यह मार्केट में तेजी की अवधारणा को शक्तिशाली बना सकते हैं। म्यूचुअल फंड के पास 1.80 लाख करोड़ रुपए की नकद राशि होने का अनुमान है। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एक ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गया है। इस वित्त वर्ष की प्रथम तिमाही अप्रैल सितंबर में 42.1 डॉलर का विदेशी निवेश आया है। यह भारत में विदेशी कंपनियों के विश्वास को दशार्ता है। जिन कंपनियों में अच्छे समाचार हैं,उनके शेयर खरीद सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### आधुनिक जियो ट्यूब तकनीक से ट्रीट होंगे प्रयागराज के सभी 22 अनटैप्ड नाले

# गंगा जल स्वच्छता के मानकों के अनुरूप होगा निर्मल और अविरल



### 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होना है महाकुंभ 2025

**महाकुंभनगर (आईएएनएस)।** प्रयागराज में 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक दुनिया के सबसे बड़े मानवीय समागम 'महाकुंभ 2025' का आयोजन होने जा रहा है। इसे लेकर प्रयागराज में तैयारियां अपने अंतिम दौर में हैं। सीएम योगी की प्रेरणा से इस बार महाकुंभ को दिव्य-भव्य के साथ स्वस्थ और सुरक्षित महाकुंभ बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जा रही है।

इस दिशा में ही यूपी जल निगम, नगरीय ने प्रयागराज के सलोरी में जियो ट्यूब तकनीक आधारित ट्रीटमेंट प्लांट लगाया है, जो शहर के सभी अनटैप्ड 22 नालों के अपशिष्ट जल का शोधन करेगा, ताकि सीएम के निर्देशों के मुताबिक गंगा नदी में किसी भी नाले का पानी बिना ट्रीट किए नहीं डाला जाएगा। इससे गंगाजी के जल को स्वच्छता के मानकों के अनुरूप निर्मल और अविरल बनाने में मदद मिलेगी।

महाकुंभ में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम में पवित्र स्नान करने आते हैं।

लेकिन, 2019 के पहले के माघ और कुंभ मेलों में संगम के दूषित जल में स्नान करने के लिए उन्हें बाध्य होना पड़ता था। सीएम योगी के स्पष्ट निर्देशानुसार इस बार महाकुंभ में किसी भी नाले या सीवेज से अनट्रीटेड अपशिष्ट जल का दूषित पानी पवित्र नदियों में नहीं गिराया जाएगा। उनके निर्देशों के मुताबिक जल निगम, नगरीय ने प्रयागराज के सभी अनटैप्ड 22 नालों के ट्रीटमेंट के लिए जियो ट्यूब तकनीक आधारित ट्रीटमेंट प्लान, सलोरी में लगाया है। इसके बारे में अधिशासी अभियंता सौरभ कुमार ने बताया कि 55 करोड़ रुपये की लागत से बने इस ट्रीटमेंट प्लांट का अभी ट्रायल रन चल रहा है, जो 1 जनवरी से अपनी पूरी क्षमता से कार्य करने लगेगा। जियो ट्यूब सीवेज वाटर ट्रीटमेंट की आधुनिक तकनीक है। इसमें सीवेज वाटर की 40 से 50 फीसदी बीओडी लेवल और लगभग 80 प्रतिशत टीएसएस जियो ट्यूब्स में ही ट्रीट कर लिया जाता है। इसके बाद इस ट्रीटेड पानी को हाइड्रोजन पैरॉक्साइड से शोधित कर उसका ओजोनाइजेशन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस ट्रीटमेंट प्लांट में क्लोरीनाइजेशन की जगह ओजोनाइजेशन किया जाता है, क्योंकि ट्रीटेड पानी में अधिक मात्रा में घुला क्लोरीन जलीय जीवों के लिए नुकसानदेह होता है। ओजोनाइजेशन से सभी तरह के फीकल बैकटीरिया मर जाते हैं, फिर इस ट्रीटेड पानी को नदियों में छोड़ा जा सकता है। इसकी चौबीसों घंटे ओसीईएमएस तकनीक से ऑनलाइन मॉनिटरिंग होती रहती है।

ज्ञात हो कि सीएम योगी ने 12 दिसंबर के अपने प्रयागराज दौरे पर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया था और महाकुंभ के दौरान किसी भी तरह की समस्या उत्पन्न नहीं होने के निर्देश भी दिए थे।

# छत्तीसगढ़ के बालोद में सड़क हादसा, छह लोगों की मौत

- सात घायल, सभी की हालत गंभीर

**बालोद(हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में रविवार की देर रात को बड़ा सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रक और कार की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। इनमें एक एक बच्चा, चार महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। सात लोग घायल हुए हैं और उनकी हालत गंभीर है। यह हादसा डौंडीथाना क्षेत्र के ग्राम चोरहापड़ाव के पास हुआ। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी ने बताया कि कार सवार लोग नामकरण संस्कार (छठी ) कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रविवार देर रात डौंडी से गुरेदा लौट रहे थे। इसी दौरान डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम चोरहापड़ाव के पास कार (सीजी04एलडी 8049) को दल्लीराजहरा से भानुप्रतापपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।



### राज्यसभा में संविधान पर बहस में बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

# कांग्रेस ने कभी अपनी आलोचना बर्दाश्त नहीं की, किए कई संविधान संशोधन

- सीतारमण ने कांग्रेस को महिला विरोधी बताया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राज्यसभा में सोमवार को संविधान की 75 साल की यात्रा पर बहस की शुरुआत करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संविधान में कई संशोधनों के लिए कांग्रेस पार्टी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी अपनी आलोचना को बर्दाश्त नहीं की। इमरजेंसी के दौरान गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी और अभिनेता बलराज साहनी की गिरफ्तारी का हवाला देते हुए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मुद्दे पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर निशाना साधा।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के लिए पहला संविधान संशोधन 1951 में नेहरू लाए थे। अपनी बात को पुष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि मजरूह सुल्तानपुरी और बलराज साहनी को 1949 में जेल डाला गया था। 1949 में मिल मजदूरों की एक बैठक के दौरान मजरूह सुल्तानपुरी ने जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ लिखी एक कविता सुनाई। उन्होंने इसके लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया और उन्हें जेल भेज दिया गया। सीतारमण ने यह भी कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने का कांग्रेस का रिकॉर्ड सिर्फ इन दो लोगों तक ही सीमित नहीं है। 1975 में माइकल एडवड्र्स द्वारा लिखी गई राजनीतिक जीवनी 'नेहरू' पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। उन्होंने 'किस्सा कुर्सी का' नामक फिल्म पर भी प्रतिबंध लगा दिया, क्योंकि इसमें प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके बेटे पर सवाल उठाए गए थे। सीतारमण ने कहा कि नेहरू के उत्तराधिकारी इंदिरा गांधी और राजीव गांधी 'परिवार और वंशवाद की मदद' के लिए संविधान में संशोधन करते रहे।

सीतारमण ने कांग्रेस को महिला विरोधी बताया और राजीव गांधी के शासनकाल में शाह बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस ने मुस्लिम महिलाओं के तलाक पर अधिकार संरक्षण अधिनियम 1986 पारित किया, जिसने मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता पाने के उनके अधिकार से वंचित कर दिया। दूसरी ओर हमारी पार्टी ने नारी शक्ति अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) पारित किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के पास लोकसभा में 426 सदस्य थे, राज्यसभा में 159 सदस्य थे, लेकिन महिला आरक्षण विधेयक पारित करने का दृढ़ विश्वास नहीं था। वे महिला विरोधी थे।सीतारमण ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करने के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने लालू यादव की बेटी मीसा भारती का हवाला देते हुए कहा कि मैं ऐसे राजनीतिक नेताओं को जानती हूं, जिन्होंने उन काले दिनों को याद करने के लिए अपने बच्चों का नाम मीसा के नाम पर रखने का फैसला किया है और अब उन्हें उनके साथ गठबंधन करने में भी कोई आपत्ति नहीं होगी।





निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री

## 'झूठा' बोलने पर भड़कीं निर्मला सीतारमण बोलीं, जयराम रमेश लिखित में मांगें माफी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राज्यसभा में सोमवार को संविधान के 75 गौरवशाली वर्ष पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चर्चा के दौरान संविधान संशोधन को लेकर कांग्रेस की गलतियां गिनवाईं। इस बीच केंद्रीय मंत्री सीतारमण और कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के बीच तीखी नोकझोंक हुई । जीएसटी के मुद्दे पर कांग्रेस के सांसद जयराम रमेश ने केंद्रीय मंत्री पर झूठ बोलने का आरोप लगाया, जिस पर निर्मला सीतारमण भड़क गईं और उनसे लिखित में माफी देने की मांग की। निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी का कांग्रेस ने विरोध किया था। इस पर जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा शासित प्रदेश गुजरात ने सबसे पहले इसका विरोध किया था। इस पर जयराम रमेश ने उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया।

## जब संविधान लागू हुआ, तब विरोध किया था आरएसएस ने : खड़गे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर राज्यसभा में बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जो लोग राष्ट्रीय ध्वज और संविधान का अपमान करते हैं, वे हमें संविधान का पाठ पढ़ा रहे हैं। राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष खड़गे ने अपने संबोधन में कहा, 1949 में आरएसएस नेताओं ने भारत के संविधान का विरोध किया, क्योंकि यह मनुस्मृति पर आधारित नहीं था।

# राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम ने जाकिर हुसैन के निधन पर किया शोक व्यक्त

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को विश्व विख्यात तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोक व्यक्त किया और तबले को वैश्विक मंच पर ले जाने में जाकिर हुसैन के योगदान को याद करते हुए उन्हें सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया। ज्ञात हो कि सुप्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन का अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को शहर में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। वह 1970 के दशक में मुंबई से मैरिन काउंटी चले गए थे।राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, तबला के जादूगर उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन संगीत जगत के लिए बहुत बड़ी क्षति है। मुझे उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित करने का सौभाग्य मिला। मैं उनके परिवार के सदस्यों और उनके अनगिनत प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।

उपराष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, दिग्गज तबला वादक पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन जी के निधन



किया। उनके परिवार, दोस्तों और वैश्विक संगीत समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 'महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन का समाचार बेहद दुखद है। उनका जाना संगीत जगत के लिए बड़ी क्षति है।' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, विश्व विख्यात तबला वादक, पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन जी का निधन अत्यंत दुखद एवं संगीत जगत की अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं उनके शोकाकुल परिजनों और शोक संतप्त प्रशंसकों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शोक जाहिर करते हुए लिखा, प्रसिद्ध उस्ताद और सभी समय के महानतम तबला वादकों में से एक उस्ताद जाकिर हुसैन की असामयिक मृत्यु से मैं बहुत स्तब्ध और दुखी हूं। यह देश और दुनिया भर में उनके लाखों प्रशंसकों के लिए बहुत बड़ी क्षति है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर पोस्ट किया, उस्ताद जाकिर हुसैन साहब के निधन से हमारी संस्कृति की दुनिया और भी क्षीण हो गई है। संगीत के एक दिग्गज, रचनात्मकता के एक दिग्गज जिनके काम ने उन्हें पीढ़ियों तक लोगों के बीच लोकप्रिय बनाए रखा। उनके जाने से एक ऐसा शून्य पैदा हो गया है जिसे भरना मुश्किल होगा। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, जाकिर हुसैन जी के तबले की तान ने सीमाओं, संस्कृतियों और पीढ़ियों को पार करते हुए एक सार्वभौमिक भाषा बोली।

## पूरे आत्मविश्वास के साथ चुनाव में उतरेगी 'आप' : सिसोदिया

**दिल्ली (आईएएनएस)।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने सोमवार को जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में अपने दफ्तर का उद्घाटन किया। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि पार्टी पूरे आत्मविश्वास के साथ आगामी चुनावों में उतरेगी। हमारे पास दिल्ली के लिए एक मजबूत एजेंडा है और हम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में लगातार लोगों की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने कहा कि भाजपा का आत्मविश्वास टूट चुका है, क्योंकि न तो उनके पास कोई मजबूत नेतृत्व है, न ही मुद्दे और न ही दिल्ली के लिए कोई ठोस एजेंडा। 'आप' की टीम दिल्ली के लोगों के लिए काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार है और पार्टी का नेतृत्व अरविंद केजरीवाल के रूप में है, जो जनता के विश्वास पर खरा उतरने का काम कर रहे हैं। 'आप' की ओर से महिला अदालतों के आयोजन पर सिसोदिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। इनमें



किराया माफ करना, बसों में मार्शल लगाना, सीसीटीवी कैमरे लगवाना और लड़कियों को शिक्षा देने जैसे कदम शामिल हैं। इसके अलावा, अरविंद केजरीवाल अब एक और बड़ा कदम उठा रहे हैं, जिसके तहत महिलाओं के बैंक अकाउंट में 2,100 रुपये हर महीने भेजे जाएंगे। उन्होंने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह महिलाओं की आर्थिक स्थिति को और सशक्त बनाएगा। मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखे जाने पर सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने भाजपा को यह जिम्मेदारी दी थी कि वह कानून-व्यवस्था को ठीक करेंगे, लेकिन वह इस जिम्मेदारी को निभाने में विफल रही। दिल्ली के लोग अब जवाब मांग रहे हैं।

## नेहरू की चिट्ठियों पर भाजपा ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली (हि.स.)।** पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की चिट्ठियों पर अब विवाद शुरू हो गया है। दरअसल, प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसाइटी के सदस्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिख कर नेहरू की चिट्ठियों को वापस करने को कहा है। इसके साथ ही इस मामले पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस से पूछा है कि वह आखिर जवाहर लाल नेहरू की चट्ठियों को क्यों छुपा रही है। सोमवार को भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने लोकसभा में भी यह मुद्दा उठाया और प्रेसवार्ता करके भी कांग्रेस पार्टी से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि जवाहर लाल नेहरू के पत्राचार 1971 में जवाहर लाल नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय को दिए गए थे। इन सभी पत्रों को उस समय के जवाहर लाल नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय के डॉयरेक्टर से स्वीकृति लेकर करीब 51 डिब्बों में भर कर 5 मई, 2008 को सोनिया गांधी के घर भेज दिया गया। जवाहर लाल नेहरू ने ये पत्र एडविना माउंटबेटन, एल्बर्ट आइंस्टीन, जयप्रकाश नारायण, बाबू जगजीवन राम और गोविंद बल्लभ पंत आदि को लिखे थे।

# आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**वृष :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मिथुन :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**सिंह :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**तुला :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, इ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

## शून्य काल में प्रियंका गांधी ने उठाया बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों का मुद्दा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को लोकसभा में शून्य काल में 1971 की भारत-पाकिस्तान युद्ध में मिली जीत पर देश को नमन किया और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार तथा सैन्य मुख्यालय से विजय दिवस से जुड़ी आईकॉनिक तस्वीर हटाए जाने का मुद्दा उठाया। शून्य काल में प्रियंका गांधी ने कहा कि इंदिरा गांधी के महान नेतृत्व में आज ही के दिन भारतीय जनता के समर्थन से देश की सेना ने बांग्लादेश में पाकिस्तान का शासन खत्म किया। इस अवसर पर वे मुद्दे उठाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर भारत सरकार को आवाज उठानी चाहिए और बातचीत करनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने सैन्य मुख्यालय से पाकिस्तानी सेना के समर्पण से जुड़ी आईकॉनिक तस्वीर हटाए जाने का मुद्दा उठाया। हालांकि उनको मिले 2 मिनट का समय पूरा हो जाने पर उन्हें बातचीत नहीं रखने देने को लेकर कांग्रेस सदस्यों ने शोर-शराबा किया और सदन से बहिर्गमन किया। इससे पहले प्रियंका गांधी के नेतृत्व में संसद के मकर द्वार पर कांग्रेस नेताओं ने सैन्य मुख्यालय से पाकिस्तानी सेना के समर्पण से जुड़ी आईकॉनिक तस्वीर हटाए जाने के खिलाफ प्रदर्शन किया।

## केंद्रीय गृह मंत्री ने अमर जवानों को दी श्रद्धांजलि



**जगदलपुर/रायपुर (हि.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बस्तर प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को जगदलपुर स्थित अमर बलिदान (शहीद) वाटिका पहुंचकर अमर जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अमर जवान स्तम्भ में पुष्प चक्र अर्पित कर नक्सल अभियान के दौरान बलिदानी जवानों के बलिदान को नमन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे।

### संभल के मंदिर परिसर में हुई खुदाई

# कुएं से मिलीं तीन खंडित मूर्तियां

- जिला प्रशासन अब खुदाई की जिम्मेदारी एएसआई को देने की तैयारी में



वर्ष 1978 से बंद था संभल का शिव मंदिर

**संभल (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मिले प्राचीन शिव मंदिर परिसर में मौजूद कुएं की करीब 20 फुट तक खुदाई की गई। इस दौरान तीन खंडित मूर्तियां मिली हैं। ये मूर्तियां मां पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की हैं। जिला प्रशासन अब कुएं की खुदाई की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को देने की तैयारी में है। फिलहाल कुएं को जाल से ढक दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि शिव मंदिर के बगल में एक कुआं मिला है, जिसकी करीब 20 फुट तक खुदाई की जा चुकी है। खुदाई के दौरान कुएं में तीन खंडित मूर्तियां मिली हैं। ये मूर्तियां- भगवान गणेश, कार्तिकेय और मां पार्वती की हैं। मूर्तियां मिलने के बाद प्रशासन ने खुदाई का काम रुकवा दिया है। संभावना है कि कुएं में और मूर्तियां हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर में कुएं की खुदाई की जिम्मेदारी अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को देने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल कुएं को जाल से ढक दिया गया है।

वहीं, श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर पूजा-अर्चना शुरू कर दी है। भीड़ को देखते हुए कुएं के पास पीएसी और पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं, प्रशासनिक सूत्रों ने यह भी बताया है कि मस्जिद के पास से भी एक कुआं मिला है, जिसे ढक दिया गया था। अब उस कुएं की भी खुदाई शुरू होगी।संभल में यह शिव मंदिर वर्ष 1978 से बंद था। करीब 46 साल बाद 14 दिसंबर 2024 को प्रशासन द्वारा मंदिर का द्वार खोला गया। इस दौरान मंदिर में कई मूर्तियां मिलीं, जिसमें शिवलिंग और हनुमान जी की प्रतिमा शामिल है। इसके बाद प्रशासन ने मंदिर को साफ किया और 15 दिसंबर को विधि-विधान के साथ मंदिर में पूजा शुरू हुई। सोमवार को स्थानीय लोगों ने मंदिर पर प्राचीन संभलेश्वर महादेव लिखा।

# ममता इंडी गठबंधन की नेता बनने के लिए सबसे योग्य : अभिषेक बनर्जी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इंडी गठबंधन के नेता के तौर पर दावेदारी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ममता सबसे वरिष्ठ नेता हैं एवं भाजपा और कांग्रेस दोनों को हराकर आगे बढ़ी हैं। तृणमूल सांसद ने सोमवार को संसद परिसर में कहा कि ममता बनर्जी की दावेदारी पर इंडी एलायंस बैठक कर विचार करेगा। वे सबसे वरिष्ठ हैं, तीन बार की मुख्यमंत्री और तीन बार की सांसद हैं। केंद्र सरकार में कई मंत्री पद संभाल चुकी हैं। ममता के क्षेत्रीय पार्टी से होने के कांग्रेस के बयान पर अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भले ही तृणमूल क्षेत्रीय पार्टी है लेकिन पार्टी भाजपा और कांग्रेस दोनों से लड़कर आगे बढ़ी है। जनता से समर्थन मिला है। भाजपा से इस बार 6 सांसद तृणमूल ने छीने हैं। हमारा भाजपा के खिलाफ स्ट्राइक रेट सबसे बेहतर है।

# जनता से मिलने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करोड़ों खर्च कर रहे हैं : तेजस्वी यादव

**सहरसा (आईएएनएस)।** बिहार में विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित 'महिला संवाद यात्रा' को लेकर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी 15 दिन की यात्रा पर 2 अरब 25 करोड़ 78 लाख रुपये खर्च कर रहे हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर कौन ऐसा मुख्यमंत्री होगा, जो जनता से मिलने के लिए इतने रुपये खर्च करेगा।



उन्होंने बताया कि इतने रुपये में बिहार में बहुत सारा काम हो जाता, आखिर वह किस बात की यात्रा कर रहे हैं? यह सिर्फ अधिकारियों की लूट की छूट की यात्रा है। पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव अपने 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा' को लेकर सहरसा पहुंचे थे।

उन्होंने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का विरोध करते हुए कहा कि आज पूरे देश में उपचुनाव भी एक तिथि को संभव नहीं हो पा रहा है। इसे लेकर कम खर्च होने का तर्क दिया जा रहा है, लेकिन आज विज्ञापन पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

# भारत 51/4, मैच बचाने के लिए बारिश का बचा सहारा

एजेंसी




ब्रिस्बेन। भारत बारिश से प्रभावित तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन सोमवार को अपने चार विकेट मात्र 51 रन पर गंवाकर गहरे संकट में फंस गया है। भारत अभी ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 445 रन से 394 रन पीछे है। भारत की मैच बचाने की सारी उम्मीदें अब बारिश पर टिकी हुई हैं। वर्षा प्रभावित तीसरे दिन मौसम और खराब रौशनी के कारण अंपायर्स ने स्टंप्स का फ़ैसला ले लिया है। तीसरे दिन का खेल समाप्त होता है। भारतीय टीम मुश्किल में ज़रूर है लेकिन कल अगर वे कम से कम 60 ओवर की भी बल्लेबाज़ी कर लेते हैं तो उनके पास यह मैच बचाने का अच्छा ख़ासा मौक़ा होगा। सबसे ज़रूरी बात - कल भी बारिश की संभावना है। उससे भी ज़रूरी बात -परसों भी बारिश की संभावना है। बारिश के कारण चाय के समय भारत ने 14.1 ओवर में 48/4 रन बनाए थे। लगातार बारिश के कारण लंच जल्दी ले लिए जाने के बाद, 11 गेंदों पर पंत और केएल राहुल ने स्ट्राइक रोटेट की, लेकिन फिर से बूंदाबांदी शुरू हो गई। खेल फिर से शुरू होने के बाद, पंत और राहुल ने 4.3 ओवर तक खेला, लेकिन फिर से बारिश ने उन्हें मैदान से बाहर जाने पर मजबूर कर दिया। बारिश के रुकने के बाद, राहुल ने कमिंस की गेंद पर शानदार ड्राइव लगाकर चौका लगाया। लेकिन कमिंस ने वापसी की और पंत को नौ रन बनाकर एलेक्स कैरी को कैच देने के लिए मजबूर किया। यह तीसरी बार था जब कमिंस ने इस श्रृंखला में पंत को आउट किया, इससे पहले टेस्ट मैचों में उनका विकेट नहीं लिया था। राहुल ने स्टार्क पर कवर के ऊपर से चौका लगाया, इससे पहले कि वह निराश दिखें और स्टार्क निराश दिख रहे थे क्योंकि बारिश फिर से आ गई और चाय का ब्रेक लेना पड़ा। स्टंप्स के समय केएल राहुल 64 गेंदों में 33 और कप्तान रोहित शर्मा छह गेंदों में खाता खोले बिना क्रीज पर थे। इससे पहले मिशेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड ने भारत के शीर्ष क्रम को एक बार फिर ध्वस्त कर दिया और मेहमान टीम को मुश्किल में डाल दिया।

बारिश के कारण जल्दी लिए गए लंच तक भारत ने 7.2 ओवर में 22/3 रन बना लिए थे। भारत की पारी की शुरुआत मिशेल स्टार्क की गेंद पर यशस्वी जायसवाल के बल्ले के बाहरी किनारे पर चौका लगने के साथ हुई। लेकिन अगली ही गेंद पर जायसवाल ने हाफ-वॉली को सीधे स्क्वायर लेग पर फ्लिक किया और चार रन बनाकर आउट हो गए। इस सीरीज में यह तीसरा मौका है जब जायसवाल बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क का शिकार हुए।

- खराब रोशनी के कारण अंपायर्स ने स्टंप्स का फैसला ले लिया है
- कल और परसों भी लगातार बारिश की संभावना है

## ईसा गुहा ने बुमराह पर 'नस्लीय' टिप्पणी करने के लिए माफी मांगी



ब्रिस्बेन। इंग्लैंड की पूर्व महिला क्रिकेटर ईसा गुहा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे तीसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में कमेंट्री करते हुए भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 'प्राइमेट' कहने के कारण हुई किसी भी ठेस के लिए माफ़ी मांगी है। गाबा में दूसरे दिन के खेल के पहले सत्र के दौरान, बुमराह अपने धमाकेदार स्पैल के बीच में थे, जब ईसा ने फॉक्स स्पोर्ट्स पर कहा, "ठीक है, वह एमवीपी है, है न? सबसे मूल्यवान प्राइमेट, जसप्रीत बुमराह। वह वह है जो भारत के लिए सारी बातें करने वाला है, और इस टेस्ट मैच की तैयारी में उस पर इतना ध्यान क्यों दिया गया, और क्या वह फिट होगा। 2008 के मंकीगेट कांड के दौरान दोनों क्रिकेट टीमों के बीच तनाव को देखते हुए 'प्राइमेट' शब्द के इस्तेमाल ने काफी हलचल मचाई। गाबा में तीसरे दिन के खेल से पहले, ईसा ने तीसरे दिन के खेल की तैयारी में माफ़ी मांगी। "कल कमेंट्री में मैंने एक ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया, जिसका कई अलग-अलग तरीकों से मतलब निकाला जा सकता है। सबसे पहले, मैं किसी भी तरह की ठेस के लिए माफ़ी मांगना चाहती हूं। जब दूसरों के लिए सहानुभूति और सम्मान की बात आती है।

## कार्लसन नॉर्वे शतरंज 2025 में गुकेश से भिड़ेंगे



स्टावेंजर (नॉर्वे)। शतरंज की दुनिया एक असाधारण लड़ाई के लिए तैयार हो रही है, क्योंकि दुनिया के सबसे उच्च श्रेणी के खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन आगामी नॉर्वे शतरंज 2025 में खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन 18 वर्षीय गुकेश डोमाराजू से भिड़ेंगे। गुकेश ने पिछले गुरुवार को तब सुर्खियां बटोरीं, जब उन्होंने सिंगापुर में 14 गेम के मुकाबले में चीन के डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से हराया, विश्व चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया और 2013 में चेन्नई में कार्लसन द्वारा विश्वनाथन आनंद के शासन को समाप्त करने के बाद पहली बार इसे भारत वापस लाया। 26 मई से 6 जून तक स्टावेंजर में होने वाला यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट, कार्लसन और नए चैंपियन के बीच शतरंज के इतिहास में सबसे अधिक प्रतीक्षित मुकाबलों में से एक होने का वादा करता है। गुकेश ने इस साल उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, टाटा स्टील मास्टर्स जीतकर, शतरंज ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के सबसे कम उम्र के विजेता बने और आखिरकार शास्त्रीय शतरंज में अंतिम पुरस्कारः विश्व चैम्पियनशिप का खिताब जीता।

## रिया शिरीष ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में जीता पहला राष्ट्रीय खिताब



नई दिल्ली। औरंगाबाद की युवा निशानेबाज रिया शिरीष तट्टे ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज (डीकेएसएसआर) में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) की महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीता। रिया ने पंजाब की सिमरनप्रीत कौर बरार को 7-2 से शूट-ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दोनों निशानेबाज 8 सीरीज (प्रत्येक में 5 शॉट) में 31 हिट्स के साथ बराबरी पर थीं। ओलंपियन और पूर्व एशियाई खेल चैंपियन राही सरनोबत ने 25 हिट्स के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सिमरनप्रीत ने दिन में जूनियर महिला खिताब जीतकर अपने सीनियर रजत पदक के साथ एक शानदार साल का समापन किया। उन्होंने हरियाणा की पायल को 5-2 के शूट-ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों निशानेबाज 34 हिट्स के साथ बराबरी पर थीं। इस श्रेणी में रिया ने 30 हिट्स के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

## खो-खो को वैश्विक स्तर पर देख कोच सुमित भाटिया ने कहा हमारा सपना पूरा हो रहा है

एजेंसी



नई दिल्ली। कोच सुमित भाटिया 13-19 जनवरी, 2025 को होने वाले खो खो विश्व कप के पहले संस्करण के लिए पूरी तरह से उत्साहित हैं। भाटिया, जो दो बार एशियाई चैम्पियनशिप जीतने वाले एकमात्र मुख्य कोच होने का एक अलग रिकॉर्ड रखते हैं, का मानना है कि यह ऐतिहासिक कदम खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने और इसे वैश्विक मान्यता दिलाने में मदद करने के सपने के साकार होने का संकेत है। दिल्ली सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद, भाटिया 2016 और 2023 एशियाई खो खो चैम्पियनशिप जीत सहित विभिन्न भारतीय टीमों की सफलता का हिस्सा रहे हैं, और उन्होंने नसरीन शेख और सारिका सुधाकर काले जैसे खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है। वे दोनों अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं। नसरीन, जो विश्व कप शिविर का भी हिस्सा हैं, एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो एशियाई चैंपियनशिप में खेला है और स्वर्ण पदक जीता है। कोच-छात्र की जोड़ी अब वैश्विक आयोजन के लिए कमर कस रही है। खो खो विश्व कप की शुरुआत की यात्रा के बारे में बताते हुए, कोच ने कहा, "हमने 2020 में कोविड से पहले यहां एक अंतरराष्ट्रीय शिविर का आयोजन किया था। 16 देशों के कोच और खिलाड़ी यहां आए और हमने उन्हें प्रशिक्षण दिया। अब वे विश्व कप के लिए यहां आएंगे, लेकिन यह अभियान उसी शिविर में शुरू हुआ। उन्होंने आगे कहा, "करीब 30-35 देश टूर्नामेंट खेलने के इच्छुक थे, लेकिन हमने पुरुष और महिला दोनों के लिए सर्वश्रेष्ठ 20 टीमें चुनीं। कुछ देशों में एकल टीमें हैं जबकि कुछ में दोहरी टीमें हैं, लेकिन कुल 24 देश टूर्नामेंट में भाग लेंगे। खो खो को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना हमारा सपना था और अब हम देख सकते हैं कि हमारा सपना पूरा हो रहा है।" उन्होंने अल्टीमेट खो-खो लीग की शुरुआत की भी सराहना की और बताया कि कैसे फ्रेंचाइज -आधारित मॉडल ने खिलाड़ियों और कोचों को पहचान दिलाने में मदद की है, साथ ही जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को भी आगे लाया है। भाटिया ने कहा, ''जब अल्टीमेट खो-खो लीग शुरू हुई, तो मैं भी तेलुगु योद्धा के मुख्य कोच के रूप में शामिल हुआ और हमने फाइनल भी खेला। खिलाड़ियों को लीग के माध्यम से पहचान मिली है और यह सिर्फ वित्तीय नहीं है। पहले हम खो-खो कोच होने से हिचकिचाते थे, लेकिन आज हमारे खिलाड़ी हमें अपना कोच बताते हैं।

उन्होंने कहा, "लीग को इतनी कवरेज मिली कि हम जहां भी जाते हैं, खिलाड़ियों से ऑटोग्राफ के लिए संपर्क किया जाता है। इसलिए लीग के मंच ने कोचों और खिलाड़ियों दोनों के लिए एक नई दुनिया शुरू की और अब न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया हमें जानती है। पहले हम लोगों को अपने खेल के बारे में बताते थे, लेकिन अब वे जानते हैं कि खो-खो और अल्टीमेट खो-खो लीग क्या है और तीसरे सीज़न का भी इंतज़ार कर रहे हैं।

## जिम्बाब्वे पर अफगानिस्तान के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना

एजेंसी

दुबई। जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों पर शनिवार को हरारे में अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा, "आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एंडी पाइक्रॉफ्ट ने समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए जिम्बाब्वे को लक्ष्य से दो ओवर कम होने का दोषी पाए जाने के बाद जुर्माना लगाया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने अपराध के लिए दोषी होने की बात स्वीकार की और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर इकोनो चाबी और फोर्स्टर मुटिज़वा, तीसरे अंपायर पर्सीवल सिज़ारा और चौथे अंपायर लैंग्टन रुसेरे ने आरोप तय किए। ज़िम्बाब्वे वर्तमान में सभी प्रारूपों के दौरे के लिए अफ़गानिस्तान की मेज़बानी कर रहा है, जिसकी शुरुआत दोनों पक्षों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज़ से हुई। पहला टी20 मैच चार विकेट से हारने के बाद, अफ़गानिस्तान ने जोरदार वापसी की और क्रमशः 50 रन और तीन विकेट से जीत दर्ज करके सीरीज़ 2-1 से अपने नाम कर ली।

## सीनियर बैडमिंटन नेशनल्स 18 दिसंबर से बेंगलुरु में

बेंगलुरु। एक रोमांचक घरेलू सत्र, जिसमें युवा चुनौती देने वाले उभरे और कुछ अनुभवी खिलाड़ियों ने किस्मत आजमाई, का समापन 77वीं इंटर-जोनल और 86वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के साथ होगा, जो 18-24 दिसंबर तक बेंगलुरु में कर्नाटक बैडमिंटन एसोसिएशन कोर्ट में खेली जाएगी। चैंपियनशिप की शुरुआत इंटर-जोनल टीम स्पर्धाओं से होगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धा 20 दिसंबर से शुरू होगी। इसमें मौजूदा पुरुष एकल चैंपियन चिराग सेन और महिला एकल विजेता अनमोल खरब बेहद प्रतिस्पर्धी मैदान के बावजूद अपने-अपने खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।

## गिलेस्पी ने बताया, उन्होंने पाकिस्तान के कोच के पद से क्यों दिया इस्तीफा

एजेंसी



नई दिल्ली। जेसन गिलेस्पी ने खुलासा किया है कि मैच से पहले प्लेइंग इलेवन के बारे में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ उनका कोई स्पष्ट संवाद नहीं था और उन्होंने कहा कि रेड-बॉल कोच के रूप में उनकी भूमिका केवल कैचों को मारने तक सीमित रह गई थी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी ने अप्रैल में दो साल के लिए पाकिस्तान के रेड-बॉल कोच का पद संभाला था और अक्टूबर में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में 2-1 से जीत दर्ज की थी। लेकिन गिलेस्पी ने पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका में पाकिस्तान की टेस्ट श्रृंखला से पहले अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अकीब जावेद को अब पाकिस्तान का अंतरिम टेस्ट कोच नियुक्त किया गया है और अक्टूबर में गैरी कर्स्टन के पद से हटने के बाद वह व्हाइट-बॉल की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। "मुझे लगा कि मैं मूल रूप से कैच पकड़ रहा हूं, और मैच की सुबह बस इतना ही था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा में खेले गए तीसरे टेस्ट के दौरान एबीसी ग्रैंडस्टैंड शो में गिलेस्पी ने कहा, "आप सभी हितधारकों, उदाहरण के लिए चयनकर्ताओं के साथ स्पष्ट संवाद करने में सक्षम होना चाहते हैं, ताकि मैच से पहले या कम से कम मैच से एक दिन पहले मुख्य कोच के रूप में टीम के बारे में अच्छी तरह से पता चल सके। उन्होंने यह भी कहा कि उनके और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच संवाद स्पष्ट नहीं था।



## महंगाई से बड़ी राहत

# थोक मुद्रास्फीति दर नवंबर में घटकर 1.89 फीसदी रही

एजेंसी




नई दिल्ली। भारत में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) या थोक मुद्रास्फीति दर नवंबर में घटकर 1.89 प्रतिशत रह गई है, जो कि अक्टूबर में 2.36 प्रतिशत थी। इसकी वजह खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी आना है। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को दी गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य महंगाई दर नवंबर में 8.29 प्रतिशत पर रही है, जो कि अक्टूबर में 11.59 प्रतिशत थी। इसकी वजह सब्जियों में महंगाई दर का कम होना है। नवंबर में प्याज में महंगाई दर अक्टूबर के 39.25 प्रतिशत के मुकाबले 2.85 प्रतिशत रही है। बीते महीने ईंधन की कीमतों में महंगाई दर -5.83 प्रतिशत थी। इसके कारण थोक महंगाई की रफ्तार में कमी आई है। थोक महंगाई दर का खुदरा महंगाई दर से सीधा संबंध होता है। थोक महंगाई दर में कमी आने का असर खुदरा कीमतों पर भी होता है। पिछले सप्ताह जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भारत की खुदरा मूल्य मुद्रास्फीति या खुदरा महंगाई दर नवंबर में घटकर 5.48 प्रतिशत रह गई।

इसमें कमी आने की वजह महीने के दौरान खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि कम हुई। खुदरा महंगाई दर में कमी लगातार दो महीने की बढ़त के बाद देखने को मिली थी। अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। अक्टूबर 2024 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तय किए गए महंगाई के बैंड 2 से 6 प्रतिशत के ऊपर निकलने के बाद एक बार फिर से खुदरा मुद्रास्फीति काबू में आ गई है। आरबीआई द्वारा महंगाई के 4 प्रतिशत से नीचे आने का इंतजार किया जा रहा है, जिससे ब्याज दरों में कटौती कर वृद्धि दर को बढ़ाया जा सके। आरबीआई ने दिसंबर 2024 की मौद्रिक नीति में वृद्धि दर और महंगाई में बैलेंस रखते हुए कैश रिजर्व रेशियो (सीआरआर) में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे बैंकिंग सिस्टम में तरलता में इजाफा हुआ है।

## वर्ष 2025 में टियर 2 और 3 शहरों पर रहेगा फोकस



- भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर पर कोलियर्स इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

नई दिल्ली)। रेजिडेंशियल, ऑफिस और इंडस्ट्रीयल सेक्टर में वर्ष 2024 में बंपर तेजी देखने को मिली है और वर्ष 2025 में कंसोलिडेशन रह सकता है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, रेजिडेंशियल और ऑफिस बाजार लगातार उच्च स्तर पर रहने के बाद संभावित रूप से स्थिर हो सकते हैं। लेकिन, इंडस्ट्रीयल और वेयरहाउस की मांग में वृद्धि देखी जा सकती है, जिसे मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि और बढ़ती हुई लॉजिस्टिक्स इंडस्ट्री का फायदा मिलेगा। रिपोर्ट में बताया गया कि बढ़ता हुआ शहरीकरण, बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का पूरा होना और इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर के विकास से वर्ष 2025 में वृद्धि की नई संभावनाएं विशेषकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में उबरेंगी। वहीं, वर्ष 2024 में शीर्ष छह शहरों में वार्षिक सकल पट्टे चालू वर्ष की तीसरी तिमाही तक 47 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंच गए हैं।

## रेलवे स्टेशनों पर ओएसओपी आउटलेट्स की संख्या बढ़ी

### महिला कारीगरों को मिल रहा फायदा

एजेंसी

मुंबई। केंद्र सरकार ने वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (ओएसओपी) स्कीम का विस्तार देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कर दिया गया है और इसके तहत 1,854 आउटलेट्स पर विभिन्न स्थानीय उत्पादों को बेचा जा रहा है। इस स्कीम का उद्देश्य महिला कारीगरों को सशक्त बनाना है। भुसावल मंडल के रेल प्रबंधक, इति पांडे ने कहा कि अकेले सेंट्रल रेलवे में इन आउटलेट्स में से 157 हैं। सेंट्रल रेलवे में भुसावल मंडल में 25 से ज्यादा ओएसओपी आउटलेट्स हैं और सभी स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं। पांडे ने आगे कहा कि महिला उद्यमी भुसावल और जलगांव में पैठणी साड़ियों और पर्स से लेकर पैक्ड रोस्टेड उत्पादों और अकोला में बांस क्राफ्ट जैसे स्थानीय उत्पादों की ब्रिकी ओएसओपी स्कीम के जरिए कर रही हैं। मार्च 2022 में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू की गई।

## भारत में स्मार्टफोन निर्यात में 90 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि

### नवंबर माह में एप्पल रहा रेस में सबसे आगे

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत में इस साल नवंबर में स्मार्टफोन निर्यात में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है, जो पहली बार एक महीने में 20,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। स्मार्टफोन निर्यात को लेकर सबसे ज्यादा वृद्धि एप्पल को लेकर देखी गई। इंडस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार, स्मार्टफोन निर्यात 20,300 करोड़ रुपये को पार कर गया, जो पिछले साल की समान अवधि से 90 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। पिछले महीने निर्यात में एप्पल सबसे आगे रहा, उसके बाद सैमसंग का स्थान रहा। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर में देश से स्मार्टफोन निर्यात 10,600 करोड़ रुपये से अधिक था। देश में स्मार्टफोन बाजार के वर्ष 2024 तक एकल अंकों की वार्षिक वृद्धि के साथ बाहर निकलने की उम्मीद है।

## सेंसेक्स 81,748 पर लाल निशान में बंद




मुंबई। मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी के मेटल, आईटी, कमोडिटीज, एनर्जी, एफएमसीजी और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 384.55 अंक या 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,748.57 पर बंद हुआ और निफ्टी 100.05 अंक या 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,668.25 पर बंद हुआ। जानकारों ने कहा कि शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था, जबकि रियल्टी क्षेत्र ने बढ़ती मांग और 2025 में संभावित ब्याज दरों में कटौती चक्र की उम्मीद में बेहतर प्रदर्शन किया। विनिर्माण और सेवा पीएमआई में वृद्धि वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही की आय में सकारात्मक बदलाव का संकेत देती है, जो वित्त वर्ष 2025 की आय में और गिरावट को सीमित कर सकती है। उन्होंने कहा, अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड पर बढ़ती यील्ड और डॉलर में मजबूती के कारण निवेशक आगामी अमेरिकी फेड पॉलिसी और 2025 की दरों के लिए इसकी टिप्पणियों पर नजर बनाए हुए हैं।

## मादक पदार्थों की तस्करी व खेती करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं इसकी खेती पर रोकथाम करने पर चर्चा किया गया तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने को लेकर एनसीओआरडी समिति के सभी सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया हैं बैठक के दौरान जिले में अवैध अफीम, भांग की खेती के अलावा नशाखोरी की घटनाओं, चिंता के क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। उपायुक्त ने जिले में अवैध अफीम, भांग की खेती और नशे के खतरे को नियंत्रित करने के लिए किए गए उपायों के बारे में जानकारी लेते हुए जिले में अफीम, भांग की तस्करी एवं खेती दोनों किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए इसके निमित्त संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी और इसके खेती में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों से जिले के सभी ब्लॉकों में संबंधित क्षेत्रों के स्थानीय लोगों को शामिल करते हुए सेंसिटिव क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान शुरू करने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा नशीली दवाओं के प्रसार, खपत और ऐसे नशीले पदार्थों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, औषधि निरीक्षक, संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भू-राजस्व, दाखिल-खारिज, भूमि और सीमांकन की समीक्षा

# समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह का शेष लक्ष्य को पूरा करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में राजस्व संग्रहण की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा, भू-लगान, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई




त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों से राजस्व संग्रहण में आ रही समस्याओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। राजस्व संग्रहण में लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने को कहा। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ विपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू अन्य संबंधित पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने पोस्ता फसल नष्ट किया

**हेरहंज।** जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया के नेतृत्व में सोमवार को भी थाना क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत आशुवे ग्राम के वनभूमि पर 3-4 एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर की मदद से हल चलवाकर नष्ट किया गया। थाना प्रभारी श्री पवैया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर सोमवार को भी आशुवे ग्राम के वनभूमि में लगे पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया है। यह खेती किसके द्वारा लगाया गया है पुलिस जांच कर रही है। जांच करने के बाद खेतिहरों के उपर कारवाई करेगी। मौके पर पंकज कुमार पासवान के अलावा कई जवान मौजूद थे।

## महिला पुलिस उपाधीक्षक के साथ रेकी कर बदसलूकी करने के दो आरोपी को जेल

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के परोरिया मोड़ पर चतरा पुलिस उपाधीक्षक का रेकी व बदसलूकी करने वाले दो युवकों को मयूरहंड थाना प्रभारी अमित कुमार ने न्यायिक हिरासत में भेजा। दोनों युवक के विरुद्ध मयूरहंड थाना प्राथमिकी दर्ज किया गया।आरोपियों में इटखोरी थाना क्षेत्र के सोनपुरा गांव निवासी अखिलेश सिंह एवं परोका के निर्भय सिंह का नाम शामिल है। जानकारी अनुसार रविवार सुबह पुलिस उपाधीक्षक चतरा अमीषा लकड़ा कांड अनुसंधान करने मयूरहंड आ रही थी। इस दौरान इटखोरी के मुहाने नदी में अवैध बालू उत्खनन करने वाले गिरोह के दो युवक रेकी कर रहे थे। दोनों को गिरफ्तार कर मयूरहंड पुलिस को सौंप कानूनी कार्रवाई का निर्देश उपाधीक्षक ने थाना प्रभारी को दिया था। दोनों युवकों को सोमवार को जेल भेज दिया गया।

## 39 लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बतख व चूजा का वितरण

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25का योजना 90 से 75 प्रतिशत अनुदान पर बारियातू, साल्वे व अमरवाडीह पंचायत के 39 लाभुकों के बीच 15-15 बतख चूजा का वितरण किया गया। साथ में रोग से बचाव के लिए दवा भी प्रत्येक लाभुक को वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड उप प्रमुख निशा शाहदेव व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, पंचायत समिति सदस्य सोनी देवी, डाढ़ा मुखिया सुरेश उरांव मौजूद थे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत ग्रामीणों के आय में वृद्धि व महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने ने सभी लाभुकों को सही तरह से बतख चूजा को पालन कर अपने आय में वृद्धि करने को कहा।

## विधानसभा का तकदीर व तस्वीर बदलने का काम किया जाएगा: अनंत प्रताप



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** झामुमो के नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव के जीत पर विशुनपुरा प्रखंड में स्वागत सह आभार यात्रा निकाली गयी। मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि झामुमो ने झारखंड में प्रचंड बहुमत हासिल किया है। भाजपा ने सिर्फ हिन्दू मुस्लिम कर बांटने की राजनीति की है। उन्होंने कहा कि चुनाव में राजनीति कर मांस भी फेंकवाने का कार्य किया गया था। फिर भी की जनता ने आशीर्वाद देने का कार्य किया। सरकार ने मंईयां सम्मान योजना का जो वादा किया था, उसे 1 हजार से 2500 सौ रु देने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2009 में जब विधायक बना था. तब विशुनपुरा सबसे पिछड़ा प्रखंड था। उसे विशुनपुरा, मझिआंव व नगर तक पक्की सड़क से जोड़ने का कार्य किया गया है। विशुनपुरा में 5 एकड़ जमीन देकर थाना, ब्लॉक बनवाने का कार्य किया था। विधानसभा का तकदीर व तस्वीर बदलने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव में तालाब सुंदरीकरण, सड़क सहित सभी विकास योजनाओं का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जिस लाभुकों का राशन कार्ड नही बना है, उसे जिला से लॉगिन छोड़वाने का कार्य किया जाएगा। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद आशीर्वाद मांगने आया हूं। आने वाले 5 वर्षों में विकास कर क्षेत्र को बेहतर बनाने का कार्य किया जाएगा। विधायक ने विष्णु मंदिर पहुंच कर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना किया। मौके पर मंदिर समिति के सदस्यों ने विधायक अनंत प्रताप देव को भगवान की फोटो व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, शिवबचन यादव, संजय गुप्ता, बलराम पासवान, नारायण शर्मा, मंदिर कमिटी सचिव, ज्वाला प्रसाद, गौरीशंकर गुप्ता, अजय यादव, शिवप्रसाद सहित कयी लोग उपस्थित थे।

### पुराने सभी योजनाओं को बंद करने का निर्देश

## काम नहीं करने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी:डीडीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्र ने सोमवार को डंडई प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में डीडीसी ने सप्ताह के अंदर लक्ष्य के अनुसार सभी अबुआ आवास का रजिस्ट्रेशन और स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने अबुआ आवास के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना का भी रजिस्ट्रेशन और स्वीकृति पत्र लाभुकों को देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समय पर काम नहीं करने वाले कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीडीसी ने मनरेगा में अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। साथ ही पुराने सभी योजनाओं को बंद करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने विभाग वार सभी कर्मियों से योजनाओं के बारे में पूछताछ कर उसका समीक्षा की इससे पूर्व डीडीसी को प्रखंड कार्यालय पहुंचने की जानकारी मिलते ही प्रखंड के सभी पदाधिकारी व कर्मी सोमवार को निर्धारित समय पर प्रखंड कार्यालय पहुंच गए थे। बैठक में बीडीओ देवलाल करमाली,बीपीओ रंजन कुमार, मनरेगा क?ीय अभियंता नंदकिशोर प्रसाद, विशाल कुमार के साथ-साथ प्रखंड भर के पंचायत सचिव व अन्य पदाधिकारी व अन्य मौजूद थे।

# सद्दीक मंजिल चौक पर चला सघन वाहन जांच अभियान

### लाइसेंस और हेलमेट के बिना चलने वालों पर कार्रवाई, 53150 रुपये का जुर्माना वसूला

**मेदिनीनगर।** सोमवार को सद्दीक मंजिल चौक स्थित कोयल नदी पुल के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इससे पहले ट्रैफिक पुलिस ने कचहरी चौक पर भी वाहनों की गहन जांच की। अभियान के दौरान बिना हेलमेट और लाइसेंस के वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। 12 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया और चालान फाइन के लिए व्यवहार न्यायालय, पलामू भेजा गया।

जांच के दौरान कुल 53150 रुपये जुमार्ने के रूप में वसूले गए। इसमें जिला परिवहन कार्यालय से 1150 रुपये ई-रिक्शा का चालान और 15 दोपहिया वाहनों का चालान जुमार्ना राशि 52000 रुपये शामिल है।



**वाहनों की स्टैंड पर व्यवस्था: शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए पांच टेंपो स्टैंड निर्धारित किए गए हैं:**

**चैनपुर:** चैनपुर से आने वाले टेंपो को टेंपो स्टैंड के पास रोका जा रहा है।

**सतबरवा और लहलहे:** इन क्षेत्रों से आने वाले टेंपो चियांकी के पास रुकेंगे।

**पड़वा और नवा बाजार:** इन क्षेत्रों से आने वाले टेंपो बीसफुट्टा चौक पर रुकेंगे।

**पाटन:** पाटन से आने वाले टेंपो टीवी टावर के पास रुकेंगे।

**पांकी और लेस्लीगंज:** इन क्षेत्रों से आने वाले टेंपो पोखराहा नगर निगम बोर्ड के पास रुकेंगे।

पुलिस ने बताया कि इसका उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना और सड़कों पर सुरक्षित यात्रा व्यवस्था बनाए रखना है।

## सर्व शिक्षा अभियान के सीआरपी का निधन, शोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** बालिका मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दमयंती पाठक के 53 वर्षीय पति संतोष कुमार पाठक की मृत्यु रविवार के शाम हार्ट अटैक के कारण हो गई। वह मूल रूप से मेराल प्रखंड के बाना गांव के रहने वाले थे। संतोष कुमार पाठक सर्व शिक्षा अभियान में सीआरपी के पद पर कार्यरत थे। परिवार वालों के अनुसार रविवार को तबियत बिगड़ने के बाद गढ़वा के डॉक्टर पंकज प्रभात के पास इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जांच के बाद बीमारी की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टर प्रभात ने उन्हें तुरंत रांची ले जाने की सलाह दी। एंबुलेंस से रांची ले जाने के दौरान लातेहार के पास संतोष पाठक की हृदय गति रुक जाने उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन उन्हें वापस आवास गढ़वा लाया गया। सोमवार को दानरो नदी में अंतिम संस्कार किया गया। संतोष पाठक की असामयिक मौत से परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है। उनकी मृत्यु पर परिवार वालों के साथ राकेश तिवारी, अरुण चौबे, आलोक यादव, सीआरपी संघ के लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## पशुओं के लिए नहीं बन सका शेड, जाड़ा में परेशानी बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के पशुपालकों के बीच पशु का वितरण हुए 2 वर्ष से भी अधिक का समय बीत गया। आज तक उनके लिए एक शेड का निर्माण नहीं हो सका। नतीजन पशुपालकों को खुले आसमान के नीचे अपने पशुओं को बांधना मजबूरी हो गयी। प्रखंड क्षेत्र में पड़ रहे 4.50 डिग्री न्यूनतम तापमान की ठंड के बीच भी मवेशियों को खुले आसमान के नीचे बंधा देखा जा सकता है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत गव्य विकास विभाग गढ़वा द्वारा 2 वर्ष पूर्व प्रखंड के सभी पंचायतों में पशुपालकों के बीच दो या चार पशुओं का वितरण किया गया था।



उस दौरान गव्य विकास पदाधिकारी ने बीडीओ को उन्हें रहने के लिए शेड बनाने का निर्देश दिया था। अभी तक पशुओं के रहने के लिए शेड का निर्माण नहीं हो सका। पशुपालक बिंदा देवी, कौशल्या देवी, संजू देवी ,शाहजरा बीबी, फुला देवी ने बताया कि गव्य विकास विभाग ने सभी को 2 वर्ष पहले ही पशु दे दिया है, लेकिन आज तक उन्हें रहने के लिए शेड का निर्माण नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि पशु वितरण के दौरान उक्त पदाधिकारी के द्वारा हम लोगों को बताया गया था कि इन पशुओं को रहने के लिए शेड बनाने को लेकर बीडीओ को निर्देश दे दिया गया है। प्रखंड क्षेत्र के सोनेहारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अजय पासवान ने बताया कि पशुपालकों का शेड और डीपीआर धरातल पर नहीं उतर सका। डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने बताया कि खुले आसमान के नीचे रह रहे पशुओं को लेकर पहले जानकारी हासिल की जाएगी।उसके बाद उचित कदम उठाया जाएगा।

## पारिवारिक विवाद में दो ने फांसी लगा ली

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बटुआटोली में रविवार को अलग अलग घटना में दो ने फांसी लगाकरआत्महत्या कर ली। पहली घटना रविवार सुबह की है। नामिता कुमारी पिता स्वा. बीतन वृजिया ने आपसी विवाद में घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दूसरी घटना में रविवार रात को ही बटुआटोली में रूपशे बड़ाईक पिता स्वा, असुर बड़ाईक ने भी आपसी विवाद में घर में ही फांसी लगा ली। इस संबंध में नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि दोनों ही घटनास्थल में पूछताछ करने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने बताया कि आपसी विवाद को लेकर दोनों ने फांसी लगा ली।

## पेज एक के शेष

### जेएसएससी का घेराव...

छात्रों के नेता देवेंद्र नाथ महतो पर भी पुलिसकर्मियों ने लाठी बरसाई और उन्हें घसीटकर पुलिस की गाड़ी में बिठा लिया। उनके दो अन्य को भी हिरासत में ले लिया गया। इधर, प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि जेएसएससी कार्यालय के एक किलोमीटर के बाद हम सभी विरोध कर रहे हैं, वह भी पुलिस को नहीं पच रहा है। छात्रों का कहना है जिस तरह से प्रशासन झारखंड की युवाओं के साथ खेल रहा है, यह गलत है। झारखंड के युवा ही यहां की शक्ति हैं। वहीं, मौके पर वज्र वाहन और वाटर कैनन से लेकर 2500 जवान तैनात किए गए थे। बता दें कि प्रशासन ने नामकुम के सदाबहार चौक के 500 मीटर के दायरे में और जेएसएससी कार्यालय के भी 500 मीटर के दायरे में धारा 163 लागू कर दिया है। धारा 163 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक लागू है। ज्ञात हो कि रांची और हजारीबाग सहित राज्य के कई शहरों में छात्रों ने प्रदर्शन किए हैं। 10 दिसंबर को हजारीबाग में आंदोलित छात्रों ने करीब चार घंटे तक हाईवे जाम कर दिया था। उन्हें हटाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। आयोग ने छात्रों के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी गठित की थी, जिसने जांच के बाद दावा किया था कि परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। हालांकि, दो दिन पहले सीएम हेमंत सोरेन ने गड़बड़ी के आरोपों की जांच सीआईडी से कराने की घोषणा की थी।

### एआई आज दुनिया...

इससे देशभर में, खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में एनसीईआरटी प्रकाशनों की सस्ती और निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। मंत्री ने गूगल लर्निंग सेंटर का भी उद्घाटन किया, जो एआई सहित डिजिटल टूल्स पर शिक्षकों और शिक्षाविदों की क्षमता निर्माण की सुविधा प्रदान करेगा। यह अत्यधुनिक लैब 40 लोगों के लिए पर्याप्त कंप्यूटर और नेटवर्किंग सुविधाओं के साथ बनाई गई है। इसके साथ ही, पीएमईविद्या डीटीएच टीवी चैनलों के प्रसारण के लिए 200 यूट्यूब चैनल बनाए गए हैं। उन्होंने निष्ठा एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल, निष्ठा-ईटी, कौशल और एडु-लीडर भी जारी किए। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एनसीईआरटी और फ्लिपकार्ट के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने से एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता बढ़ेगी और उन्हें देश भर में शिक्षार्थियों के घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल और गूगल इंडिया द्वारा अनुभवात्मक शिक्षण केंद्र जैसी पहल शिक्षकों की क्षमताओं को मजबूत करेगी और शिक्षकों और छात्रों दोनों को सशक्त बनाएगी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एनसीईआरटी भारत का गौरव है और देश की शिक्षा प्रणाली की आधारशिला है। उन्होंने इसे केवल एक संस्थान नहीं बल्कि देश के लिए एक सामूहिक शैक्षणिक भंडार बताया।कार्यक्रम में एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने आगामी शैक्षणिक वर्ष से कक्षा 9 से 12 तक की पाठ्यपुस्तकों की कीमतों में 20 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि पाठ्यपुस्तकों की कीमत में उल्लेखनीय कमी की गई है। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षणिक वर्ष के लिए कक्षा 9 से 12 तक की सभी पाठ्यपुस्तकें एनसीईआरटी द्वारा मौजूदा कीमत से 20 प्रतिशत कम कीमत पर बेची जाएंगी। इस बीच, कक्षा 1 से 8 तक की पाठ्यपुस्तकें 65 रुपये प्रति मूल्य पर बिकती रहेंगी।

**प्रतियोगिता** | **जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2024**

# प्रतियोगिता में साहिल बना प्रखंड टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** डीपीएससीसी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2024 में मेराल प्रखंड के एसडी मेमोरियल एकेडमी के विद्यार्थी साहिल राजा,पिता मैनुद्दीन अंसारी ने 72 अंक प्राप्त कर मेराल ब्लॉक का टॉपर बना। बता दें कि जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रतिभा खोज प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जाती है, जिसमें कक्षा 3 से लेकर 10 वीं तक की परीक्षार्थी अलग-अलग ग्रुप में शामिल होते हैं। डीपीएससीसी द्वारा 2024 में 20वीं जिला स्तरीय टैलेंट सर्च परीक्षा इस वर्ष भी आयोजित की गई थी, जिसमें जिला मुख्यालय के अलावा विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा में मेराल प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हुए थे,जिसमें एसडी मेमोरियल एकेडमी के वर्ग चार का विद्यार्थी साहिल राजा ने 72 अंक लाकर प्रखंड का टॉपर बना। डीपीएससीसी द्वारा प्राप्त मेडल,प्रशस्ति पत्र तथा नकद राशि ब्लॉक टॉपर के लिए उपलब्ध कराया गया था। सोमवार को विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र एवं शिक्षकों ने टॉपर विद्यार्थी साहिल को मेडल प्रशस्ति पत्र तथा नगद राशि देकर पुरस्कृत करते हुए उसके साथ अन्य विद्यार्थियों का भी हौसला अफजाई किया। निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के कम संसाधन संपन्न अभिभावकों के बच्चों को भी संस्कार युक्त,आधुनिक तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया करना विद्यालय का संकल्प है ताकि उनका सर्वांगीण विकास के साथ बेहतर भविष्य बन सके।इस अवसर पर प्राचार्य अरुण कुमार शिक्षक अमरेंद्र कुमार मिश्र जयप्रकाश पांडे मृत्युंजय पांडे रामजीत शाह, गौतम कुमार नसरीन एवं विद्यालय के विद्यार्थी मौजूद थे।

## सीसीएल राजहरा क्षेत्र ने सीएसआर मद से 50 केवीए जनरेटर और व्हीलचेयर का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज 16 दिसंबर 2024, सोमवार को सीसीएल राजहरा क्षेत्र द्वारा सीएसआर मद के तहत 50 केवीए (डी.जी. सेट) जनरेटर का उद्घाटन महाप्रबंधक श्री मनीष कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीसीएल राजहरा क्षेत्र द्वारा रेड क्रॉस पलामू को एक व्हीलचेयर भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में सीसीएल राजहरा क्षेत्र के डॉक्टर सच्चिदानंद (मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी), श्री एडाम (मुख्य प्रबंधक, खनन), एम.पी. गुप्ता (मुख्य प्रबंधक, विद्युत), सौरभ भारद्वाज (सहायक प्रबंधक) और डॉक्टर अनिल उपस्थित रहे। वहीं, रेड क्रॉस पलामू के सदस्य डॉक्टर अनिल सिंह (उपाध्यक्ष), डॉक्टर सत्यजीत गुप्ता (सचिव), सुधीर सिंह (कोषाध्यक्ष), सुधीर अग्रवाल (संयोजक), अलोक वर्मा, कृष्णा प्रसाद अग्रवाल, और अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## भारतीय सशस्त्र बलों ने मनाया 1971 के युद्ध में पाकिस्तान से जीत का प्रतीक 'विजय दिवस'

# सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को सलाम : राजनाथ

1971 के भारत-पाक युद्ध की 53वीं वर्षगांठ पर भारत बांग्लादेश ने विजय दिवस मनाया

राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को दी गई श्रद्धांजलि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र बल सोमवार को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की निर्णायक जीत का प्रतीक 'विजय दिवस' मना रहे हैं। मुख्य समारोह सेना की पूर्वी कमान ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में मनाया। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुखों ने 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को सलाम किया। विजय दिवस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर हमारे वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी तथा पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज विजय दिवस के विशेष अवसर पर राष्ट्र भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को सलाम करता है। उनके अटूट साहस और देशभक्ति ने सुनिश्चित किया कि हमारा देश सुरक्षित रहे। भारत उनके बलिदान और सेवा को कभी नहीं भूलेगा। यह एक ऐसी जीत थी, जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया आकार देने के साथ ही नए राष्ट्र बांग्लादेश को जन्म दिया। केवल 13 दिनों में भारतीय सशस्त्र बलों ने रणनीतिक प्रतिभा और असाधारण बहादुरी से 93 हजार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को पूरी तरह से परास्त करके अब तक का सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण कराया। यह तिथि भारत की अपने मित्रों देशों के प्रति प्रतिबद्धता और अपने दुश्मनों के लिए एक दृढ़ चेतावनी के रूप में कार्य करती है।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। सीडीएस ने राष्ट्र के प्रति समर्पण, संकल्प और स्थायी प्रतिबद्धता के लिए सभी सेवारत कर्मियों, दिग्गजों और वीर नारियों को भी अपनी बधाई दी। इसके अलावा, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। वाइस नौसेना प्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कहा कि इस विजय दिवस पर हम 1971 के युद्ध में बांग्लादेश को आजाद कराने और निर्णायक जीत हासिल करने के लिए उनके असाधारण साहस और रणनीतिक प्रतिभा के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम करते हैं।



### प्रधानमंत्री मोदी ने रणबांकुरों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को विजय दिवस पर 1971 की ऐतिहासिक जीत में अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री शाह और भाजपा ने एक्स हैंडल पर मां भारती के सपूतों को कोटि-कोटि नमन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, आज विजय दिवस पर हम उन बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं।

### भारत और बांग्लादेश ने मनाया विजय दिवस

**कोलकाता।** भारत और बांग्लादेश ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की 53वीं वर्षगांठ पर विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर दोनों देशों के युद्धवीरों और सैन्य अधिकारियों ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में स्थित पूर्वी कमान मुख्यालय में 1971 के युद्ध के बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी धर्मों के गुरुओं ने प्रार्थना की और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय सेना के अनुसार, भारत से आठ युद्धवीर और दो सैन्य अधिकारी बांग्लादेश के विजय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए ढाका पहुंचे, जबकि बांग्लादेश के आठ मुक्ति योद्धा और दो सैन्य अधिकारी ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अमीनुर रहमान के नेतृत्व में कोलकाता में आयोजित विजय दिवस समारोह में भाग लेने भारत आए।

## मोदी ने कहा, हमारे सुरक्षा हित आपस में जुड़े हुए हैं

# अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देंगे : दिसानायके

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ बातचीत की। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। दिसानायके ने अभूतपूर्व आर्थिक संकट के दौरान भारत के 'अत्यधिक समर्थन' के लिए आभार जताया और कहा कि श्रीलंकाई जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हम इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि हमारे सुरक्षा हित आपस में जुड़े हुए हैं। हमने रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने का फैसला किया है।

श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने बातचीत के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा, मैंने भारत के प्रधानमंत्री को यह आश्वासन दिया है कि हम अपनी जमीन को किसी भी तरह से भारत के हितों खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने देंगे। भारत के साथ सहयोग निश्चित रूप से बढ़ेगा और मैं भारत के लिए अपने निरंतर समर्थन का आश्वासन देना चाहता हूं। पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा पर रविवार शाम को भारत पहुंचे दिसानायके ने समर्थन और गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया उनकी यात्रा ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग और विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में पीएम मोदी ने श्रीलंका के विकास में भारत के मजबूत समर्थन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत ने अब तक श्रीलंका को पांच बिलियन डॉलर की ऋण सहायता और अनुदान सहायता प्रदान की है। श्रीलंका के सभी 25 जिलों में हमारा सहयोग है और हमारी परियोजनाओं का चयन हमेशा साझेदार देशों की विकास प्राथमिकताओं के आधार पर होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अगले वर्ष से जाफना और पूर्वी प्रांत के विश्वविद्यालयों में 200 छात्रों को मासिक छात्रवृत्ति दी जाएगी। अगले पांच वर्षों में श्रीलंका के 1500 सिविल सेवकों को भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा।



- भारत के पीएम और श्रीलंका के राष्ट्रपति ने जारी किया संयुक्त वक्तव्य

अगले पांच वर्षों में श्रीलंका के 1500 सिविल सेवकों को भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा

- रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा

# दिल्ली में प्रदूषण से बढ़ती जा रही फेफड़े, हृदय, आंख की बीमारी

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी है दिल्ली। यहां देश चलाने वाले सर्वोच्च सत्ताधारी नेता व नौकरशाह रहते हैं। लेकिन, प्रदूषण व गंदी हवा की हालत यह है कि दिल्ली व उससे जुड़े शहर, जिसे एनसीआर कहते हैं, सांस लेने लायक नहीं रह गए हैं। अस्पतालों में दमा के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। लोग सांस लेने में तकलीफ होने की शिकायत लेकर डॉक्टर के पास जा रहे हैं। कई लोग ब्लड प्रेशर बढ़ने व कई लोग आंखों में जलन आदि के कारण डाक्टर के यहां जाने को मजबूर हो रहे हैं। लोगों को प्रदूषित हवा में सांस लेने में परेशानी होने लगी है। चिकित्सकों के अनुसार सांस लेने लायक हवा नहीं होने पर व्यक्ति जब सांस लेता है, तो उसमें ऐसे-ऐसे जहरीले पदार्थों के कण होते हैं, जिससे कैंसर, दमा, हृदय रोग, किडनी रोग, आंख रोग, मस्तिष्क रोग, तंत्रिका रोग सहित बहुत सारे रोग हेने लगते हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार यहां की हवा बेहद खराब श्रेणी में है। यह हालत आगामी छह दिनों तक रह सकती है।

रविवार को लोगों ने खराब हवा में सांस ली। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 294 दर्ज किया। रविवार को हवाएं उत्तर-पूर्व दिशा से छह किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलीं। शाम को हवा की गति चार किलोमीटर प्रतिघंटे हो गई। ऐसे में प्रदूषक संघन हो गए। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार आनंद विहार व वजीरपुर सहित 20 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। जबकि, नरेला, आया नगर, डीटीयू समेत 10 इलाकों में खराब श्रेणी में हवा रही। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक वेंटिलेशन इंडेक्स एक हजार वर्ग मीटर रही।

यह औसत से कम है। वहीं, अगले 24 घंटे में यह 500 वर्ग मीटर दर्ज की जा सकती है। इसके अलावा मिक्सिंग डेप्थ 700 मीटर रही। आईआईटीएम के मुताबिक, सोमवार को हवा उत्तर-पूर्व दिशाओं से चली। इसकी गति 04 किमी प्रति घंटा रही। मंगलवार को हवाएं दक्षिण-पूर्व दिशा से 04 किमी प्रति घंटे की गति से चलेंगी। बुधवार को दक्षिण-पूर्व से पूर्व दिशाओं से हवा आने की संभावना है, जिसकी गति 06 किमी प्रति घंटा होगी। सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में फरीदाबाद का एक्यूआई सबसे कम रहा। यहां एक्यूआई 143 रहा, जोकि मध्यम श्रेणी में है। साथ ही, ग्रेटर नोएडा में 262, गुरुग्राम में 239, नोएडा में 213 और गाजियाबाद में 224 एक्यूआई रहा।

*जब देश की राजधानी की यह हालत, तो अन्य शहरों का हाल क्या होगा*



## संतान कोई संपत्ति नहीं बालिग बेटी की शादी को स्वीकार करें : सुप्रीम कोर्ट



ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना व जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने विवाह के समय एक लड़की के नाबालिग रहने के आधार पर उसके 'पार्टनर' के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई के लिए दायर याचिका खारिज कर दी। पीठ ने कहा कि 'संतान कोई संपत्ति नहीं है।' याचिका युवती के माता-पिता ने दायर की थी।

पीठ ने कहा कि विवाह के समय लड़की नाबालिग नहीं थी और व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई, क्योंकि उसके (लड़की के) माता-पिता को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। पीठ ने कहा कि आपको कैद करने का अधिकार नहीं है। आप अपने बालिग बच्चे के रिश्ते को स्वीकार नहीं करते हैं। आप अपनी संतान को एक संपत्ति मानते हैं। संतान कोई संपत्ति नहीं है। पीठ ने महिला के माता-पिता द्वारा कोर्ट में जमा किए गए जन्म प्रमाण पत्र में विसंगतियों का हवाला दिया और कहा कि वह मामले को आगे नहीं बढ़ा रहा है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने 16 अगस्त को, नाबालिग के कथित अपहरण और यौन उत्पीड़न मामले में महीदपुर निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी रद्द कर दी थी। नाबालिग के पिता ने अपहरण और अन्य अपराधों से संबंधित प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि उनकी 16 वर्षीय बेटी लापता है। यह आरोप लगाया गया था कि एक व्यक्ति ने उनकी बेटी को बहला-फुसला कर उसका अपहरण कर लिया। हाई कोर्ट ने इस तथ्य पर गौर करते हुए प्राथमिकी रद्द कर दी कि लड़की बालिग थी और उसकी सहमति से यह शादी हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने हाई कोर्ट के फैसले को निरस्त करने से इनकार कर दिया।

## अब सीरिया में जड़ें जमाने की कोशिश में आईएसआईएस

### हमला कर 88 लोगों की जान ली, कई घायल, कई लापता

एजेंसी

**दमिश्क।** सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद शासन के पतन के बाद आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) जड़े जमाने की कोशिश कर रहा है। इस्लामिक स्टेट ने पूर्वोत्तर सीरिया में गतिविधियां तेज कर दी है। आतंकी समूह के हमले में कम से कम 88 लोग मारे गए हैं। अरबी न्यूज बेवसाइट '+963' के अनुसार, सैन्य सूत्रों ने रविवार को कहा कि मौजूदा स्थिति का फायदा उठाते हुए आईएसआईएस ने पूर्वोत्तर सीरिया के इलाकों में अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। आतंकी संगठन ने पिछले दिनों इस क्षेत्र में कई हमले किए। इन हमलों केवल 24 घंटों में 88 लोग मारे गए और अन्य घायल हो गए। बहुत से लोग लापता हैं। साथ ही, आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट अब अपने लड़ाकों को फिर सक्रिय कर रहा है। वह अराजकता और विभिन्न दलों के बीच चल रहे संघर्षों का फायदा उठाने की रणनीति पर काम कर रहा है। आईएसआईएस ने अपने कुछ महत्वपूर्ण सामरिक ठिकानों का पुनर्निर्माण किया है।




'+963' की खबर के अनुसार सीरिया के भविष्य को लेकर जॉर्डन के अकाबा में अरब मंत्रिस्तरीय शिखर सम्मेलन में इस विषय (कुछ आतंकी समूहों की बढ़ती गतिविधियों) पर चर्चा की गई। आधिकारिक बयानों में सीरिया की एकता को बरकरार रखने वाले एक आधुनिक लोकतांत्रिक राज्य के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक में अमीरात, बहरीन और कतर के मंत्रियों और अरब राज्यों के लीग के महासचिव के अलावा जॉर्डन, सऊदी अरब, इराक, लेबनान और मिस्त्र के विदेशमंत्रियों ने हिस्सा लिया। इस बीच विद्रोहियों के नेता और सीरिया में संयुक्त संचालन कमान के कमांडर अहमद अल-शरा उर्फ अबू मोहम्मद अल-जुलानी ने कहा कि कुर्द मातृभूमि का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। उन्होंने एक पत्रकार के सवाल के जवाब में एक वीडियो क्लिप में कहा, बशर अल-असद के शासन को उखाड़ फेंकने के बाद सभी सीरियाई लोग कानून के दायरे में रहेंगे। विस्थापितों को वापस लाया जाएगा। अब कुर्दों के लिए सीरिया के निर्माण में भागीदार बनने का समय आ गया है।

## बांग्लादेश में यूनुस ने किया राष्ट्रीय आम सहमति आयोग के गठन का ऐलान

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रो मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को राष्ट्रीय आम सहमति आयोग के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस आयोग में मौजूदा सुधार आयोगों के प्रमुख शामिल होंगे। साथ ही, अगला आम चुनाव 2025 के अंत या 2026 की पहली छमाही में कराना संभव हो सकता है। बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने विजय दिवस के अवसर पर दिन में 10:00 बजे राष्ट्र के नाम संबोधन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार ने छह सुधार आयोगों का गठन किया है। उम्मीद है यह आयोग जल्द ही अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपेंगे। यूनुस ने कहा कि अब देश छह आयोगों के अध्यक्षों के साथ एक राष्ट्रीय आम सहमति आयोग बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों से परामर्श के बाद सिफारिशें तैयार करेगा। नए आयोग का पहला काम आम चुनाव के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णयों पर शीघ्रता से आम सहमति स्थापित करना होगा।



## इंफोसिस के सह-संस्थापक ने फिर दोहराई 70 घंटे काम की बात

# युवा कड़ी मेहनत करें, देश को नंबर एक बनाएं : नारायण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने एक बार फिर सप्ताह में 70 घंटे काम करने की बात दोहराते हुए युवाओं से देश के विकास के लिए कड़ी मेहनत करने की अपील की है। मूर्ति ने सबसे पहले वर्ष 2023 में देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए 70 घंटे काम करने के विचार का सुझाव दिया था। हालांकि, कई लोगों और कुछ डॉक्टरों ने उनकी आलोचना की, लेकिन ओला के सीईओ भाविश अग्रवाल सहित कई लोगों ने इसकी सराहना भी की थी। मूर्ति ने हाल ही में कोलकाता में एक कार्यक्रम में कहा कि युवा पीढ़ी को यह एहसास होना चाहिए कि उन्हें 'कड़ी मेहनत करनी है और देश को नंबर एक बनाने की दिशा में काम करना है।' उन्होंने भारतीयों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

नारायण मूर्ति ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के शताब्दी समारोह में आरपीएसजी ग्रुप के चेयरमैन संजीव गोयनका के साथ बातचीत में कहा, इंफोसिस में, मैंने कहा था कि हम सर्वश्रेष्ठ बनेंगे और अपनी तुलना सर्वश्रेष्ठ वैश्विक कंपनियों से करेंगे। एक बार जब हम अपनी तुलना सर्वश्रेष्ठ वैश्विक कंपनियों से करेंगे, तो मैं आपको बता सकता हूं कि हम भारतीयों के पास करने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपनी आकांक्षाएं बड़ी रखनी होंगी, क्योंकि 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन मिलता है। इसका मतलब है कि 80 करोड़ भारतीय गरीबी में हैं। अगर हम कड़ी मेहनत करने की स्थिति में नहीं हैं, तो कौन कड़ी मेहनत करेगा? मूर्ति ने कहा कि उन्होंने 'यह महसूस किया कि एक देश गरीबी से केवल तभी लड़ सकता है, जब वह ऐसे रोजगार सृजित करे, जो खर्च करने लायक आय दें। उद्यमिता में सरकार की कोई भूमिका नहीं है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि उद्यमी धन और रोजगार का सृजन कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा, उद्यमी राष्ट्र का निर्माण करते हैं, क्योंकि वे रोजगार के अवसर पैदा करते हैं, वे अपने निवेशकों के लिए धन सृजन करते हैं और वे करों का भुगतान करते हैं। इसलिए, यदि कोई देश पूंजीवाद को अपनाता है, तो वह अच्छी सड़कें, ट्रेनें और अच्छा बुनियादी ढांचा तैयार करेगा।

नारायण मूर्ति की यह टिप्पणी युवा भारतीयों द्वारा कार्यस्थल पर झेले जाने वाले तनाव की चिंताओं के बीच आई है, जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों की जान चली जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी लंबे समय तक काम करने के गंभीर परिणामों की चेतावनी दी है, जो न केवल कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक संबंधों पर भी गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं।



**बोले मूर्ति**

- हमें अपनी आकांक्षाएं बड़ी रखनी होंगी
- हम मेहनत नहीं करेंगे तो कौन करेगा